जबलपुर
शुक्रवार, 4 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-8
वर्ष : 20, अंक : 65
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 23

## 12 वीं की परीक्षा में 75% या ज्यादा अंक पाने वाले छात्रों की पौ-बारह

# सीएम डॉ. यादव आज छात्रों को लैपटॉप के लिए अंतरित करेंगे राशि



*प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत अंतरित होंगे*

**235 करोड़**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार 4 जुलाई को प्रातः 11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की इस योजना के तहत मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपए की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिए उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपए की राशि दी जा रही है।

### 15 साल में बांटे एक हजार 80 करोड़

पिछले 15 वर्षों में इस योजना में 4 लाख 32 हजार 16 विद्यार्थियों के बैंक खातों में एक हजार 80 करोड़ 4 लाख रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप के लिए अंतरित की जा चुकी है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप राशि अंतरण के भोपाल में होने वाले राज्यस्तरीय आयोजन का जिला मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम में सीधे प्रसारण करवाने की व्यवस्था भी की गई है। जिला मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम में मंत्रिगण, जिला पंचायत अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।






# मंडला के बिछिया और शिवपुरी में बाढ़ जैसे हालात

# सिंध नदी उफान पर, अटल सागर डैम के दो गेट खुले

मंडला, शिवपुरी सहित कई जिलों में नदियां उफान पर, शिवपुरी के गांवों में भरा पानी, रास्ते बंद

भोपाल सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में आज से बढ़ेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के कई जिलों में सुबह से मौसम खुला रहा, लेकिन दोपहर बाद तेज से मध्यम बारिश हुई। कई जिलों में बाढ़ और नदियां उफान पर रहीं, जबकि मंडला, शिवपुरी में गांवों में पानी भरने से होमगार्ड की तैनाती की गई।

**डिंडोरी, कटनी, सिवनी मंडला, बालाघाट जिलों में अति भारी बारिश**



मंडला में पुल-पुलिया डूब गए





### रीवा में आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

रीवा जिले के पनवार थाना क्षेत्र के मनकाडाढ़ गांव में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों युवक पेड़ के नीचे बैठकर मोबाइल चला रहे थे, तभी उनके साथ हादसा हो गया।

### आज यहां भारी बारिश का अलर्ट


शुक्रवार को डिंडोरी, कटनी, सिवनी, मंडला, बालाघाट जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट है। रायसेन, सीहोर, गुना, शिवपुरी, श्योपुरकलां जिले के साथ ही सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, जबलपुर, नरिसंहपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, मैहर, पांढुर्णा आदि जिलों में भारी बारिश के लिए यलो अलर्ट है। भोपाल में मध्यम बारिश होगी।

### घाना की संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत और घाना के संबंध काफी मजबूत

# हमारा लोकतंत्र सिस्टम...नहीं 'संस्कार'

दुनिया इस वक्त कई समस्याओं से जूझ रही है, जिसमें आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन इस समय बड़ी समस्याएं हैं। वहीं भारत का लोकतंत्र आशा की किरण बना हुआ

**घाना में दो सांसद भारतीय परिधान में नजर आए**



**पीएम ने कहा** कि भारत में 2500 राजनीतिक दल हैं। 20 अलग अलग पार्टियां अलग-अलग राज्यों में सरकार चला रही हैं। यही वजह है कि भारत में आने वाले लोगों का भारत में भव्य स्वागत होता है

*घाना में भारत के लोग उसी तरह घुले-मिले हैं जैसे चाय में शक्कर मिली होती है*

*मोदी ने घाना के जनप्रतिनिधियों को भारत की संसद देखने के लिए आमंत्रित किया*



एजेंसी ▶▶अकारा (घाना)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। पीएम मोदी ने गुरुवार को घाना की संसद को संबोधित किया। गौर हो कि तीन दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने घाना का दौरा किया है। संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सर्वोच्च सम्मान देने के लिए आभार जताया।

घाना की संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत और घाना के संबंध काफी मजबूत हैं। भारत-घाना समावेशी विकास की ओर बढ़ रहे हैं। हमारे लिए लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार हैं। घाना में पिछले कुछ वर्षों से काफी तेजी से विकास हुआ है। इस वक्त भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है।

### यह भूमि लोकतंत्र की भावना से ओतप्रोत

पीएम मोदी ने कहा कि इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना से ओतप्रोत है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में मैं अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूं। घाना से मिले सर्वोच्च सम्मान के लिए मैं 140 करोड़ भारतीयों की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी धरती के नीचे छिपी हुई चीजों के लिए बल्कि आपके दिल में मौजूद गर्मजोशी और ताकत के लिए भी।

### घाना साहस के साथ खड़ा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में 2500 राजनीतिक दल हैं। 20 अलग-अलग पार्टियां अलग-अलग राज्यों में सरकार चला रही हैं। यही वजह है कि भारत में आने वाले लोगों को भारत में भव्य स्वागत होता है। घाना में भारत के लोग उसी तरह घुले-मिले हैं जैसे चाय में शक्कर मिली होती है। पीएम ने कहा, जब हम घाना को देखते हैं तो हम एक ऐसे राष्ट्र को देखते हैं जो साहस के साथ खड़ा है।

## पीएम को मिले अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों की संख्या अब 2 दर्जन से अधिक

# पीएम को मिला सर्वोच्च सम्मान, 'ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना'

एजेंसी ▶▶अकरा (घाना)

**सवा सौ करोड़ देशवासियों को समर्पित**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने अपने देश के सर्वोच्चे पुरस्कार 'ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री को मिलने वाले अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों की संख्या 2 दर्जन से अधिक हो चुकी है। इस बड़े सम्मान से नवाजे जाने के बाद पीएम मोदी ने घाना का आभार व्यक्त करते हुए इसे देश के सवा सौ करोड़ वासियों को समर्पित किया है। घाना का सर्वोच्च सम्मान हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया- मैं घाना की जनता और सरकार का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे 'ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' के अधिकारी की उपाधि से सम्मानित किया।

## पुणे में डिलीवरी एजेंट बनकर की दरिंदगी

# फ्लैट में महिला को अकेले पाकर की घिनौनी वारदात, आरोपी फरार

एजेंसी ▶▶पुणे



महाराष्ट्र के पुणे में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुणे के जोन-5 के डीसीपी राजकुमार शिंदे ने बताया कि आरोपी अज्ञात व्यक्ति खुद को कूरियर डिलीवरी एग्जीक्यूटिव बताकर महिला के फ्लैट में घुसा था, जहां उसने इस जघन्य कृत्य को अंजाम दिया। डीसीपी राजकुमार शिंदे ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे महाराष्ट्र के पुणे शहर के कोंढवा इलाके में एक हाउसिंग सोसाइटी में हुई। महिला उस समय अपने फ्लैट में अकेली थी। उसका भाई किसी काम से बाहर गया था। तभी एक व्यक्ति कथित तौर पर बैंक का लिफाफा लेकर एक डिलीवरी बॉय उसके फ्लैट पर पहुंचा। जब वह कूरियर के लिए पिन लेने अपने घर के अंदर गई, तो उसने दरवाजा बंद कर दिया और महिला को अकेला पा उसके साथ दुष्कर्म किया। फोरेंसिक विशेषज्ञों को मौके पर जांच के लिए बुलाया गया था। जोन 5 पुणे सिटी डीसीपी राजकुमार शिंदे ने बताया कि पुणे सिटी के कोंढवा पीएस के अधिकार क्षेत्र में हुई इस घटना के संदर्भ में बीएनएस की धारा 64, 77 और 351 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि यह भी बताया जा रहा है कि आरोपी अज्ञात व्यक्ति ने दुष्कर्म करने से पहले महिला पर स्प्रे का इस्तेमाल किया था, लेकिन इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### एक महीने और बढ़ी आसाराम की बेल



**अहमदाबाद।** 2013 रेप मामले में आसारम की अस्थाई बेल को 1 महीने के लिए और बढ़ा दिया गया है। उन्हें गुजरात हाई कोर्ट ने मेडिकल आधार पर यह राहत दी है। कोर्ट ने आदेश में यह भी जोड़ा की यह अंतिम एक्सटेंशन है। न्यायमूर्ति इलेश वोरा और न्यायमूर्ति पीएम रावल की खंडपीठ ने आसाराम की अस्थायी जमानत को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। आसाराम के वकील ने जमानत को तीन और महीनों के लिए बढ़ाने की मांग की थी।

## बागेश्वर धाम में बड़ा हादसा


# पंडाल का हिस्सा गिरने से एक श्रद्धालु की मौत, आठ घायल

बारिश और आंधी के चलते ये हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶छतरपुर

छतरपुर बागेश्वर धाम में गुरुवार सुबह पंडाल का एक हिस्सा गिरने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल बताए गए हैं।

घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि बारिश और आंधी के चलते ये हादसा हुआ। हादसा सुबह 7 बजे आरती के बाद हुआ। लोहे का एंगल गिरने की वजह से श्रद्धालु के सिर पर चोट लगी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



### पंडाल गिरने से भगदड़

आरती के दौरान बारिश हो रही थी। इसी समय भारी भीड़ जमा हो गई। बारिश से बचने के लिए लोग शेड के नीचे पहुंचे थे। मृतक का नाम श्यामलाल कौशल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिवार के 8 लोग घायल हुए हैं। घायलों में पत्नी सौम्या, बच्ची पारुल, बच्ची उन्नति, पड़ोसी आर्यन, कमला हैं। इनको अस्पताल में भर्ती किया गया है। लोगों को दर्शन के लिए जाना था पानी गिरने लगा तो भागकर पंडाल के नीचे खड़े हो गए और जब पानी बंद हो गया तभी अचानक पंडाल गिर गया था।

### महाराष्ट्र में भाषा के नाम पर तेजी से बढ़ी हिंसा, मराठी नहीं बोलने पर हो रही है जमकर पिटाई

# मनसे के कार्यकर्ताओं ने दुकानदार से कहा- मराठी आती है, वह बोला-सिखा दो, तो कर दी 'थप्पड़ों की बरसात'

इस घटना के विरोध में भयंदर का बाजार बंद रहा | मनसे कार्यकर्ताओं ने कहा कि सबक सिखाते रहेंगे

एजेंसी ▶▶मुंबई

महाराष्ट्र में इन दिनों एक खतरनाक ट्रेंड देखने को मिल रहा है। अगर मराठी नहीं आती, तो पिटाई पक्की है। राज्य के कई हिस्सों से ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जहां सिर्फ इसलिए लोगों को मारा-पीटा जा रहा है क्योंकि उन्हें मराठी बोलनी नहीं आती। मनसे के कार्यकर्ताओं ने मीरा रोड भयंदर में एक गुजराती दुकानदार ने उनसे पूछा था कि मराठी बोलना जरूरी क्यों है? इसके जवाब में कार्यकर्ता उससे कहते हैं कि ये महाराष्ट्र है, इसलिए यहां मराठी बोलना ही होगा। इस पर दुकानदार ने कहा कि सिखा दो। इतना सुनना था कि मनसे के कार्यकर्ताओं ने दुकानदार पर थप्पड़ों की बरसात कर दी। इस मामले में 7 लोगों को नामजद किया गया है।



दो घटनाएं वायरल




## खबर संक्षेप

### टीकों पर सिद्धारमैया की टिप्पणी गलतः शॉ

**बेंगलुरु।** बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ ने गुरुवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया



की उस टिप्पणी का विरोध किया जिसमें उन्होंने कहा था कि कोविड-19 रोधी टीके राज्य के हासन जिले में दिल के दौरे से हुई मौतों का कारण हो सकते हैं। शॉ ने कहा कि इस तरह की बातें 'तथ्यात्मक रूप से गलत' हैं। इस तरह के बयान अनुचित हैं।

### जैकलीन को झटका प्राथमिकी रद्द नहीं होगी

**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने



मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया है। सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में फर्नांडीज भी आरोपी हैं। वह ईडी के समक्ष पेश हो चुकी हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने जैकलीन फर्नांडीज की याचिका को खारिज कर दिया।

### एम्स ट्रॉमा सेंटर के पास ट्रांसफार्मर में लगी आग

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर के निकट एक




ट्रांसफार्मर में बगुरुवार दोपहर आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग लगने की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारी ने कहा कि अपराह्न 3:34 बजे सेंटर में आग लगने की सूचना मिली।

---

### मानेसर में शहरी निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन सत्र का बिरला ने किया उद्घाटन

# संवाद और आदर्श प्रथाओं से शहरी निकायों को उत्तरदायी और पारदर्शी बनाना चाहिए



स्पीकर बिरला ने गुरुवार को कहा कि शहरी निकाय लोकतंत्र की बुनियाद हैं और जनता से सीधे जुड़े होते हैं। उन्हें संवाद और आदर्श प्रथाओं के जरिए अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए।

**2 दिनी सम्मेलन में महिला सशक्तीकरण, विकसित भारत 2047 में योगदान पर होगी चर्चा**

एजेंसी ▶▶ मानेसर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि शहरी निकाय लोकतंत्र की बुनियाद हैं और जनता से सीधे जुड़े होते हैं। उन्हें संवाद और आदर्श प्रथाओं के जरिए अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। सदन नियमित चले, मुद्दों पर चर्चा हो, जवाबदेही सुनिश्चित हो, यही लोकतंत्र की सच्ची परंपरा है, जिसे हमें विकसित करना होगा। बिरला गुरुग्राम के मानेसर में शहरी निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती और जवाबदेह शासन के लिए शहरी स्थानीय निकायों को संवाद और आदर्श आचरण के जरिए सशक्त बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निकाय प्रतिनिधि जनता से सीधा संवाद करते हैं और समस्या व संकट की सबसे पहली जानकारी इन्हें मिलती है। ऐसे में संवाद से इनका समाधान निकल सकता है। इसी सोच से संसद की संरक्षक की भूमिका को समझते हुए श्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने की यह पहल की गई है।

#### लोकतांत्रिक संस्थाओं को उच्चता देना सभी की जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को उच्च स्तर पर ले जाना सभी की जिम्मेदारी है। एक उत्तरदायी और पारदर्शी निकाय प्रणाली विकसित होनी चाहिए। सदन में प्रश्नोत्तर हों, मुद्दों पर चर्चा हो, बैठकें नियमित चलें, यह परंपरा विकसित की जानी चाहिए। बुद्धिजीवी वर्ग, पर्यावरणविद भी नीतिगत प्रक्रिया में शामिल हों।



**पहली बार किया गया ऐसा सम्मेलन**

लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने बताया कि इस आयोजन की प्रेरणा बिरला से मिली। संसद को अन्य निकायों का संरक्षक बनना चाहिए। यह पहली बार है जब ऐसा सम्मेलन हुआ।

#### निकायों में समितियां बनें, संसद की तरह कार्य करें

उन्होंने कहा कि निकायों में समितियां बनें और संसद की तरह कार्य करें। उन्होंने उल्लेख किया कि 18वीं लोकसभा में सकारात्मक परिवर्तन आया है और सभी दलों ने सदन को चलाने की दिशा में सहयोग दिखाया है। अब रुकावट डालने वाले स्वयं समाज के प्रति उत्तरदायी होंगे। हमें यह सोचकर भी कार्य करना चाहिए कि भविष्य में राजनीतिक नेतृत्व शहरी निकायों से ही निकलेगा।

**मानसून सत्र से पहले बिरला ने कहा**

#### व्यवधान पैदा नहीं करें सियासी पार्टियां

स्पीकर बिरला ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले गुरुवार को कहा कि राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान नहीं डालना चाहिए और जो पार्टियां गतिरोध पैदा करने का प्रयास करेंगी, उन्हें जनता जवाब देगी। उन्होंने यह भी कहा कि 18वीं लोकसभा में व्यवधान पहले के मुकाबले कम हुआ है और यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि राजनीतिक दलों ने विचार किया कि सदन चलना चाहिए। स्थानीय निकायों के सदनों को सुचारू रूप से चलाने की आदर्श पद्धति स्थापित होनी चाहिए तथा वहां भी प्रश्नकाल तथा शून्यकाल जैसे सत्र की व्यवस्था होनी चाहिए।

**सीएम सैनी ने कहा**

#### शहरी निकाय मजबूत होंगे तो राष्ट्र मजबूत बनेगा



सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी निकायों की जड़ें जितनी मजबूत होंगी, राष्ट्र उतना ही मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम निकाय एक विकास मॉडल है जिसे वर्ष 2050 तक 75 लाख की आबादी के लिए तैयार किया जा रहा है। निकायों को पारदर्शी और आधुनिक बनाना जरूरी है। स्मार्ट सिटी, स्वच्छता और पर्यावरण को प्राथमिकता दी जा रही है और प्रधानमंत्री का विजन है कि शहर स्लम मुक्त हों।

**हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष बोले**

#### सम्मेलन के होंगे दूरगामी परिणाम

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य यह समझाना है कि शहरी निकाय राष्ट्र निर्माण में कैसे भूमिका निभा सकते हैं। यह अवसर है कि निकाय अपनी जिम्मेदारी को समझें और जनता की जरूरत के अनुसार काम करें। इस सम्मेलन के दूरगामी परिणाम होंगे और हरियाणा में इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

---

### कर्नाटक में घमासान, फिर भी 'शान'

## 'सिद्धारमैया' ने एएसपी को थप्पड़ मारने की कोशिश की

**अफसर हो गया नाराज मांगा रिटायरमेंट**



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में इन दिनों सियासी भूचाल है। मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर घमासान मचा है। इस बीच, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की एक पुरानी घटना को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मंच पर उन्हें एक पुलिस अफसर को थप्पड़ मारने के लिए हाथ उठाते हुए देखा गया था। अब उसी पुलिस अधिकारी ने सरकार से रिटायरमेंट की मांग की है। इस घटना के बाद एएसपी नारायण बरमणि आहत हुए। उन्होंने खुद को अपमानित महसूस किया और फैसला लिया कि अब वो पुलिस की नौकरी नहीं करना चाहते। नारायण बरमणि पिछले 31 सालों से पुलिस विभाग में सेवा दे रहे हैं और अभी रिटायरमेंट में 4 साल बाकी है, लेकिन उन्होंने सरकार को पत्र भेज दिया और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) की मांग की।

**सरकार मनाने में जुटी**

एएसपी नारायण बरमणि के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) की मांग ने अब सियासी और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी ) नारायण बरमणि के वीआरएस के फैसले के बाद कर्नाटक सरकार ने उन्हें मनाने की कवायद शुरू कर दी है। सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निर्देश पर गृह मंत्री जी. परमेश्वर और संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने नारायण बारमणि से बात की है। उन्हें उनके गृह जिले बेलगावी में डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) की पोस्ट ऑफर की गई है। हालांकि, नारायण अभी भी वीआरएस लेने के अपने फैसले पर अड़े हुए हैं।

#### घटना को लेकर सरकार ने दी सफाई

गृह मंत्री जी. परमेश्वर और संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने नारायण से बातचीत कर उन्हें मनाने की कोशिश की। गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। हमने नारायण से बात की है। हम उन्हें उपयुक्त पोस्टिंग देंगे। हमें उनके इरादे को समझना होगा। माननीय मुख्यमंत्री का कोई गलत इरादा नहीं था। मैंने और पाटिल ने उन्हें यह बात समझाया है। हमें यकीन है कि उन्हें मना लिया जाएगा और जल्द ही पोस्टिंग दी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक सरकार ने उन्हें गृह जिले बेलगावी में डीसीपी की जिम्मेदारी सौंपने का प्रस्ताव दिया है, ताकि उनकी नाराजगी दूर हो।

---

## छात्रा को दी थी वीडियो वायरल की धमकी, थाने पर थी नजर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लॉ कॉलेज में विधि छात्रा से दुष्कर्म मामले में मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा ने बड़ा सच उजागर किया है। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि हमने छात्रा को दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। हमें लगा कि छात्रा इस डर से पुलिस के पास नहीं जाएगी। इसके बाद मैंने कुछ दोस्तों से कॉलेज के पास बने पुलिस स्टेशन पर नजर रखने के लिए कहा था।


#### इसके बाद सभी कैंपस चले गए

24 साल की लॉ की छात्रा के साथ 25 जून को कोलकाता के कस्बा इलाके के साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा था कि उसने अपने पिता से इस भयावह अपराध के बाद उसे कॉलेज से ले जाने के लिए कहा था। कुछ ही देर बाद मनोजीत और सह-आरोपी प्रमित मुखोपाध्याय और जैब अहमद कैंपस से चले गए।

### छत्रपति संभाजीनगर जिले में इमारत ढही



**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के कन्नड़ कस्बे में गुरुवार को एक स्थानीय नगर निकाय की इमारत ढह गई, जिसमें कई दुकानें थीं। पइस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कन्नड़ नगर परिषद की पुरानी इमारत में कई दुकानें थीं जो अपराह्न करीब तीन बजे ढह गईं। यह छत्रपति संभाजीनगर से 60 किमी दूर है।



48 घंटे में बड़ा ऐलान!

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर लगेगी मुहर, कृषि क्षेत्र को लेकर भारत अपनी शर्तों पर अड़ा

*भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को अगले 48 घंटों में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए वॉशिंगटन में बातचीत चल रही है। भारत के व्यापार प्रतिनिधि समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए अभी कुछ और दिन वॉशिंगटन में रहेंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को अगले 48 घंटों में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए वॉशिंगटन में बातचीत चल रही है। भारत के व्यापार प्रतिनिधि समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए अभी कुछ और दिन वॉशिंगटन में रहेंगे।

दोनों देश 9 जुलाई की समय सीमा से पहले एक व्यापार समझौता करना चाहते हैं क्योंकि अगर इस दिन तक डील नहीं हुई तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत से अमेरिका में आने वाले सामानों पर हाई टैरिफ लगाना शुरू कर देंगे। हालांकि, भारत कृषि और डेयरी क्षेत्रों को अमेरिका के लिए पूरी तरह से न खोलने के अपने रुख पर अड़ा हुआ है, इसके साथ ही भारत की ओर से कपड़ा, जेम्स एंड ज्वेलरी, चमड़े के सामान, प्लास्टिक और केमिकल जैसे श्रम प्रधान उद्योगों तक अधिक पहुंच की मांग भी की गई है।

यूएस की ओर से जवाबी शुल्क पर रोक की डेडलाइन 9 जुलाई को खत्म हो रही है

भारत से कृषि उत्पादों पर 100% टैरिफ को खत्म करने की मांग कर रहा अमेरिका


फाइल फोटो

**अमेरिका ने कृषि और डेयरी उत्पादों में छूट मांगी**

*भारत कुछ अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 100% टैरिफ लगाता है और अमेरिका इसे खत्म करने की मांग कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर ऐसा होता है, तो भारतीय किसानों को नुकसान होगा और उन्हें उपज की सही कीमत नहीं मिल पाएगी। भारत ने कहा कि अमेरिका में उगाए गए आनुवंशिक रूप से संशोधित (जेनेटिकली मॉडिफाइड) मक्का, सोयाबीन, चावल और गेहूं पर भारत के अंदर टैरिफ कम करना अस्वीकार्य है। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने कृषि और डेयरी मार्केट को अमेरिका के लिए खोल दे, जिससे कि इस क्षेत्र से जुड़े अमेरिकी उत्पादों को भारत जैसा बड़ा बाजार मिल सके।*

**ट्रंप बोले जल्द होगा समझौता**

*राष्ट्रपति ट्रंप ने भी मंगलवार को कहा कि वह भारत के साथ एक समझौते पर पहुंच सकते हैं जो दोनों देशों के लिए टैरिफ में कटौती करेगा और अमेरिकी कंपनियों को भारत के 1.4 बिलियन उपभोक्ताओं के बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में मदद करेगा।*

### रूस से तेल न लेने पर यूएस के बिल पर बोले जयशंकर, बाद में देखेंगे

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से अमेरिकी सांसद लिंडसे ग्राहम के नए विधेयक को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास और हमारे राजदूत लिंडसे ग्राहम के संपर्क में हैं, बाकी जब विधेयक पारित होगा तो उस वक्त देखा जाएगा कि क्या करना है। जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंतित है और इस बारे में ग्राहम को भी समझाने की कोशिश हो रही है। बता दें, अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस प्रतिबंध विधेयक ला रहे हैं, जिसमें रूस से तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पाद खरीदने वाले देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है। जब से रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से भारत अपनी जरूरत के तेल का बड़ा हिस्सा रूस से ही खरीद रहा है।

काश पटेल से जयशंकर ने की मुलाकात

## आतंकवाद-संगठित अपराध से निपटने में सहयोग पर वार्ता



*वॉशिंगटन। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वॉशिंगटन डीसी में एफबीआई निदेशक काश पटेल से मुलाकात की। इस दौरान जयशंकर ने संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की सराहना की। इस मुलाकात के बारे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि एफबीआई निदेशक काश से मिलकर खुशी हुई । संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद का मुकाबला करने में हमारे मजबूत सहयोग की सराहना करता हूं। इससे पहले, जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के साथ भी बैठक की। इस दौरान दोनों के बीच वैश्विक स्थिति और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा हुई।*

## खबर संक्षेप

### शिकागो में फायरिंग 4 की मौत, 14 जख्मी

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो में बुधवार देर रात गोलीबारी हुई।



हमला एक रैपर की पार्टी में हुआ। गोलीबारी के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 14 को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मामला रिवर नॉर्थ इलाके का है। यहां एक रैपर की एल्बम रिलीज पार्टी आयोजित की गई थी। रेस्तरां और लाउंज के बाहर काफी लोग जुटे हुए थे। तभी कुछ बदमाश अपनी गाड़ी में आए और वाहन के अंदर से ही फायरिंग करने लगे। फायरिंग के बाद वे वाहन सहित फरार हो गए।

### इंडोनेशिया में डूबी नाव 2 की मौत, कई लापता

**बाली।** इंडोनेशिया के रिसॉर्ट द्वीप बाली के पास 65 लोगों को लेकर



जा रही नाव डूब गई। जिसके दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। राहत और बचाव कार्य चला रहे दल के साथ मौजूद बन्युवांगी के पुलिस प्रमुख रामा समतामा पुत्रा ने बताया कि दो शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 20 लोगों को बचा लिया गया है। इस नाव पर 53 यात्री, 12 चालक दल के सदस्य और 14 ट्रकों सहित 22 वाहन भी थे।

### वॉशिंगटन जा रहे प्लेन को वियना में रोका

**नई दिल्ली।** दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में



अचानक तकनीकी खराबी आ गई। वियना में ईंधन भरने के लिए फ्लाइट के ठहराव के बाद खराबी का पता चला। इसके बाद फ्लाइट को रद्द कर दिया। एयरलाइन ने विमान से वॉशिंगटन के लिए यात्रा कर रहे यात्रियों को वियना में उतारकर वैकल्पिक सुविधा के जरिये यात्रा कराई गई। साथ ही पूर्ण धनवापसी की पेशकश की गई। एअर इंडिया की वॉशिंगटन डीसी से वियना के रास्ते नई दिल्ली आने वाली फ्लाइट को भी रद्द कर दिया गया।

किश्तवाड़ में दूसरे दिन भी जारी सर्च ऑपरेशन

## घेराबंदी के लिए पैरा कमांडो तैनात, एक आतंकी घायल



एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के जंगली इलाके में छिपे दो से तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए गुरुवार को भी तलाशी अभियान चलाया गया।

बुधवार रात को कुछाल-छातरू इलाके के घने जंगल वाले कंजल मांडू इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद ली जा रही है, साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा बलों की मदद से घेराबंदी को और मजबूत किया जा रहा है इलाके में पैरा कमांडो को भी उतरा गया है। जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ में एक आतंकवादी के घायल होने की आशंका है।

**इलाके में अतिरिक्त बल तैनात**

अधिकारियों ने बताया कि तलाशी दलों को देखते ही आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े आतंकवादियों को मार गिराने और कड़ी घेराबंदी करने के लिए इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है। आतंकवादी सैफुल्लाह और आदिल इसी इलाके की पहाड़ियों में सक्रिय हैं लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। सैफुल्लाह के साथ तीन ओर आंतकवादी सक्रिय है और वह फांभर इलाके में सक्रिय है पहले यह सिंहपुरा इलाके में सक्रिय था। आतंकी सुरक्षा बलों के दबाव के चलते वहां से भाग गए हैं। उन्हें दबोचने के लिए पिछले माह भी एक बहुत बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया गया था।

### कुछाल में दूसरा ग्रुप सक्रिय

अभी कुछाल में दूसरा ग्रुप सक्रिय हो गया है। सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों को यह चिंता सता रही है कि क्या दो-दो, तीन-तीन आतंकवादियों के समूह अलग-अलग जगह सक्रिय हो गए हैं। अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई है। यह इलाका अनंतनाग से मिलता जुलता है और जिला के अंदर मचेल यात्रा भी 25 जुलाई से शुरू हो रही है। हालांकि मचेल यात्रा में अभी से रोजाना काफी सारी संख्या में यात्री आ जा रहे हैं ऐसे में इन आतंकवादियों को जल्द से जल्द दबोचना सुरक्षा बलों के लिए बहुत जरूरी हो गया है।

घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद बोले पीएम मोदी

## रक्षा, समुद्री सुरक्षा व ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने के लिए अपार संभावनाएं

चार समझौता ज्ञापनों का किया गया आदान-प्रदान

*भारत यूपीआई घाना के साथ डिजिटल भुगतान सुविधा देगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान द्विपक्षीय साझेदारी को 'व्यापक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ अपनी बातचीत को अत्यंत सार्थक बताया और कहा कि दोनों नेताओं के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर विचार-विमर्श हुआ।

उन्होंने कहा कि भारत और घाना के बीच महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा, समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में मिलकर कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं। सांस्कृतिक जुड़ाव को भी बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। वार्ता के दौरान चार समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। इनमें सांस्कृतिक आदान-प्रदान, मानकीकरण में सहयोग, पारंपरिक चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान, तथा विदेश मंत्रालयों के बीच संयुक्त आयोग की संस्थागत बैठकें शामिल हैं। इन समझौतों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सतत संवाद और सहयोग सुनिश्चित करना है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति महामा को भारत आने का निमंत्रण भी दिया।



**दोनों देश रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाएंगे**

### आतंकवाद मानवता का दुश्मन

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देश इस बात पर सहमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में घाना के सहयोग के लिए उसे धन्यवाद देते हैं। हमने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपने सहयोग को मजबूत करने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुधारों के बारे में हमारे विचार समान हैं।

### द्विपक्षीय व्यापार 3 बिलियन यूएस डॉलर

पीएम मोदी ने कहा कि भारत घाना के राष्ट्र निर्माण की यात्रा में न केवल भागीदार है, बल्कि सह-यात्री भी है, हमारा द्विपक्षीय व्यापार 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों ने लगभग 900 परियोजनाओं में 2 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। हमने अगले 5 वर्षों के भीतर अपने व्यापार को दोगुना करने का फैसला किया है।

### स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में करेंगे सहयोग

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति महामा के नेतृत्व में चल रहे 'आर्थिक पुनर्गठन' की सराहना की और 'फीड घाना' कार्यक्रम में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि भारत द्वारा आईटेक और आईसीसीआर छात्रवृत्तियों की संख्या दोगुनी की जाएगी तथा एक स्किल डिवेलपमेंट सेंटर की स्थापना की जाएगी। रक्षा क्षेत्र में मैरीटाइम सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, और सैनिक प्रशिक्षण में सहयोग को बढ़ावा देने का निर्णय हुआ।

### पीएम ने घाना के संस्थापक राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि दी

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना की राजधानी अक्रा में क्वामे एनक्रूमा मेमोरियल पार्क का दौरा किया और घाना के संस्थापक राष्ट्रपति डॉ. क्वामे एनक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. एनक्रूमा अफ्रीकी स्वतंत्रता आंदोलन के एक सम्मानित नेता और पैन-अफ्रीकनवाद के प्रबल समर्थक थे। इस दौरान घाना की उपराष्ट्रपति प्रो. नाना जेन ओपोकु-अग्येमांग भी मौजूद रहीं। पीएम मोदी ने एनक्रूमा के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित की और स्वतंत्रता, एकता, और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को याद करते हुए एक मिनट का मौन रखा। क्वामे एनक्रूमा मेमोरियल पार्क, जिसे डॉन आर्थर ने डिजाइन किया है।




यूक्रेन के हमले में रूस को बड़ा नुकसान

## मिसाइल अटैक में मेजर जनरल मिखाइल गुडकोव सहित 10 अन्य सैनिकों की मौत

एजेंसी ▶▶ कीव

रूसी नौसेना के उप प्रमुख मेजर जनरल मिखाइल गुडकोव की मौत हो गई है। यूक्रेन की ओर से किए गए हमले में गुडकोव सहित 10 अन्य सैनिकों की मौत हो गई है। यूक्रेन सेना से जुड़े एक टेलीग्राम चैनल पर मिखाइल गुडकोव के मारे जाने की पुष्टि की गई है। यूक्रेन की सीमा से लगे कुर्स्क क्षेत्र के कोरेनेवो में एक कमांड पोस्ट पर मिखाइल गुडकोव तैनात थे। आशंका जताई जा रही है कि मिसाइल हमले में सभी की मौत हुई है।

### पुतिन ने बनाया था नौसेना का डिप्टी-इन-चीफ



*गुडकोव को यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में बहादुरी के लिए पुरस्कार मिले थे और यूक्रेन ने उन पर युद्ध अपराधों का आरोप लगाया था। क्रेमलिन के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन्हें मार्च में नौसेना का डिप्टी कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया था। रूसी रक्षा मंत्रालय या यूक्रेन की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। गुडकोव ने रूस के प्रशांत बेड़े की एक मरीन ब्रिगेड का नेतृत्व किया था, जो कुर्स्क में लड़ रही थी।*

### यूक्रेन के पास हथियार की हो रही कमी

हाल ही में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा था कि अगर अमेरिका हथियार की आपूर्ति पर रोक लगाता है तो इसका फायदा रूस को ही होगा। जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन के पास हथियार की कमी होती जा रही है, लेकिन अभी भी यूक्रेन की सेना के पास रूस के लड़ने के लिए कई विकल्प हैं।

सिगाची फार्मा प्लांट विस्फोट

## 9 लोग अभी भी हैं लापता डीएनए से होगी पहचान



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के पशम्यलारम में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा प्लांट में हुए विस्फोट में नौ लोग अभी भी लापता हैं। इसमें पांच श्रमिक ओडिशा के हैं। विस्फोट के बाद मिले अज्ञात शवों की पहचान के लिए डीएनए का मिलान किया जाएगा।

इसके साथ ही विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए राज्य सरकार की विशेष टीम गुरुवार को घटनास्थल का दौरा करेगी। विस्फोट में अब तक 40 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। एसपी पंकज ने कहा कि 9 लोग लापता हैं। लेकिन जब हमें एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) से हड्डियों और अन्य चीजों की रिपोर्ट मिल जाएगी, तब चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। मलबा हटाने का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और अब आगे किसी शव के मिलने की आशंका नहीं है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष मुश्किल में

## 72 सांसदों ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव, 10 जुलाई को मतदान



एजेंसी ▶▶ ब्रुसेल्स

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लेयेन के खिलाफ दक्षिणपंथी यूरोपीय सांसदों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव पर 10 जुलाई को मतदान होगा। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव के असफल होने की संभावना है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन पर कोविड टीकों की खरीद मामले और रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने के आरोप लगे हैं। इसके बाद लेयेन के खिलाफ यूरोपीय सांसदों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव पर मतदान की तिथि तय करने के लिए जरूरी कम से कम 72 सांसदों के हस्ताक्षर हो चुके हैं।

**बहुमत के लिए 720 में 361 वोटों की जरूरत**

### पारदर्शिता में कमी का लगाया आरोप

अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले रोमानिया एमईपी घोरघे पिपेरेया ने कोविड के दौरान फाइजर की सीईओ अल्बर्ट बौर्ला के साथ चैट को लेकर वॉन डेर लेयेन की पारदर्शिता की कमी की आलोचना की। पिपेरेया ने यूरोपीय आयोग पर रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का भी आरोप लगाया। हालांकि लेयेन के अविश्वास प्रस्ताव हारने की संभावना कम हैं। क्योंकि पिपेरेया की अपनी ही पार्टी ईसीआर ने पहले ही अविश्वास प्रस्ताव से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि यह हमारी पहल नहीं है। प्रस्ताव को पारित कराने के लिए पूर्ण बहुमत यानि 720 में 361 वोटों की जरूरत होगी।

### डेनमार्क ने संभाली यूरोपीय संघ की अध्यक्षता

*ऑरहुस। डेनमार्क ने यूरोपीय संघ (ईयू) की छह महीने की अध्यक्षता संभाल ली है। अध्यक्षता की शुरुआत गुरुवार को हुई, जब डेनमार्क ने रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से पैदा हुई व्यापारिक उथल-पुथल का सामना करने के लिए पूरे यूरोप से एकजुट होने की अपील की। डेनमार्क की यूरोपीय मामलों की मंत्री मैरी बिएरे ने कहा कि हमारे पास यूरोप की धरती पर युद्ध है। व्यापार युद्ध और नए टैरिफ सामने हैं, और अमेरिका जैसा करीबी सहयोगी अब अपने में सिमट रहा है। अब यूरोप को अपने पैरों पर खड़ा होना होगा।*

भारत-अमेरिका का संयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'निसार', ऊपर से करेंगे निगरानी

## प्राकृतिक आपदा आने से पहले दुनिया को कर देंगे अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पृथ्वी की सतह की निगरानी, भूकंप और भूस्खलन जैसी आपदाओं का सटीक पूर्वानुमान और पर्यावरणीय बदलावों की विस्तार से जानकारी अब जल्द ही भारत-अमेरिका के संयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'निसार' (एनआईएसएआर) के जरिए संभव होगी।

नासा और इसरो के इस संयुक्त मिशन की लॉन्चिंग जुलाई 2025 के अंत तक आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी रॉकेट के माध्यम से की जाएगी। इसकी कुल लागत करीब 1.5 अरब डॉलर (लगभग 12,500 करोड़ रुपए) है, जिससे यह दुनिया का सबसे महंगा अर्थ इमेजिंग सैटेलाइट बन गया है।

प्रोजेक्ट की कुल लागत करीब 12,500 करोड़ रुपए

जुलाई 2025 में श्रीहरिकोटा से लॉन्च करेंगे सैटेलाइट



### निसार में हैं दो रडार

निसार सैटेलाइट को खास बनाने वाली इसकी दोहरी आवृत्ति वाली रडार तकनीक है। इसमें दो अलग-अलग रडार लगे हैं पहला एस-बैंड रडार जिसे इसरो के अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लिकेशन सेंटर ने बनाया है। दूसरा एल-बैंड रडार, जिसे नासा की कैलिफोर्निया स्थित जेट प्रपल्शन लैब ने तैयार किया है। दोनों रडार मिलकर पृथ्वी की सतह पर सूक्ष्म बदलाव, ध्रुवीय बर्फ, ग्लेशियरों की गतिविधि, ज्वालामुखी, भूस्खलन और भूकंप जैसे घटनाओं पर नजर रखेंगे। यह तकनीक सिंथेटिक एपर्चर रडार पर आधारित है। इस अभूतपूर्व मिशन की नींव 2012 में इसरो और नासा के बीच बातचीत से रखी गई थी। 2014 में दोनों एजेंसियों के बीच आधिकारिक समझौता हुआ।

### हर 12 दिन में एक ही स्थान की इमेजिंग

*निसार उपग्रह से भूकंप, भूस्खलन, ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्री बदलाव और अन्य पर्यावरणीय गतिविधियों की सटीक निगरानी हो सकेगी। यह सैटेलाइट हर 12 दिन में पृथ्वी के एक ही स्थान की इमेजिंग करेगा, जिससे वैज्ञानिक माइक्रो-लेवल बदलाव तक को पहचान सकेंगे। इससे न केवल भारत और अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया को जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी करने में मदद मिलेगी।*



# धर्म की रक्षा के लिए युद्ध के मैदान में उतरे पवन कल्याण

**मुंबई।** साउथ स्टार पवन कल्याण की मच अवेटेड फिल्म 'हरि हर वीरमल्लु' का ट्रेलर गुरुवार को जारी हो गया है। हरि हर वीरमल्लु 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर में पवन के अलावा बॉबी देओल का भी दमदार अंदाज देखने को मिला है। 3 मिनट लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें मुगल काल के इतिहास के बारे में बताया जाता है। इसके बाद ट्रेलर में मुगल साम्राज्य को दिखाया जाता है। इसके बाद एंट्री होती है मुगल साम्राज्य के सबसे खूंखार और जुल्मी माने जाने वाले शासक औरंगजेब की, जिसके किरदार में नजर आए हैं बॉबी देओल। कंगुवा के बाद बॉबी देओल एक बार फिर खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। इसके बाद धर्म के रक्षक के रूप में एंट्री मारते हैं पवन कल्याण, जो फिल्म में वीरमल्लु की भूमिका में नजर आए हैं।

## लाइफ Style

# दीपिका

## 35 अंतरराष्ट्रीय हस्तियों में चमका नाम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की सुपरस्टार दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर भारत को गौरवान्वित कर दिया है। जी हां, हॉलीवुड की प्रतिष्ठित 'वॉक ऑफ फेम'लिस्ट में उनका नाम शामिल कर लिया गया है और इस सम्मान के साथ वो पहली भारतीय बनी हैं, जिन्हें ये वैश्विक पहचान मिली है।

खास बात ये है कि ये उपलब्धि उन्होंने हाल ही में मां बनने के बाद हासिल की है, जिससे ये पल और भी खास बन गया है। साल 2026 के लिए घोषित 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' की लिस्ट में दीपिका उन 35 दिग्गजों में शामिल हैं, जिन्हें मोशन पिक्चर्स की कैटेगरी में चुना गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में उनके साथ हॉलीवुड के सुपरस्टार टिमोथी चालमेट, डेमी मूर, राशेल मैकऐड्म्स और रामी मालेक जैसे बड़े नाम भी हैं। दीपिका पादुकोण ने न सिर्फ आलिया भट्ट, रश्मिका मंदाना और कियारा आडवाणी जैसी नई पीढ़ी की अदाकाराओं को पीछे छोड़ा है, बल्कि प्रियंका चोपड़ा जैसी ग्लोबली स्थापित स्टार को भी पछाड़कर खुद को एक अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है। दीपिका ने सिर्फ बॉलीवुड तक खुद को सीमित नहीं रखा। उन्होंने 'XXX: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' जैसी फिल्म से हॉलीवुड में एंट्री की और वहां भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया। अब वॉक ऑफ फेम का हिस्सा बनकर उन्होंने इंटरनेशनल मंच पर अपनी उपस्थिति और भी मजबूत कर ली है। साल 2018 में टाइम मैगजीन ने दीपिका को दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# अपने काम पर चाहती हूं गर्व करना

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपनी नई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के लंदन प्रीमियर में रेड कार्पेट पर शानदार मौजूदगी दर्ज की। उन्होंने बताया कि वह ऐसी भूमिकाएं चुनती हैं, जो हल्की न हों, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाएं। एक इंटरव्यू के दौरान. प्रियंका चोपड़ा ने कहा, 'मैं अपने काम पर गर्व करना चाहती हूं।' इस फिल्म में वह नोएल बिसेट नाम की एक तेज-तर्रार एमआई 6 एजेंट की भूमिका में हैं, जो हमेशा दस कदम आगे सोचती है। उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसी महिलाओं के किरदार निभाना पसंद है।



# रैपर कॉम्ब्स को नहीं मिली जमानत, पाए गए दोषी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड म्यूजिक प्रोड्यूसर और रैपर सीन 'डिडी' कॉम्ब्स को बुधवार को अमेरिका की एक अदालत ने यौन तस्करी और रैकेटियरिंग साजिश जैसे गंभीर आरोपों से बरी कर दिया है। हालांकि, राहत की इस खबर के बीच एक बड़ा झटका भी सामने आया। कॉम्ब्स को दो दूसरे आपराधिक मामलों में दोषी करार दिया गया और उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा। कॉम्ब्स को जिन दो मामलों में दोषी पाया गया है, वो हैं- 'वेश्यावृत्ति के उद्देश्य से महिला को ले जाने' के दो अलग-अलग आरोप। इन दोनों मामलों में उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा हो सकती है। हालांकि, सजा की सुनवाई अक्टूबर 3 को होने वाली है, लेकिन फिलहाल उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया है। ये हाई-प्रोफाइल केस सिंगर केसी वेंचुरा और एक अन्य महिला के गंभीर आरोपों पर केंद्रित था।



# एंड्रियानी ने किए महाकाल के दर्शन

**मुंबई।** अरबाज की एक्स गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी सादगी भरी तस्वीरें शेयर कीं। जॉर्जिया की ये तस्वीरें उज्जैन नगरी के महाकाल के मंदिर की हैं। इन तस्वीरों के साथ जॉर्जिया ने एक नोट भी लिखा है। तस्वीरों में जॉर्जिया महादेव की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। इन बेहतरीन तस्वीरों के साथ जॉर्जिया ने कैप्शन में लिखा, 'महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जय श्री महाकाल। जॉर्जिया एंड्रियानी की इस शानदार पोस्ट पर सिंगर जुबिन नौटियाल ने कमेंट बॉक्स में नमस्ते और स्माइली इमोजी बनाई है। एक फैन ने लिखा, अच्छा लग रहा है, एक फैन ने लिखा, बहुत सुंदर... बहुत सुरुचिपूर्ण... बस वाह जैसी लग रही हो! एक फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही हो, एक फैन ने लिखा, जय जय श्री महाकाल।



# प्यार के अलग रंग दिखाती है मेट्रो इन दिनों

**मुंबई।** सारा अली खान की फिल्म 'मेट्रो इन दिनों'एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसमें प्यार के अलग-अलग रंग दर्शकों तो देखने को मिलेंगे। जहां तक कहानी की बात है तो इसमें मेट्रो लाइफ के बीच पनपती कुछ लव स्टोरीज हैं। फिल्म में फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा और अली फजल जैसे सितारे भी नजर आएंगे। 'मेट्रो इन दिनों'शुक्रवार चार जुलाई को रिलीज होगी। शुक्रवार को एक्ट्रेस की यह फिल्म रिलीज होने वाली है। वह अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही है। प्रमोशन के दौरान ही एक्क्ट्रेस ने एक पोस्ट साझा की है, जिसमें प्यार भरा मैसेज लिखा है। पिछले दिनों सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' प्रमोशन अलग-अलग शहरों में कर रहे थे। प

## टीवी मसाला



# टीआरपी लिस्ट में तारक मेहता का उल्टा चश्मा ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' 17 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस सीरियल में दिलीप जोशी, जेठालाल का लीड रोल निभाते हैं। जेठालाल गौकुल धाम सोसायटी में रहता है, वहां कई और लोग भी रहते हैं। इस सीरियल की सिंपल कॉमेडी दर्शकों को पसंद है। 25वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने बाजी मारी है। 2.3 की टीआरपी के साथ यह पहले नंबर है। दूसरे नंबर पर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'है, इसकी टीआरपी 2.1 है। रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा'टीआरपी लिस्ट में कई हफ्तों तक टॉप पर बना रहा है। मगर, इसी हफ्ते यह तीसरे नंबर पर आ गया है। 25वें हफ्ते में अनुपमा की टीआरपी 2.1 है। हाल ही में इस सीरियल में लीप आया है। लीड कैरेक्टर अनुपमा मुंबई पहुंच गई है, यहां वह अपनी जिंदगी की एक नई शुरुआत कर रही है। 25वें हफ्ते की टीआरपी में टॉप 10 में कई और सीरियल ने जगह बनाई है। चौथे नंबर पर उड़ने की आशा है, इसकी टीआरपी 2.1 है। वहीं, पांचवें नंबर पर लाफ्टर शेफ 2 है, इस सीरियल की टीआरपी 1.6 रही है। छठे नंबर नंबर सीरियल 'गुम हैं किसी के प्यार में' रहा, यह सीरियल कम टीआरपी के कारण बंद हो रहा है। सातवें नंबर पर सीरियल मंगल लक्ष्मी-लक्ष्मी का सफर और आठवें नंबर पर एडवोकेट अंजलि अवस्थी है। नौवें और दसवें स्थान पर सीरियल शिव शक्ति और 'मन्नत है।

## एक्टिंग करना आज भी मेरे लिए चुनौतीपूर्ण

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं'में अंगूरी भाभी के किरदार से मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने बताया है कि कई सालों तक कैमरे के सामने काम करने के बाद भी, उनके लिए एक्टिंग करना अभी भी एक चुनौती जैसा लगता है। उन्होंने कहा, 'मुझे 'संघर्ष' शब्द थोड़ा नेगेटिव लगता है, लेकिन अभिनय में हर समय हम आगे बढ़ते रहते हैं। कई साल काम करने के बाद भी कुछ न कुछ नया सीखना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सफर कभी खत्म नहीं होता, बल्कि समय के साथ और भी खास बनता जाता है। मुझे एक्टिंग कभी आसान नहीं लगती, क्योंकि हर किरदार के अपने अलग भाव होते हैं। आप किसी और की जिंदगी में कदम रखते हो, और इसके लिए बहुत ईमानदारी और मेहनत करनी पड़ती है। लंबे शूटिंग और थकावट की स्थिति में वह खुद को किस तरह प्रेरित करती हैं, इस पर शुभांगी ने कहा, 'मैं खुद को याद दिलाती रहती हूं कि मैंने यह काम क्यों शुरू किया था। मुझे सच में अपने काम से बहुत प्यार है और जब दिन मुश्किल होते हैं, तो मैं छोटी-छोटी अच्छी बातों में खुशी ढूंढ़ती हूं, जैसे कोई जबरदस्त डायलॉग या बेहतरीन सीन।



# 40 साल से ज्यादा उम्र के बाद भी इन हीरोइनों ने अब तक नहीं बसाया घर

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में ग्लैमरस हीरोइनों की भरमार है। कुछ ने शादी करके घर बसा लिया, तो कुछ अब तक कुंवारी हैं। आज हम आपको ऐसी ही 7 एक्ट्रेसेस के बार में बताते हैं, जिनकी उम्र 40 साल से ज्यादा है, लेकिन अब उन्होंने शादी नहीं की है। फिर भी ये खूबसूरती में नई हीरोइनों को भी कांटे की टक्कर देने का काम करती हैं।*



**तब्बू :** तब्बू बॉलीवुड की शानदार हीरोइनों में से एक हैं। वह मकबूल, हैदर और अंधाधुन जैसी फिल्मों में अपने हुनर का जलवा बिखेर चुकी हैं। फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर दमदार भूमिकाओं में देखना बेहद पसंद करते हैं। 53 साल की हो चुकीं तब्बू ने अब तक शादी नहीं की है।



**दिव्या दत्ता :** दिव्या दत्ता ने साल 1994 में फिल्म 'इश्क में जीना इश्क में मरना' से डेब्यू किया था। उन्होंने वीर जारा, वेलकम टू सज्जनपुर, दिल्ली-6, स्टेनली का डब्बा, हीरोइन, बदलापुर' और भाग मिल्खा भाग जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया। 47 साल की उम्र में भी दिव्या दत्ता कुंवारी हैं।



**तनिशा मुखर्जी :** तनिशा मुखर्जी ने साल 2003 में फिल्म **Sssshhh**... से अपना डेब्यू किया था और उन्हें पहली सफलता राजनीतिक क्राइम थ्रिलर फिल्मों सरकार और सरकार राज से मिली।तनिशा रिएलिटी शो 'बिग बॉस' में भी नजर आ चुकी हैं। वह 47 साल की हैं और अब तक सिंगल हैं।



**अमीषा पटेल :** अमीषा पटेल ने 'कहो ना प्यार है' फिल्म से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, जिसमें वह ऋतिक रोशन के अपोजिट नजर आईं। आपको जानकर हैरानी होगी कि 50 साल की उम्र में भी अमीषा पटेल कुंवारी हैं। उन्होंने गदर और गदर 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है।

**सुष्मिता सेन :** सुष्मिता सेन 49 साल की हो चुकी हैं और आज भी अपनी अदाकारी से फैंस के दिलों को जीत लेती हैं। उन्होंने अब तक शादी नहीं की है। सुष्मिता सेन ने साल 2000 में रेने और साल 2010 में अलीसा को गोद लिया था। वह अपनी दोनों अडॉप्टेड बेटियों के साथ रहती हैं।

# कार्तिक और श्रीलीला ने साथ में किया डिनर

**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन एक बार फिर अपने लव अफेयर को लेकर चर्चा में आ गए हैं। इस बार उनके साथ जुड़ा है साउथ की ग्लैमरस एक्ट्रेस श्रीलीला का नाम। बीते कुछ दिनों से दोनों को कई बार एक साथ देखा गया है और हाल ही में दोनों को देर रात मुंबई के एक मशहूर रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया गया। बस फिर क्या था, सोशल मीडिया पर फैंस ने इन्हें लेकर कयास लगाने शुरू कर दिए। कार्तिक और श्रीलीला की ये लेट नाइट मुलाकात जैसे ही कैमरे में कैद हुई, इंटरनेट पर कमेंट्स का सैलाब आ गया। वीडियो में दोनों को हंसते-मुस्कुराते और साथ वक्त बिताते देखा गया। फैंस ने कमेंट बॉक्स में मजेदार प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, 'नई जोड़ी सुपरहिट लग रही है।'सूत्रों की मानें तो कार्तिक और श्रीलीला अनुराग बसु की फिल्म 'आशिकी 3' में साथ नजर आने वाले हैं। इस रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म की शूटिंग की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और दोनों स्टार्स इन दिनों फिल्म की स्क्रिप्ट रीडिंग और वर्कशॉप्स में साथ देखे जा रहे हैं। ऐसे में दोनों के बीच बढ़ती नज़दीकियों को लेकर बातें होना लाजमी है। हाल ही में श्रीलीला के जन्मदिन पर कार्तिक ने एक प्यारी सी तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी, जिसमें दोनों काफी क्यूट लग रहे थे।




## ऑस्कर विनर्स से लेकर दुनिया भर के टैलेंट, हॉलीवुड के टॉप क्रिएटर्स भी शामिल

# रणबीर की 835 करोड़ी रामायण में पहली बार दिखा वो जो पहले नहीं हुआ

*नई दिल्ली। रणबीर कपूर की 'रामायण' की पहली झलक ने सोशल मीडिया पर तूफान मचा दिया है। करीब 5,000 साल पुरानी इस गाथा को अब तक की सबसे बड़े स्केल पर तैयार होनेवाली बॉलीवुड फिल्म बताई जा रही है। इस फिल्म के लिए हॉलीवुड के टॉप स्टंट डायरेक्ट, ऑस्कर विनर के लीजेंड्स, दुनिया के बेस्ट टैलेंट को एक साथ जोड़ा गया है। रणबीर कपूर की 'रामायण' की पहली ही झलक ने सोशल मीडिया और लोगों के दिलों में तूफान मचा दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि इस फिल्म के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े सिनेमाई इवेंट का आगाज़ हो गया है। करीब 5,000 साल पुरानी इस गाथा को दुनिया भर में 2.5 अरब लोग पूजते हैं। अब नमित मल्होत्रा की 'रामायण' को दो पार्ट में तैयार किया गया है, जिसे लाइव-एक्शन सिनेमैटिक यूनिवर्स के तौर पर पेश किया जा रहा है। इस फिल्म स्केल अब तक के सबसे बड़े हॉलीवुड टेंटपोल जैसी है। इस फिल्म में हॉलीवुड और भारत के नामचीन कास्ट और टेक्निशियन पहली बार इतनी बड़ी पार्टनरशिप में एक साथ आ रहे हैं, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। नितेश तिवारी के निर्देशन में तैयार हुई 'रामायण' को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और 8 बार ऑस्कर जीत चुके वीएफएक्स स्टूडियो डबल निगेटिव प्रोड्यूस कर रहे हैं, जिसमें यश के 'मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस' का भी सहयोग है। फिल्म का बजट 835 करोड़ है और इसे खासतौर पर आईएमएएक्स जैसे बड़े फॉर्मैट के लिए शूट किया गया है। 'रामायण' का पहला पार्ट दिवाली 2026 और दूसरा पार्ट दिवाली 2027 में दुनियाभर में रिलीज़ किया जानेवाला है।*

### राम- रावण की अमर लड़ाई को फिर से जीवित किया जा रहा

'रामायण: द इंट्रोडक्शन' के ग्लोबल लॉन्च के साथ इस जबरदस्त यूनिवर्स की पहली झलक सबके सामने आ चुकी है। इसमें दो सबसे बड़े पौराणिक किरदारों 'राम और रावण' की अमर लड़ाई को फिर से जीवित किया जा रहा है। इस लॉन्च को वाकई ग्लोबल बना दिया गया है, जहां इसकी भारत के नौ बड़े शहरों में एक साथ फैन स्क्रीनिंग्स हुईं है, वहीं न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वेयर पर बिलबोर्ड टेकओवर ने माहौल बना दिया।



### ऐसी ताकत, जैसी पहले कभी नहीं देखी गई

ये कहानी उस दौर की है जब समय का कोई नाम-ओ-निशान नहीं था। ब्रह्मांड का संतुलन तीन शक्तियों के हाथ में था ब्रह्मा (जो रचते हैं), विष्णु (जो संभालते हैं) और शिव (जो खत्म करते हैं)। इन तीनों की वजह से देवता, ऋषि, इंसान और राक्षस सब शांति से रहते थे। लेकिन इसी संतुलन की राख से एक ऐसी ताकत उठती है, जैसी पहले कभी नहीं देखी गई।

### जिसकी कोई उम्मीद नहीं करता और वही बन जाता है रावण

एक ऐसा राक्षस बालक जन्म लेता है, जिसकी कोई उम्मीद नहीं करता और वही बन जाता है रावण। सबसे डरावना और अजेय राजा, जिसकी दहाड़ से आसमान कांप उठता है। उसका मकसद साफ है, उस विष्णु को खत्म करना, जो हमेशा उसकी जाति के खिलाफ खड़े हुए। इसे रोकने के लिए विष्णु खुद धरती पर आते हैं, लेकिन अपनी सबसे कमजोर रूप में यानी एक इंसानी राजकुमार के रूप में, जिसका नाम राम है। यहीं से शुरू होती है राम बनाम रावण, इंसान बनाम अमर, उजाला बनाम अंधेरा की वो लड़ाई जो कभी खत्म नहीं होती। ये है रामायण, एक ऐसी कहानी जो ब्रह्मांड की लड़ाई, किस्मत की ताकत और अच्छाई की जीत को दिखाती है। एक ऐसी गाथा जो आज भी करोड़ों लोगों के मन और सोच को दिशा देती है।

### भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए बनाई जा रही

*इस मेगा प्रोजेक्ट को विजनरी प्रोड्यूसर और फिल्ममेकर नमित मल्होत्रा ने लीड किया है, और सुपरस्टार यश इसके को-प्रोड्यूसर हैं। नितेश तिवारी ने 'रामायण' में वीएफएक्स पर खास जोर दिया है। इस बड़े काम के लिए 7 बार ऑस्कर जीत चुकी उनकी कंपनी डबल निगेटिव को चुना गया है। मजेदार ये है कि नमित मल्होत्रा की इसी कंपनी ने'ड्यून, इंटरस्टेलर और यहां तक कि ब्रह्मास्त्र: पार्ट-1 शिवा का भी वीएफएक्स डिजाइन किया है। इसमें ऑस्कर विजेता टेक्नीशियनों, हॉलीवुड के टॉप क्रिएटर्स और भारत के सबसे बड़े एक्टर्स की टीम एक साथ आई है, ताकि भारतीय संस्कृति में रची-बसी इस गाथा को एक नए जमाने की सिनेमैटिक यूनिवर्स में बदला जा सके, जो न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए बनाई जा रही है।*



**बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में आरोप : हाईकोर्ट ने पुलिस को पेश करने दिए निर्देश**

# खटवानी मोटर्स के संचालक व कर्मियों ने पुत्र को बना रखा है बंधक

**जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर खटवानी मोटर्स, जबलपुर के संचालकों व कर्मियों पर सेल्स मैनेजर को बंधक बनाने का सनसनीखेज आरोप लगाया गया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने पुलिस को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता के बंधक पुत्र को मुक्त कराकर पेश किया जाए। अगली सुनवाई 17 जुलाई को नियत की गई है।

बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता अनूपपुर निवासी असीम कुमार बैरागी की ओर से अधिवक्ता अभिषेक पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता का पुत्र अमित बैरागी, शहडोल स्थित खटवानी मोटर्स के शोरूम में सेल्स मैनेजर के रूप में कार्यरत था। उसने टैक्स चोरी व चोरी की कार बेचने से मना कर दिया। वह अनैतिक गतिविधि में शामिल होने से इनकार के बाद नौकरी भी छोड़ने वाला था। उसने पर्दाफाश करने की चेतावनी दी थी। लिहाजा, उसे बंधक बना लिया गया। अब उसकी जान को खतरा है। 20 जून को बंधक बनाए जाने की शिकायत शहडोल के सोहागपुर थाने में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद बेटे को मुक्त कर दिया गया था। लेकिन बाद में खटवानी मोटर्स के संचालक राबिन ने हिसाब की रकम के साथ जबलपुर



स्थित कार शोरूम में बुलाया था। बेटा 27 लाख रूपये लेकर अपनी कार क्रमांक सीजी 10 बीएफ 7152 में सवार होकर 29 जून को जबलपुर में शारदा चौक स्थित खटवानी मोटर्स के लिए रवाना हुआ था। खटवानी मोटर्स पहुंचने के बाद बेटे ने एक बार फिर अनुचित कार्य में सहभागी होने से मना करते हुए टैक्स चोरी व चोरी की कार बेचने के संबंध में पुलिस को सूचना देने की बात संचालक से कही थी। जिसके कारण संचालक व उसके कर्मचारियों ने बेटे को फिर से बंधक बना लिया। इस संबंध में उसके दोस्त से जानकारी प्राप्त हुई। जबलपुर पुलिस से शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई है।

## ग्रेच्युटी के मामले में राज्य शासन को पक्षकार बनाकर सुनवाई करें लेबर कमिश्नर

**हाईकोर्ट का निर्देश**

मप्र हाईकोर्ट ने लेबर कमिश्नर को निर्देश दिए हैं कि अनुदान प्राप्त शाला शिक्षक के ग्रेच्युटी के मामले में राज्य शासन को पक्षकार बनाकर सुनवाई करें। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि लेबर कमिश्नर सुनवाई के बाद अंतिम निर्णय दें, लेकिन उस निर्णय का क्रियान्वयन नहीं करें। क्योंकि इस सम्बंध में सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित है। लेबर कमिश्नर का निर्णय सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।ऑर्डनेंस फैक्टरी खमरिया एम्प्लाइज एजुकेशन सोसायटी जबलपुर द्वारा संचालित स्कूल के प्राचार्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शोभित आदित्य ने दलील दी कि उक्त स्कूल को सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है। दरअसल, स्कूल से सेवानिवृत्त एसके मालवीय ने लेबर कमिश्नर के समक्ष ग्रेच्युटी की मांग को लेकर आवेदन दिया था। उन्होंने बताया कि सोसायटी 2015 में भंग हो चुकी है और वहां प्रशासक नियुक्त हैं। स्कूल के पास ग्रेच्युटी देने फंड नहीं है। अनुदान प्राप्त शाला कर्मियों का नियोक्ता शासन होता है। स्कूल की ओर से लेबर कमिश्नर के समक्ष राज्य सरकार को पक्षकार बनाने की मांग की थी, लेकिन उसे निरस्त कर दिया गया।

## सब्जियों के दाम छूने लगे आसमान

# रसोई का बजट बिगड़ा

**जबलपुर में बारिश बनी राहत भी, आफत भी**

**जबलपुर।** मानसून की पहली बारिश ने जहां जबलपुर वासियों को गर्मी से बड़ी राहत दी है, वहीं इसके दुष्प्रभाव अब आम आदमी की जेब पर साफ दिखाई देने लगे हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण स्थानीय स्तर पर सब्जियों की खेती और आपूर्ति प्रभावित हुई है। इससे बाजारों में सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं और आम जनता की रसोई का बजट बिगड़ता जा रहा है।

### टमाटर बना लाल सोना

टमाटर की कीमत में सबसे ज्यादा उछाल देखा गया है। पिछले सप्ताह तक 30 रुपये प्रति किलो मिलने वाला टमाटर अब 40 से 50 रुपये प्रति किलो में बिक रहा है। थोक व्यापारी बताते हैं कि अभी यह कीमत और ऊपर जा सकती है, क्योंकि स्थानीय उत्पादन न के बराबर हो गया है और आपूर्ति मुख्य रूप से कर्नाटक से हो रही है।

### भिंडी और करेला भी पहुंचे नई ऊंचाई पर

भिंडी, जो दो दिन पहले तक 20 रुपये किलो बिक रही थी, अब 30 से 35 रुपये किलो में मिल रही है। इसी तरह करेला भी अब 50 रुपये प्रति किलो के भाव पर पहुंच गया है। मौसम की मार से न सिर्फ पैदावार घटी है, बल्कि खराब सड़क हालात और परिवहन लागत भी कीमतों को और बढ़ा रही हैं।

### मसालों ने भी रुलाया

केवल हरी सब्जियां ही नहीं, बल्कि मसाले भी अब महंगाई की मार झेल रहे हैं। लहसुन की कीमत में दो दिनों के भीतर 20 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है, जिससे यह अब 110 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। अदरक 45 रुपये किलो और धनिया भी अब 40 रुपये किलो के आसपास बिक रहा है।

### बाहरी राज्यों से निर्भरता बढ़ी

स्थानीय उपज लगभग बंद होने से जबलपुर की मंडियां अब छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों से आने वाली सब्जियों पर निर्भर हो गई हैं। थोक बाजार में टमाटर 24 से 26 रुपये किलो की दर पर खुलता है, लेकिन फुटकर में यह 45 रुपये किलो तक बिकता है। परिवहन लागत, खराब सड़कें और बिचौलियों का लाभ मार्जिन कीमतों में बढ़ोतरी के मुख्य कारण बन रहे हैं।

### आलू-प्याज भी महंगे

अब तक अपेक्षाकृत स्थिर रहने वाले आलू और प्याज की कीमतों में भी इजाफा देखने को मिला है। आलू और प्याज की कीमतें अब 30 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई हैं, जबकि इनके थोक बाजार में आने की दरें क्रमशः प्रयागराज (जी-4 आलू) और आगरा (मिलिट्री आलू), तथा मैहर और खंडवा (प्याज) से बनी हुई हैं। कृषि मंडी में रोजाना लगभग 20-22 गाड़ियां इन जिलों से पहुंच रही हैं, फिर भी मांग की तुलना में आपूर्ति कम है।

### और बढ़ सकते हैं दाम

कृषि उपज मंडी से जुड़े व्यापारियों और थोक विक्रेताओं का मानना है कि बारिश का सिलसिला यूं ही जारी रहा तो अगले एक सप्ताह में सब्जियों के दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है। खासकर वेजिटेबल सप्लाई पर निर्भरता और अधिक बढ़ेगी, जिससे रसोई खर्च में 20% तक की और बढ़ोतरी संभव है।



# ट्रक की टक्कर से 2 की मौत एक गंभीर

**बरेला के समीप हाईवे पर हादसा**

**जबलपुर।**

बरेला थाने की गौर चौकी अंतर्गत नागपुर बरेला हाईवे पर गुरुवार की दोपहर नगर निगम की 30 पीली बिल्डिंग के पास में तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमपी 15 एचए 5990 के चालक ने मिक्सचर मशीन लेकर जा रहे पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 19- जीए -5933 को जोरदार टक्कर मारते हुए डिवाइडर से जा टकराया। इस हादसे में पिकअप वाहन में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकी एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया. बरेला थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने बताया की कि कल दोपहर जब बारिश हो रही थी इसी दौरान एक पिकअप वाहन मिक्सचर मशीन को लोड करके जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर रोड डिवाईडर से टकराकर पलट गया। इस हादसे में पिकअप वाहन में सवार तीन लोगों में से 2 की मौत हो गई एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जान बचाकर "राहवीर" बने सूबेदार अमित शिववंशी और माढ़ोताल पुलिस

वहीं इस घटना के बाद पुलिस का एक मानवीय चेहरा सामने आया। दरअसल हादसे की सूचना मिलते ही प्रभात गश्त पर तैनात सूबेदार अमित शिववंशी और माढ़ोताल पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर गोल्डन अस्पताल पहुंचाया गया। इस सराहनीय कार्य में प्रधान आरक्षक विजय, एएसआई दिलीप बरकड़े व आरक्षक अनिल यादव की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की मानवीय संवेदना और त्वरित रेस्पॉन्स के चलते घायलों की जान बच पाई। इन्हें "राहवीर" की संज्ञा दी गई है।

### कप्तान ने की अपील

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने नागरिकों से अपील की है कि दुर्घटनाओं की स्थिति में घायलों की मदद कर गुड सेमेरिटन (राहवीर) बनें। भारत सरकार की ₹राहवीर योजना₹ के तहत जान बचाने वालों को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि और राष्ट्रीय सम्मान भी दिया जाता है।

# लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को लेकर हुई बैठक

**जबलपुर।**



कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में जिला स्तर पर जिन लोगों के प्रमोशन होना है, उनके संबंध में लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी कल शाम 5 बजे तक कर्मचारियों की एसीआर व डाटा अधिकारी के पास प्रस्तुत करें। साथ ही कहा कि इस संबंध में शीघ्र ही एक समिति गठित कर काम शुरू कर दिया जाये।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि इस संबंध में सोमवार टीएल बैठक के बाद एक महत्वपूर्ण बैठक होगी, अतः सभी विभागों के जिला अधिकारी आवश्यक तैयारियों के साथ बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि पदोन्नति संबंधी समस्त कार्यवाही 31 जुलाई तक पूर्ण कर ली जाये। साथ ही कहा कि परामर्शदात्री की बैठक भी शीघ्र की जाये। बैठक में अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड, संयुक्त कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र अहाके व विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विशेष मध्यस्थता अभियान प्रारंभ किया

**जबलपुर ।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विशेष मध्यस्थता अभियान का शुभारंभ किया गया है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जायेगा।इस दौरान शक्ति वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा उपस्थित मध्यस्थगण व सामुदायिक मध्यस्थगण को मध्यस्थता अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने अवगत कराया कि ऐसे पक्षकारगण जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और उसमें मध्यस्थता की आवश्यकता है तो वे अपना प्रकरण मध्यस्थता कार्यवाही हेतु न्यायालय से मीडिएशन हेतु रेफर करवा सकते हैं। इससे उनके प्रकरण में तत्काल मध्यस्थ नियुक्त कर मध्यस्थता कार्यवाही की जा सकेगी।

## मास्टर आईडी से सट्टा खिलाने वाला युवक गिरफ्तार, मुख्य सरगना फरार

**जबलपुर।** क्रिकेट सट्टा के खिलाफ जबलपुर पुलिस की सख्त मुहिम के तहत क्राइम ब्रांच और लार्डगंज थाना पुलिस ने मास्टर आईडी से सट्टा खिलाने वाले अंकित लोधी (27) को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच पर दांव लगा रहा था। पुलिस ने उसके पास से आईफोन 14 और तीन हज़ार दो सौ नगद बरामद किए। पूछताछ में पता चला कि वह राविल जैन से मास्टर आईडी लेकर ग्राहकों को आईडी देता था और बदले में 10 हजार प्रतिमाह कमाता था।आरोपी के खिलाफ सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई में क्राइम ब्रांच व थाना स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही। मुख्य आरोपी राविल जैन की तलाश जारी है।

# पुलिस की तानाशाही पर होगा जन आंदोलन

## शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या

**जबलपुर।**



नगर कांग्रेस ने जबलपुर पुलिस पर तानाशाही और प्रदेश सरकार की कठपुतली की तरह कार्य करने का अरोप लगाते हुये आने वाले दिनों में चरण बध्द आंदोलन की चेतावनी दी.

नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने गुरुवार को कहा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर झूठी एफआईआर का विरोध करने के लिये जब कांग्रेस जन एसपी आफिस पहुंचे तब एसपी ने मिलने से इंकार कर दिया, जबकी वो कार्यालय में मौजूद थे. उन्होंने कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल से मिलने से इंकार किया, साथ ही ज्ञापन भी स्वीकार नहीं किया. जब कांग्रेस कार्यकर्ता शांतिपूर्ण धरने पर बैठे तो उनके उपर बल प्रयोग किया गया और झूठे मुकदमे दर्ज कर दिये गये. पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने कहा जबलपुर पुलिस की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस जन अब चरण बध्द जन आंदोलन खड़ा करेंगे. इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, पूर्व विधायक संजय यादव, कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष सतीश तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा, अभिषेक चिंटू चौकसे सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

**लोकमत समूह के संस्थापक की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह, विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को किया गया सम्मानित**

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. दर्डा जी का चिंतन आज भी प्रेरणास्रोत

**हरिभूमि, जबलपुर।**



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर चिंतक एवं लोकमत समाचार समूह के संस्थापक स्वर्गीय श्री जवाहरलाल दर्डा 'बाबूजी' की जयंती पर बुधवार को जबलपुर में श्री सेठ गोविंददास चिकित्सालय तथा शहीद स्मारक पर भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। प्रातःकाल बाबूजी की प्रतिमा पर पूर्व विधायक विनय सक्सेना, संजय परोहा (ब्यूरो चीफ, लोकमत), अजीत दुबे, अरविंद श्रीवास्तव, दुर्गेश पांडे, प्रमोद वर्मा सहित अन्यजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की और मरीजों को फल वितरित किए। सायंकाल शहीद स्मारक पर आयोजित समारोह में बाबूजी के व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण करते हुए पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि बाबूजी का चिंतन आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में युवा अवस्था में भाग लेकर आजादी के बाद पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम बनाया। लोकमत समूह के डायरेक्टर अशोक जैन एवं वाइस प्रेसिडेंट एसएस खरे ने बाबूजी की जबलपुर से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए सेठ गोविंददास चिकित्सालय में लोकमत समूह की सेवाओं का उल्लेख किया।

### हरिभूमि के संजय समेत कई विभूतियां सम्मानित

इस अवसर पर हरिभूमि/आईएनएच के ब्यूरो चीफ संजय साहू समेत कई विभूतियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में साहित्यकार पंकज स्वामी, पत्रकार सुरेन्द्र दुबे, आशुतोष तिवारी, चिकित्सा/प्रशासन से डॉ. पुष्पराज पटेल, सीएसपी कैंट उदयभान बागरी, प्रधान आरक्षक यातायात अनिल मिश्रा, डॉ. रीना कोठारी कला/पर्यटन/कृषि/सेवा से विजय वंशकार, दीपिका पांडे, एलियामा सिंह (चीफ मैट्रन), तरुण मिश्रा, दीपक पटेल को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में त्रिवेणी परिषद, जाबालि खादी एवं ग्रामोद्योग समिति, अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद को भी स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रतुल श्रीवास्तव, डा. संध्या जैन श्रुति, मीना भट्ट, डा. अरुणा पांडे, निर्मला तिवारी, चंद्र प्रकाश वैश्य, डा. मुकुल तिवारी, महेश स्थापक, संतोष नेमा, मिथिलेश नायक, रत्न ओझा, डा. शोभा सिंह, मृगेंद्र नारायण सिंह, राजीव गुप्ता, दुर्गेश पांडे, संतोष दुबे, प्रमोद वर्मा, बृजेश मिश्रा, विजय जायसवाल, विष्णु पांडे सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संजय परोहा द्वारा किया गया।

# राजेश्वरी अधारताल, मधुर संभालेंगे सीएसपी गोहलपुर की कमान

**हरिभूमि, जबलपुर**



पुलिस महकमे में एक बार फिर तबादलों की बड़ी लहर चली है। गृह विभाग द्वारा गुरूवार शाम जारी आदेश में जिले के कई पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। जबलपुर से बाहर भी अधिकारियों को भेजा गया है और दूसरी जिलों से अनुभवी अफसर जबलपुर बुलाए गए हैं। सबसे चर्चित नाम मधुर कुमार पटेरिया का है, जिन्हें नर्मदापुरम के तेंदूखेड़ा से तबादला कर जबलपुर का सीएसपी गोहलपुर बनाया गया है। यह क्षेत्र लगातार चुनौतीपूर्ण मामलों की वजह से फोकस में रहता है। वहीं राजेश्वरी कौरव भोपाल पुलिस मुख्यालय में तैनात थीं, अब सीएसपी आधारताल के रूप में जबलपुर आई हैं। मोनिका तिवारी, डीएसपी महिला सुरक्षा, नरसिंहपुर से तबादला होकर सहायक सेनानी, 6वीं बटालियन बनाई गई हैं। इसी क्रम में विजय कुमार अंभोरे को सहायक सेनानी, 6वीं बटालियन, जबलपुर पदस्थ किया गया है। इसके विपरीत पुष्पेंद्र आढत्य को जबलपुर से उज्जैन की 32वीं बटालियन में भेजा गया है। लोकेश कुमार मार्को को जबलपुर से नरसिंहपुर महिला सुरक्षा में तैनात किया गया है। गौरतलब हैं कि कार्यवाहक सीएसपी मधुर पटैरिया, विजय अंभोरे जबलपुर में बतौर थाना प्रभारी अपनी सेवाएं दे चुके है।

# श्रीमद्भागवत ही जीव कल्याण का सच्चा मार्ग है : ब्रह्मचारी चैतन्यानंद

**गुरु पूर्णिमा पर श्री शंकराचार्य मठ में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का हुआ शुभारंभ**

हरिभूमि, जबलपुर।

**गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्री शंकराचार्य मठ बगलामुखी सिद्धपीठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ भक्तिमय वातावरण में मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने श्रीमद्भागवत के दिव्य माहात्म्य की व्याख्या करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य जन्म-जन्मांतर के पुण्यों का फल है।**



यह भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की सिद्धि का पावन माध्यम है। ब्रह्मचारी जी ने श्री सनकादिक ऋषियों एवं नारद जी के संवाद का उदाहरण देते हुए बताया कि अज्ञान ही धुंधकारी है और ज्ञान ही गोकर्ण है। यदि कोई जीव अपने कल्याण की कामना करता है और भगवत प्राप्ति की ओर अग्रसर होना चाहता है, तो उसे श्रीमद्भागवत श्रवण अवश्य करना चाहिए। पूज्य संत ने यह भी कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक कथा नहीं, बल्कि ईश्वर के प्रति प्रेम और आत्मबोध का सेतु है। इसके श्रवण से अंतर्मन निर्मल होता है और जीव का वास्तविक कल्याण संभव होता है।

### सात दिवसीय कथा में रोज होगा भक्ति का अमृतपान

श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन संगीतमय प्रवचन, हवन पूजन एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। यह कथा मन, वचन और कर्म की शुद्धि हेतु समर्पित है, जिसमें भाग लेने से हर भक्त को आत्मिक शांति व ईश्वरीय अनुभूति प्राप्त होगी।

### यह रहे उपस्थित-

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से भारत सिंह यादव, बीके नीता पटेल, डॉ. नर्मदा शर्मा, मधु यादव, सोनू बचवानी, संजय मिश्रा, ज्ञान त्रिपाठी, भावना निगम, कु. नेहा गुप्ता, मोनू सिंह परिहार, आशीष चौकसे, शुभम चौरसिया, तुलसी अवस्थी, गौरव चौबे, अभिषेक उपाध्याय, वैभव दुबे, विनोद अरोरा, नीरज गुप्ता, सुनील गुप्ता, नवीन यादव, रोहित साहू, राहुल मोर्य, शंकर लाल गुप्ता एवं मनोज सेन आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी व अर्चना तिवारी होंगे मुख्य यजमान**

# नैमिषारण्य, लखनऊ में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 16 से



**जबलपुर।** हिंदू तीर्थों के महातीर्थ नैमिषारण्य, जो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के निकट स्थित है, में 16 जुलाई से 22 जुलाई 2025 तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस पवित्र आयोजन के मुख्य यजमान इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती अर्चना तिवारी दंपति होंगे।

नैमिषारण्य, भगवान ब्रह्मा जी के आशीर्वाद से सुशोभित एक पवित्र तीर्थ स्थल है, जहां माना जाता है कि कलयुग का प्रभाव कभी नहीं पड़ेगा। यह स्थान अपनी आध्यात्मिक पवित्रता और महत्ता के लिए आज भी प्रसिद्ध है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, नैमिषारण्य में सूत मुनि ने 88 हजार ऋषि-मुनियों को भगवान सत्यनारायण की कथा सुनाई थी। भगवान ब्रह्मा जी द्वारा अपने चक्र से पृथ्वी पर निर्मित जलधारा, जिसे तीर्थ चक्र कहा जाता है, में स्नान का विशेष महत्व है। इस तीर्थ के दर्शन मात्र से ही मनुष्य के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है।

इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ पर स्वामी वेंकटेश प्रपन्नचार्य, पीठाधीश्वर गया (बिहार) व पुष्कर (राजस्थान), विराजमान होंगे और उपस्थित वैष्णव भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे। इस आयोजन का संयोजन श्री वैष्णव भक्त मंडल, शोभापुर, जिला नर्मदापुरम द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन के व्यवस्था प्रमुख जगमोहन गट्टानी और पुरुषोत्तम लड्ढा ने बताया कि इस कथा में देश भर से हजारों भक्तगण सम्मिलित होंगे। यह आयोजन भक्ति, आध्यात्म और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। सभी भक्तों से अनुरोध है कि वे इस पवित्र आयोजन में भाग लेकर श्रीमद् भागवत कथा का लाभ उठाएं और अपने जीवन को भक्ति के प्रकाश से आलोकित करें।



## किन्नर संत ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** किन्नर संत संतोषी माता ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर बताया कि वे खाटू श्याम आश्रम डुमना की संस्थापक हैं एवं मंगलामुखी किन्नर समाज के सभी धर्मगुरु शिष्य एक साथ एक मठ में रहकर सांस्कृतिक परंपरा से कई पीढ़ियों से समाज में शुभ कार्य, गृह प्रवेश, जन्म, विवाह यजमानों के घर जाकर गीत, भजन नाच गाकर आशीर्वाद स्वरूप बधाई मांग कर जीवन यापन करते हैं एवं किन्नर समाज में सभी जाति वर्ग के धर्म गुरु शिष्य रहते हैं वह एकता के साथ अपने-अपने धर्म का नियम से पालन करते हैं, किन्नर पंचायत मुखिया हल करती है, लेकिन हिंदू टाइगर फोर्स के सदस्य सुशील बर्मन संजय नगर एवं नितेश पटेल निर्भय नगर निवासी विगत दो महीने से मोबाइल से फेसबुक सोशल मीडिया पर किन्नर समाज के ऊपर जातिवाद, बधाई नेग, असली, नकली कई प्रकार की पोस्ट फेसबुक पर डालकर समाज को भ्रमित कर मानवता एवं मंगलामुखी किन्नर समाज एवं किन्नर संत समाज की छवि को खराब करने की साजिश रच रहे हैं, जबकि किन्नर समाज की सभी जानकारी पूर्व में मंगलामुखी किन्नर समाज द्वारा आमजन तक प्रेस वार्ता के माध्यम से दी गई है। ज्ञापन देते समय समीना बाई, नायरा सिंह, माहिश, मुस्कान बाई, रावी नायक तराना बाई, सोफ़ी नायक, गुरु माही शुक्ला, सपना पांडे, दिया मिश्रा, संतांगी माता, गीता श्री, भूमिका दुबे आदि मौजूद रहे।



## सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ का गठन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि आज जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन में सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ का गठन किया गया जिसमें मनमोहन चौधरी, रामेश्वर प्रसाद दुबे, देवेंद्र भट को क्रमशः जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया और भोला सिंह चौहान को विशिष्ट सलाहकार का पद दिया गया। सभी पदाधिकारियों को संगठन की तरफ से महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गई। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने संगठन के हित में पूर्ण ईमानदारी और सेवाभावना से कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, सुरेंद्र चौधरी, गुडविन चार्ल्स, रऊफ खान, धनराज पिल्ले, आशाराम झारिया, दीपेश जैन, रिज़वान मंसूरी, तेजभान सिंह, कुलदीप सिंह, विनय चौधरी आदि ने उपस्थित होकर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# त्रिदिवसीय 'दीक्षारंभ समारोह' कार्यक्रम का शुभारंभ

जबलपुर।

उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय जबलपुर में प्रवेश उत्सव के अतंर्गत त्रिदिवसीय 'दीक्षारंभ समारोह' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल एवं सभी विभागों की प्राध्यापकों ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। प्रो. अरुण शुक्ल ने महाविद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुये विद्यार्थियों को शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें मुख्य रूप से प्रतिभा किरण योजना, गांव की बेटी योजना, मेधावी छात्रवृत्ति, कॅरियर गाइडेंस सेल, एन.सी.सी, एन.एस.एस एवं विद्यार्थियों के आवागमन हेतु बस सुविधा की जानकारी दी। प्राध्यापकों, कर्मचारियों का परिचय एवं परिसर की जानकारी




दी गई। एन.सी.सी के सीनियर छात्र अर्णव शर्मा द्वारा एनसीसी की गतिविधियों और लाभ से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होने एवं महाविद्यालय द्वारा आयोजित गतिविधियों में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. चित्रा राय, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. रामेश्वर झारिया, डॉ. रुपेन्द्र गौतम, डॉ. रविश तमन्ना, डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. संघप्रिया तिवारी, डॉ. राहुल झारिया, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत के साथ नव प्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।





# 'या अली, या हुसैन' के नारों से गूंजी मदन महल पहाड़ी

**शिया समुदाय ने निकाला मातमी जुलूस**

**जबलपुर।** मुहर्रम की 7 तारीख (सफर की रात) के अवसर पर जबलपुर नगर और उपनगर के इमामबाड़ों में सुबह से ही चहल-पहल बनी रही। शहर की मुस्लिम बस्तियों में जगह-जगह लंगर और छबील (पानी और शरबत का वितरण) का इंतजाम किया गया।

मदन महल दरगाह में सवारियों द्वारा सलामी पेश करने के लिए प्रमुख जुलूस पथ, छोटी बजारिया से मदन महल दरगाह तक, नूरानी नौजवान लंगर कमेटी, शान लंगर कमेटी, अमन एकता कमेटी, हुसैन एकता कमेटी, हैदरे लंगर कमेटी, अमर एकता कमेटी, कर्बला लंगर कमेटी और गौसे आजम लंगर कमेटी द्वारा जायरीनों के लिए लंगर, छबील और पानी का एहतेमाम किया गया। कमेटियों ने आकर्षक विद्युत सज्जा भी की थी, जिसने माहौल को और भी रोशन कर दिया।

हैदरे लंगर कमेटी, मुजावर मोहल्ला के संयोजन में 30 देग मटर पनीर पुलाव का इंतजाम किया गया। लंगर की शुरुआत में कमेटी के नौजवानों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल हॉस्पिटल में इलाजरत मरीजों और उनके परिजनों को लंगर वितरित किया गया। रात्रि 8 बजे से ही गढ़ा के जुलूस पथ पर जायरीनों का आना शुरू हो गया, जो देखते ही देखते भारी जनसैलाब में बदल गया। समाचार लिखे जाने तक आसमान से बूंदाबांदी के बीच इमामबाड़ों से सवारियों का उठना शुरू हो गया था। बैंड-बाजों के साथ निकली सवारियों में बड़े मुजावरों के साथ-साथ मासूम बच्चों पर भी 'हाल' की आमद हुई। मोहर्रम की सात तारीख को जबलपुर में शिया समुदाय द्वारा मातमी जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अजादारों ने भाग लिया। मौलाना जाबिर साहब ने अपने उद्बोधन में इस बात पर जोर दिया कि मोहर्रम केवल एक महीने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक आंदोलन का प्रतीक है। और गलगला चौराहा होते हुए शाम 6 बजे गलगला शिया इमामाबाड़े में समाप्त हुआ। संस्था के सचिव जनाब अफ़सर हुसैन ₹फ़ौजूर₹ ने प्रशासनिक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

**शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय में**

# दीक्षारम्भ कार्यक्रम के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र शुरु

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अनंदी लाल कुर्मी ने किया आयोजन में नवप्रवेशित स्नातक यूजी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, शैक्षणिक ढांचे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) 2020 से परिचित कराया गया। प्रथम एवं द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनोज श्रीवास्तव के द्वारा की गई।

विद्यार्थियों को महाविद्यालय की आधारभूत संरचना जैसे कि आधुनिक पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं, ऑडिटोरिअम, छात्रावास, स्मार्ट क्लासेस, एन.सी.सी.और अन्य सह-पाठ्यचर्या एवं पाठ्येतर गतिविधियों से अवगत कराया। दूसरे सत्र में



डॉ.श्रीवास्तव ने स्वयं पोर्टल एस डब्लू ए वाई ए एम के बारे में विस्तार से बताया जो कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित एक डिजिटल मंच है। इस मंच पर उपलब्ध मुफ्त ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के क्षेत्रों में अतिरिक्त कौशल अर्जित कर सकते हैं।

तीसरे सत्र की अध्यक्षता डॉ.श्रीकृष्ण तिवारी ने की। डॉ. अंजली मांडवे ने विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं एंव एन.सी.सी.अधिकारी डॉक्टर अर्चना नामदेव ने एन.सी.सी.से जुड़ने की प्रक्रिया के संबंध में बताया क्रीड़ा अधिकारी डॉ.रचना विश्वकर्मा ने विभिन्न क्रीड़ा गतिविधियों और एथलेटिक्स में भाग लेने के अवसरों के बारे में जानकारी दी। पुस्तकालय भ्रमण के दौरान लाइब्रेरिअन डॉ प्रतिभा कुर्मी से विद्यार्थियों ने ई-ग्रंथालय एवं वन नेशन वन सब्स्क्रिप्शन जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं के बारे में जाना।



## अंसारी समाज के अध्यक्ष हकीम बाबा ने रखी सवारी

**जबलपुर।** शहादत के पर्व मुहर्रम में जबलपुर संस्कारधानी में चारों तरफ उत्साह एवं अमन का वातावरण देखने को मिल रहा है, जहां विगत रात्रि में अलग-अलग इलाकों से देर रात ईशा की नमाज के बाद टिपारियों का जुलूस निकाला गया एवं हर गली मोहल्ले में सवारी ताजिया रखने की तैयारी चल रही है, इसी के मद्देनजर हकीम बाबा सातों कमेटी अंसार समाज के अध्यक्ष ने सभी संस्कारधानी वासियों एवं प्रदेश, देश के लोगों को सर्वप्रथम इस्लामी नया साल 1447 हिजरी की मुबारकबाद पेश की, वहीं नई बस्ती जाकिर हुसैन वार्ड में हकीम बाबा के निवास में विगत लगभग 40 वर्षों से भी ताजिया सवारी रखी जाती है, सरदार हकीम बाबा ने मुहर्रम पर्व में शांति एवं स्वभाव सौहार्द की कामना की एवं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन ,नगर निगम प्रशासन को मुस्तादी के लिए दिल्ली मुबारकबाद पेश की।

## जिला उपार्जन समिति की बैठक आज

**जबलपुर।** किसानों से ग्रीष्म कालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन को सुचारू रूप से संपन्न कराने तथा उपार्जन केंद्रों के निर्धारण हेतु जिला उपार्जन समिति की बैठक 4 जुलाई को सुबह 11.30 बजे कलेक्ट्रेट स्थित उप संचालक कृषि कार्यालय में आयोजित होगी।

## निधन

**श्री बाबू लाल बर्मन-** सागर कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री बाबू लाल बर्मन (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय पटेल-** गोरखपुर ककरैया तलैया निवासी श्री संजय पटेल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती गीता बाई पांडे-** रानी दुर्गावती नगर तिलहरी निवासी श्री उदयराज पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई पांडे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगमोहन दास सराफ-** तमरहाई स्कूल के पास निवासी श्री जगमोहन दास सराफ का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पांडुरंग बनसोढ-** रामपुर रामनगर निवासी श्री पांडुरंग बनसोढ (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बंसत कुमार लोधी-** गंगासागर गढ़ा अखाड़े के पास निवासी श्री बसंत कुमार लोधी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती अंजना अग्रवाल-** त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री सुरेंद्र कुमार अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती अंजना अग्रवाल (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण प्रसाद दुबे-** विनोबा भावे वार्ड करियापाथर निवासी श्री नारायण प्रसाद दुबे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती घस्सो बाई पटेल-** पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी श्रीमती घस्सो बाई पटेल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मालती खटीक-** खेरमाई वार्ड खटीक मोहल्ला निवासी श्री पुरूषोत्तम खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती मालती खटीक (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिव नारायण यादव-** एपीआर कॉलोनी बिलहरी निवासी श्री शिव नारायण यादव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला प्रसाद कोरी-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री कमला प्रसाद कोरी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी कोरी-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पीछे निवासी श्री मोहन लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी कोरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भागचंद सोनकर-** दंगल मैदान खटीक मोहल्ला घमापुर चौक के पास निवासी श्री भागचंद सोनकर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नितिन पोपट-** पत्रकार कॉलोनी रानीताल निवासी छायाकार श्री नितिन पोपट (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा देवी अर्खेल-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री रमेश अर्खेल की धर्मपत्नी श्रीमती आशा देवी अर्खेल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुनीता रैकवार-** शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री उमेश कुमार रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता रैकवार (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

**नाम परिवर्तन सूचना**

में Sandeep Kumar Nayak पिता वीरेंद्र प्रसाद नायक यह घोषणा करता हूं कि मेरी कक्षा दसवीं की मार्कशीट में मेरे नाम की स्पेलिंग गलत लिखी है Sandip Kumar Naik लिखा है। जो गलत है जिससे सुधार कर अपने निवासिक दस्तावेज अनुसार कर लिया है अत: आज दिनांक से मुझे मेरे निवासी दस्तावेज अनुसार नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा जाए।
सही स्पेलिंग-SANDEEP KUMAR NAYAK
गलत स्पेलिंग - SANDIP KUMAR NAIK
पता -क्रिश्चयन कॉलोनी, सिविल वार्ड दमोह( म. प्र. )

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, PRAMILA HARINATH TIWARI is legally Mother of No 15692607N Rank L/HAV Name INDRAJEET HARINATH TIWARI presently, residing at VILL-A 17, GANGANAGAR NEAR HEAVY WATER COLONY, DANTESHWAR, PO- PRATAPNAGAR, TEH- DANTESHWAR DISTT- VADODARA (GUJRAT)-390004 I, have changed of my name and date of birth from name PARMILA H TIWARI and date of birth 01/07/1967 (Name and date of birth as per my SON, Army service records)) to name PRAMILA HARINATH TIWARI and date of birth 01/01/1967 (name and date of birth as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 02/07/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR
CORRECT NAME
PRAMILA HARINATH TIWARI
INCORRECT NAME-PARMILA H TIWARI
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1967
INCORRECT DATE OF BIRTH -01/07/1967

**PUBLIC NOTICE**

We are pleased to introduce our self as M/S ECOSAFE AGRISCIENCE INDIA PVT LTD. IEC Number is AAFCE7506B Would like to Import/Sales of 100% Water Soluble Mixture of Fertilizer Le. NPK 19:19:19, 16:08:24 13:40:13, 06:12:36. 20-20 20, 13-05-26, 12-32-14. 12-30-15 in the state of Madhya Pradesh. The quality of the product will be as per the Fertilizer Control Order 1985. Notification No. S.O. 2900 (E) Dt. 24.10.15.
Regd. Address: 250/A, PLOT NO. 22, UMA INDUSTRIAL ESTATE, VIRAMGAM HIGHWAY, AT-VASNAIYAVA, TA-SANAND, DIST- AHMEDABAD, GUJARAT - 382170

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/2025-26/ दिनांक 03/07/2025
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय कुमार शुक्ला पिता श्री पुरूषोत्तम नारायण शुक्ला ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 1054/बी/3 पचपेढ़ी रिज रोड़ संपत्ति के पिन क्रमांक 1000400637 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 900 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 410 वर्गफुट, प्रथमतल 400 RCC वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अवनीश प्रताप सिंह पिता श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर


## खबर संक्षेप



### टाटा पावर रिन्यूएबल्स की सौर परियोजनाएं शुरू

**नई दिल्ली।** टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष (2025-26) की अप्रैल-जून तिमाही में रिकॉर्ड 752 मेगावाट सौर परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके बाद कंपनी की कुल उपयोगिता-पैमाने की परिचालन क्षमता 5.6 गीगावाट हो गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि टाटा पावर की अनुषंगी कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की समान अवधि में कुल 354 मेगावाट सौर क्षमता शुरू की थी।

### गोदरेज इंडस्ट्रीज रसायन कारोबार का करेगी विस्तार



**मुंबई।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने रसायन कारोबार की क्षमता का विस्तार करने और उच्च वार्षिक राजस्व हासिल करने के लिए अगले कुछ वर्षों में 750 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। गोदरेज इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसका रसायन व्यवसाय 2030 से पहले एक अरब डॉलर का वैश्विक व्यवसाय बनने की अपनी विकास योजना के हिस्से के रूप में महत्वपूर्ण क्षमता विस्तार करेगा।

### इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज की बाजार में सपाट शुरुआत




**नई दिल्ली।** इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड के शेयर ने बृहस्पतिवार को 111 रुपये के निर्गम मूल्य के बराबर सूचीबद्धता के साथ बाजार में सपाट शुरुआत की। बीएसई और एनएसई, दोनों पर कंपनी का शेयर 111 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में, यह बीएसई पर 1.44 प्रतिशत चढ़कर 112.60 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई में, शेयर सपाट शुरुआत के बाद 1.35 प्रतिशत बढ़कर 112.50 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 707.48 करोड़ रुपये रहा।

### एलेम्बिक ने किया यूटिलिटी थेरेप्यूटिक्स का अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी अमेरिकी इकाई ने स्थानीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए 1.2 करोड़ डॉलर (100 करोड़ रुपये से अधिक) के सौदे में यूटिलिटी थेरेप्यूटिक्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया है। एलेम्बिक ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी की अमेरिकी अनुषंगी कंपनी एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स इंक द्वारा किया जा रहा है।

### रिलायंस रिटेल ने फेसजिम में अल्पांश हिस्सेदारी खरीदी




**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) ने ब्रिटेन स्थित फेसजिम में अल्पांश हिस्सेदारी खरीदी है। कंपनी अब भारत में चेहरे के स्वास्थ्य और त्वचा देखभाल संबंधी ब्रांड पेश करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि यह निवेश उच्च वृद्धि वाले सौंदर्य और तंदुरुस्ती क्षेत्र में इसके विस्तार का हिस्सा है। संयुक्त बयान के अनुसार, "इस साझेदारी के माध्यम से रिलायंस रिटेल की टीरा, फेसजिम के भारत में प्रवेश की अगुवाई करेगी।

# भारत में एप्पल को झटका! फॉक्सकॉन ने चीन के इंजीनियर्स वापस भेजे

## दक्षिण भारत स्थित फॉक्सकॉन के प्लांट में ताइवान का ही स्टाफ बच गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में विस्तार कर रहे एप्पल के कारोबार को बड़ा झटका लगा है। आईफोन के सबसे बड़े निर्माता फॉक्सकॉन ने करीब 300 से ज्यादा चीन के इंजीनियर्स और टेक्नीशियन को वापस अपने देश भेज दिया है। इससे भारत में आईफोन 17 प्रोडक्शन को बढ़ाने की कोशिश के सामने बहुत बड़ी चुनौती आ गई है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इतनी बड़ी संख्या में चीन के स्टाफ को पिछले करीब दो महीने से वापस भेजने के बाद अब सिर्फ दक्षिण भारत स्थित फॉक्सकॉन के प्लांट में ताइवान के ही स्टाफ बच गए हैं। एप्पल चीन से कारोबार समेट कर भारत में आईफोन का उत्पादन शुरू कर चुका है। भारत में तेजी से अपने कारोबार को बढ़ाने में लगे एप्पल की कोशिशों को इतनी बड़ी संख्या में चीन के लोगों के वापस भेजे जाने के बाद असर पड़ना तय माना जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि फॉक्सकॉन आईफोन 17 को जल्द बाजार में लाने के लिए तेजी के साथ विस्तार पर काम कर रही थी। हालांकि, कहा जा रहा है कि प्रोडक्ट की गुणवत्ता पर इसका किसी तरह का भले ही कोई असर नहीं होगा, लेकिन इसके प्रोडक्शन की समय-सीमा पर अब जरूर असर पड़ेगा।

### आईफोन के विस्तार पर असर

गौरतलब है कि इस समय एप्पल के कुल उत्पादन का पांचवां हिस्सा भारत में प्रोडक्शन हो रहा है और ये सिर्फ चार साल के अंदर उसने कामयाबी हासिल की है। एप्पल की कोशिश थी कि अमेरिका में बिकने वाले ज्यादातर फोन का 2026 के आखिर तक भारत में ही प्रोडक्शन हो। लेकिन टेक्निकल स्टॉक की भारी कमी की वजह से अब इस समय-सीमा पर असर पड़ सकता है।

### अमेरिका-चीन के बीच आए तनाव के बाद बदला माहौल

रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन की तरफ से लगातार इस बात का दबाव बनाया जा रहा था कि वे भारत और दक्षिण एशिया में आईफोन के प्रोडक्शन से जुड़े टेक्नोलॉजी को न भेजे और न ही प्रशिक्षित स्टाफ को ही वहां से भेजे। ऐसा अमेरिका और चीन के बीच आए व्यापारिक तनाव के बाद आईफोन के कारोबार को वहां से शिफ्ट होने से रोकने की एक बड़ी कोशिश है।




- भारत में आईफोन 17 का प्रोडक्शन बढ़ाने की कोशिश के सामने बड़ी चुनौती

### ट्रंप एप्पल का विस्तार अमेरिका में चाहते हैं

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल के चीन से कारोबार भारत में शिफ्ट करने की आलोचना करते हुए कहा था कि वे चाहते हैं कि एप्पल अपने प्रोडक्शन कैपिसिटी का अमेरिका के अंदर ही विस्तार करे। इसके साथ ही, लगातार कूटनीतिक बातचीत के बावजूद भारत और चीन के रिश्ते खटासपूर्ण रहे हैं।

## सीआईआई ने अर्थव्यवस्था की वृद्धि की संभावना जताई

# वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.4-6.7 फीसदी रहेगी, जीएसटी को त्रिस्तरीय बनाया जाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में मजबूत घरेलू मांग के सहारे 6.4-6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने बृहस्पतिवार को यह संभावना जताई।

- परिसंघ ने जीएसटी के त्रिस्तरीय कर संरचना की वकालत की

सीआईआई के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मेमानी ने अपने पहले सम्मेलन में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की एक सरल त्रिस्तरीय कर संरचना की वकालत की। उन्होंने कहा कि जरूरी वस्तुओं को पांच प्रतिशत कर के दायरे में रखा जा सकता है जबकि विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाए और शेष वस्तुओं को 12-18 प्रतिशत कर दायरे में रखा जाए।

फिलहाल जीएसटी एक चार-स्तरीय कर व्यवस्था है जिसमें पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है। मेमानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि अच्छे मानसून का अनुमान और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) एवं रेपो दर में कटौती से बढ़ी हुई तरलता जैसे कारक देश की आर्थिक वृद्धि का समर्थन करेंगे।



- जरूरी वस्तुओं को पांच प्रतिशत कर के दायरे में रखा जा सकता है
- विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाए

### सीआरआर में एक फीसदी की कटौती की गई

पिछले महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती की घोषणा करने के साथ मानक ब्याज दर रेपो में भी 0.50 प्रतिशत की कमी कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था। वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के बारे में सीआईआई के पूर्वानुमान पर पूछे गए सवाल पर मेमानी ने कहा, "हमें भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.4 से 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।"

### सीमेंट पर जीएसटी दर कम करने का सुझाव

मेमानी ने सीमेंट पर जीएसटी दर को भी 28 प्रतिशत से कम करने का सुझाव दिया। उन्होंने पेट्रोलियम, बिजली, अचल संपत्ति और शराब को जीएसटी के दायरे में लाए जाने पर एक राष्ट्रीय सहमति बनाने की वकालत की।

### रोजगार पैदा करने वाले विनिर्माण को बढ़ावा मिले

मेमानी ने कहा कि अगर भारत को उपलब्ध अवसरों का फायदा उठाना है तो उसे अधिक आर्थिक सुधार करने होंगे और कृत्रिम मेधा (एआई) की दौड़ जीतने के अलावा रोजगार पर उसके संभावित प्रभाव से भी निपटना होगा। परिसंघ अध्यक्ष ने कहा कि भारत को अधिक रोजगार पैदा करने वाले विनिर्माण को बढावा देने और कारोबारी सुगमता पर लगातार ध्यान देना होगा।

### वृद्धि की राह में कुछ जोखिम है

हालांकि, मेमानी ने कहा कि इस वृद्धि की राह में कुछ स्पष्ट जोखिम हैं जिनमें से कुछ बाहरी व्यापार जोखिमों से संबंधित हैं। मेमानी ने कहा, "मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से कारकों को अपने आकलन में शामिल किया गया है और कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। इसलिए उम्मीद है कि वे संतुलित हो जाएंगे... सीआईआई के नजरिये से देखें तो हम 6.4 से 6.7 प्रतिशत की वृद्धि देख रहे हैं।"

### दर को युक्तिसंगत बनाने की जरूरत

अध्यक्ष ने एक प्रस्तुति में कहा कि आर्थिक वृद्धि से जुड़े जोखिम समान रूप से संतुलित हैं। सीआईआई अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिए 'भू-राजनीतिक अनिश्चितता' नकारात्मक जोखिम पैदा करती है जबकि 'मजबूत घरेलू मांग' इसका सकारात्मक पहलू है। उन्होंने जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि कम आय वाले तबके के इस्तेमाल वाली वस्तुओं पर कर की दर घटाई जानी चाहिए।

# भारत पर अमेरिकी शुल्क अन्य से कम रहने की उम्मीद : मूडीज

## एशिया प्रशांत के कई देशों पर भारत से ज्यादा हो सकती है शुल्क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मूडीज रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के कई देशों की तुलना में भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की संभावना है, जिससे अर्थव्यवस्था को और अधिक निवेश आकर्षित करने और वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है। एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिदृय अपने दृष्टिकोण में मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि कई निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अप्रैल में बहुत अधिक अमेरिकी शुल्क से प्रभावित हुईं। हालांकि, बातचीत से द्विपक्षीय आधार पर शुल्क और अन्य व्यापार बाधाओं में कुछ कमी आने की संभावना है, लेकिन नीति अनिश्चितता, निवेश निर्णयों को चुनौती दे रही है और व्यापार को बाधित कर रही है।

मूडीज ने कहा कि व्यापार नीति के बारे में अनिश्चितता और वैश्विक व्यापार के संभावित बदलाव ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में चक्रीय और संभवतः संरचनात्मक ऋण जोखिम बढ़ा दिए हैं। मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि चीन से बाहर निवेश और



- भारत को वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है

विनिर्माण के विविधीकरण से लाभान्वित होने वाली वियतनाम और कंबोडिया जैसी अर्थव्यवस्थायें अब उच्च अमेरिकी शुल्क का सामना कर रही हैं। ये अर्थव्यवस्थायें विशेष रूप से जोखिम में हैं। मूडीज रेटिंग्स ने कहा, ''/"कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों के उलट भारत को निवेश और व्यापार प्रवाह में एक शुल्क आधारित बदलाव का लाभ मिल सकता है। एशिया प्रशांत क्षेत्र (एपीएसी) में कई देशों की तुलना में भारत पर कम शुल्क रह सकता है, जो अर्थव्यवस्था को आगे निवेश प्रवाह को आकर्षित करने और एक वैश्विक विनिर्माण आधार के रूप में विकसित होने में मदद कर सकता है।''

### जवाबी शुल्क पर रोक 9 जुलाई को समाप्त हो रही

वर्तमान में, भारत और अमेरिका के अधिकारी दोनों देशों के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। भारत अपने श्रम-गहन उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है, वहीं अमेरिका अपने कृषि उत्पादों के लिए शुल्क रियायत चाहता है। अमेरिकी जवाबी शुल्क पर रोक नौ जुलाई को समाप्त हो रही है, ऐसे में व्यापारी समझौते के लिए बातचीत महत्वपूर्ण हो जाती है।

# शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 170 अंक और टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक टूट गया।

- अंतिम घंटे में वित्तीय व धातु शेयरों में आई बिकवाली

बाजार में कारोबार के दौरान तेजी थी लेकिन अंतिम घंटे में वित्तीय कंपनियों और धातु शेयरों में बिकवाली से यह गिरावट के साथ बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 170.22 अंक यानी 0.20 प्रतिशत टूटकर 83,239.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक



समय यह 440.4 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 48.10 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,405.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

### बाजार में रहा उतार-चढ़ाव

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और यह मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ...।" उन्होंने कहा कि क्षेत्रावार देखा जाए तो रुख मिला-जुला रहा। वाहन और औषधि क्षेत्र के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि धातु और रियल्टी सबसे ज्यादा नुकसान में रहे।

### व्यापार समझौते पर निवेशकों की निगाह बनी हुई

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि शुल्क छूट को लेकर 90 दिन की अवधि समाप्त होने वाली है। ऐसे में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते से जुड़े घटनाक्रमों पर निवेशकों की निगाह बनी हुई है। अधिक मूल्यांकन के कारण हाल के दिनों में विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सतर्क हो गए हैं।

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 माह के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जून में भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें सकारात्मक मांग के रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतरराष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार शामिल है। बृहस्पतिवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मई में 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया, जो नए व्यावसायिक ऑर्डरों में तेज उछाल के कारण हुआ। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है।



### नए ऑर्डर सबसे तेज गति से बढ़े

अगस्त, 2024 के बाद से नए ऑर्डर सबसे तेज गति से बढ़े। सेवा कंपनियों को घरेलू बाजार की निरंतर मजबूती से सबसे ज़्यादा फ़ायदा हुआ, साथ ही नए निर्यात कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। पैनल के सदस्यों के अनुसार, एशियाई, पश्चिम एशियाई और अमेरिकी बाज़ारों से विदेशी मांग में ख़ास तौर पर सुधार हुआ।

# चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ रुपए का उद्योग बना : जोशी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत का चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ रुपये का उद्योग बन गया है और यह ग्रामीण समृद्धि और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा दे रहा है।

- सहकारी चीनी उद्योग सम्मेलन 2025 को किया मंत्री ने संबोधित
- उद्योग ग्रामीण समृद्धि व ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा दे रहा

मंत्री 'सहकारी चीनी उद्योग सम्मेलन 2025' और 'राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार समारोह' को संबोधित कर रहे थे। जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत का चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ रुपये (वार्षिक) का उद्योग बन गया है, जो रिकॉर्ड एथनॉल मिश्रण और ईंधन में आत्मनिर्भरता जैसे सुधारों के माध्यम से ग्रामीण समृद्धि, ऊर्जा सुरक्षा और हरित ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है।''




जोशी ने कहा कि यह देखना प्रेरणादायक है कि कैसे इस क्षेत्र का विकास भारत के लिए एक टिकाऊ, आत्मनिर्भर भविष्य को आकार दे रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड द्वारा किया गया था। इसकी स्थापना वर्ष 1960 में भारत में एक मजबूत और जीवंत सहकारी चीनी क्षेत्र के निर्माण के लिए की गई थी।

देशभर की सभी सहकारी चीनी मिलें और राज्य सहकारी चीनी संघ इसके सदस्य हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अनुकूल नीतिगत पहल की मदद से मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में भारत की एथनॉल उत्पादन क्षमता चार गुना से अधिक होकर 1,810 करोड़ लीटर सालाना हो गई है।

### पेट्रोल के साथ एथेनॉल मिश्रण बढ़कर 19 फीसदी

बढ़ी हुई स्थापित उत्पादन क्षमता के साथ, पेट्रोल के साथ एथनॉल का मिश्रण वर्ष 2013 के 1.53 प्रतिशत से बढ़कर अब लगभग 19 प्रतिशत हो गया है, जिससे विदेशी मुद्रा में 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की भारी बचत हुई है। साथ ही इससे गन्ना और खाद्यान्न किसानों को भी लाभ हुआ है।

## वैश्विक टेक इंडस्ट्री मंदी और कास्ट कटिंग के दौर से गुजर रही

# माइक्रोसाफ्ट में 9 हजार कर्मचारियों की एक साथ जाएगी नौकरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों में से एक माइक्रोसॉफ्ट एक बार फिर बड़ा फैसला लेते हुए हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। यह फैसला ऐसे वक्त में आया है जब वैश्विक टेक इंडस्ट्री मंदी और कास्ट कटिंग के दौर से गुजर रही है।

- माइक्रोसॉफ्ट की यह छंटनी 2023 के बाद की सबसे बड़ी

माइक्रोसॉफ्ट की यह छंटनी कंपनी के 2023 के बाद की सबसे बड़ी छंटनी मानी जा रही है, जिससे हजारों परिवारों पर असर पड़ेगा।

माइक्रोसॉफ्ट ने पुष्टि की है कि उसने अपने कुल 2.28 लाख कर्मचारियों में से 9,100 को नौकरी से निकाल दिया है। यानी कंपनी ने अपने कुल कर्मचारियों का करीब 4 प्रतिशत हिस्सा घटाया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इनमें से कितने कर्मचारी अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित मुख्यालय से हैं। इससे पहले मई और जून में दो चरणों में 6,000 कर्मचारियों की छंटनी की गई थी, जिनमें से 2,300 वॉशिंगटन के बताए गए थे।

### *छंटनी की वजह मंदी और मुनाफा बचाना*

*कंपनी ने अपने बयान में कहा कि वह कामकाज को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए यह फैसला ले रही है। वैश्विक मंदी, आय में गिरावट और लागत नियंत्रण के चलते माइक्रोसॉफ्ट ने यह बड़ा कदम उठाया है। यह कदम कंपनी की सेल्स टीम को भी प्रभावित कर सकता है, जो पहले से ही छंटनी की आशंका में है।*




### मुख्य अधिकारी छुट्टी पर

माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी जुडसन अल्थॉफ ने दो महीने की छुट्टी (सैबेटिकल) पर जाने का फैसला किया है। कंपनी ने बताया कि यह ब्रेक उन्होंने खुद लिया है और यह कंपनी के वित्तीय वर्ष के अंत से जुड़ा हुआ है। वो सितंबर में वापसी करेंगे। इस बीच कंपनी के अंदर भी बेचैनी बढ़ी है और बाहर भी टेक इंडस्ट्री में इसका असर महसूस किया जा रहा है।

### टेक इंडस्ट्री में छंटनी का सिलसिला जारी

माइक्रोसॉफ्ट से पहले गूगल, अमेजन और मेटा जैसी दिग्गज कंपनियां भी हजारों कर्मचारियों को निकाल चुकी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले महीनों में यह छंटनी का दौर और तेज हो सकता है। मुनाफा बनाए रखने और ऑटोमेशन के चलते टेक कंपनियां मानव संसाधन पर खर्च घटा रही हैं, जिसका सीधा असर कर्मचारियों पर पड़ रहा है।

# सोना 450 रुपए चढ़ा और चांदी 1,000 रुपए मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 450 रुपये बढ़कर 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

- स्टॉकिस्ट की खरीदारी से सोना 99,620 रुपए प्रति 10 ग्राम

बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 9.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।



पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी बृहस्पतिवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## चिंतन

# किसान आत्महत्या रोकने की हो ईमानदार पहल

किसानों की दशा सुधारने पर खास ध्यान देने की जरूरत है। महाराष्ट्र सरकार ने माना है कि चालू वर्ष में जनवरी से मार्च के बीच तीन महीनों में 767 किसानों ने आत्महत्या की है। देश में सबसे अधिक किसान आत्महत्या वाले राज्यों में महाराष्ट्र शुमार है। केंद्र से लेकर राज्य सरकार अपने स्तर पर किसानों व कृषि के लिए अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिनमें वार्षिक छह हजार रुपये किसान सम्मान निधि से लेकर उर्वरक सब्सिडी तक शामिल हैं। कृषि उपज की बिक्री के लिए भी पर्याप्त उपाय किए गए हैं। सरकार ने किसानों को कृषि के लिए सस्ते कर्ज उपलब्ध करवाए हैं। इसके बावजूद अगर किसान आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं, तो निश्चित ही सरकार को किसानों के हित की सभी योजनाओं का सोशल ऑडिट करना चाहिए। या तो योजनाओं के लाभ किसानों तक पहुंच नहीं रहे हैं या या फिर योजनाएं किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए नाकाफी हैं। महाराष्ट्र सरकार ने जब इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान से किसान आत्महत्या के कारणों का अध्ययन करवाया था तो, वजह के रूप में कर्ज, महंगी ब्याज दर, कम आय, फसलों की बर्बादी, पारिवारिक मुद्दे, आय के दूसरे स्त्रोत की कमी, आय के लिए वैल्यू एडिशन अवसरों की कमी आदि सामने आए थे। महाराष्ट्र में किसान आत्महत्या को लेकर बेशक विपक्ष के नेता राहुल गांधी सरकार पर निशाना साधने के लिए राजनीति करें, लेकिन आंकड़े गवाह हैं कि महाराष्ट्र में कांग्रेस या कांग्रेस गठबंधन की सरकारों के समय भी किसानों की आत्महत्या का सिलसिला कभी थमा नहीं। कांग्रेस शासन में महाराष्ट्र का विदर्भ क्षेत्र किसान आत्महत्या का मुख्य केंद्र रहा। भाजपा भी कभी शिवसेना के साथ, तो अब दूसरे दलों के साथ शासन में है, किसान आत्महत्या की समस्या बनी हुई है। महाराष्ट्र में किसी की भी सरकार रही हो, किसानों की आत्महत्या रोकने में सफलता किसी को नहीं मिली। महाराष्ट्र में करीब 70 हजार करोड़ रुपये के सिंचाई घोटाले की जांच अब तक पूरी नहीं की गई है। राजनीतिक ठीकरा फोड़ने भर से समस्या का समाधान नहीं होगा, किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा। कृषि व सिंचाई योजनाओं में गहरे तक व्याप्त भ्रष्टाचार के दोषियों को भी न्याय के कटघरे तक लाना होगा। महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस खुद विदर्भ से आते हैं, उन्हें इस क्षेत्र की किसान समस्याओं के बारे में जानकारी है, ऐसे में वे किसान आत्महत्या रोकने की दिशा में बेहतर काम कर सकते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में 1995 से 2014 के बीच 296,438 किसानों ने आत्महत्या की थी। 2014 से 2022 के बीच नौ वर्षों में यह संख्या 100,474 थी। एनसीआरबी के मुताबिक, 2022 में किसान आत्महत्या की सबसे अधिक घटना वाले राज्य महाराष्ट्र (4,248), कर्नाटक (2,392), आंध्र प्रदेश (917), तमिलनाडु (728) और मध्य प्रदेश (641) थे। महाराष्ट्र में वर्ष 2023 में 2851 तो वर्ष 2024 में 2651 किसानों ने आत्महत्या की। आखिर कृषि योजनाएं किसान आत्महत्या रोकने में क्यों सफल नहीं हो पा रही हैं? बजट के स्तर पर सरकार ने कृषि क्षेत्र को लगातार तवज्जो दी है, इसके बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं, तो नीति परिवर्तन से लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन तक सभी बिंदुओं पर ईमानदारी से विचार करने की जरूरत है। सस्ते व आसान कर्ज, डीबीटी स्कीम्स व एमएसपी से आगे सोचने की आवश्यकता है। कृषि व सिंचाई क्षेत्र के घोटाले भी किसानों की दशा सुधारने में बाधक हैं।



सियासत
योगेश कुमार सोनी

# दिल्ली : झुग्गियों में उलझा पक्ष-विपक्ष

**अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के समय मोदी जी ने आपको गारंटी दी थी 'जहां झुग्गी-वहां मकान।' उनका मतलब था- 'जहां झुग्गी-वहां मैदान।' वो ये कहना चाहते थे मुझे वोट दे दो, मैं सारी झुग्गियां तोड़ दूंगा और मैदान बना दूंगा। इस पर पलटवार करते हुए बीजेपी का कहना है कि केवल अवैध झुग्गियों पर ही कार्रवाई हो रही है। जिन लोगों ने रेलवे लाइन से बिल्कुल सटाकर व ऐसी जगह जहां उनकी जान को खतरा है, वहां निर्माण किया हुआ है, केवल उन झुग्गियों पर ही डेमोलेशन होगा। दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद ने कहा है कि सरकार किसी भी गरीब का आवास नहीं उजाड़ेगी। समाज के सबसे गरीब व्यक्ति का कल्याण करना भाजपा का लक्ष्य है।**

हाल ही में दिल्ली में झुग्गियों को लेकर सियासत गरमाई हुई है। जहां विपक्ष इस बात लेकर सरकार को घेर रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार अपना पक्ष रखकर जनता को समझाने में लगी हुई है। बीते रविवार को आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर बैक किया व आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में झुग्गियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि मोदी की गारंटी झूठी, फर्जी और नकली है। आगे कभी जिंदगी में मोदी की गारंटी पर भरोसा मत करना। केजरीवाल ने यह भी कहा कि चुनाव के समय मोदी जी ने आपको गारंटी दी थी 'जहां झुग्गी-वहां मकान।' उनका मतलब था- 'जहां झुग्गी-वहां मैदान।' वो ये कहना चाहते थे मुझे वोट दे दो, मैं सारी झुग्गियां तोड़ दूंगा और मैदान बना दूंगा।

इस पर पलटवार करते हुए बीजेपी का कहना है कि केवल अवैध झुग्गियों पर ही कार्रवाई हो रही है। जिन लोगों ने रेलवे लाइन से बिल्कुल सटाकर व ऐसी जगह जहां उनकी जान को खतरा है, वहां निर्माण किया हुआ है, केवल उन झुग्गियों पर ही डेमोलेशन होगा, वो भी कोर्ट के आदेश के अनुसार। इस मामले को लेकर दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद ने कहा है कि सरकार किसी भी गरीब का आवास नहीं उजाड़ेगी। उन्होंने कहा कि समाज के सबसे गरीब व्यक्ति का कल्याण करना भाजपा का लक्ष्य है। यह केवल नारा नहीं, बल्कि भाजपा का देश-समाज के परिवर्तन का मार्ग है। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने 2500 मकानों को रहने लायक बनाने की दिशा में काम किया गया। पूर्ववर्ती सरकार ने इन मकानों पर 'मुख्यमंत्री' नहीं लिखा होने के कारण इन्हें गरीबों को नहीं सौंपा था। इस कारण वर्षों से यह मकान खाली पड़े थे और गरीबों को घर का लाभ नहीं मिल पा रहा था। लेकिन अब 43 करोड़ रुपये की लागत से इन मकानों को फिर से तैयार किया जा रहा है। सूद ने कहा कि आवास उन्हीं गरीबों को दिए जाएंगे जिनके पास अपने छत की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि सच यह है कि मदरासी कैंप को अर्बन फ्लडिंग परियोजना के तहत खाली कराया गया, और सरकार ने वहां के निवासियों को पुनर्वास प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि उनके आवासों को तोड़ा नहीं गया है। कुल 370 में से 215 परिवार पात्र पाए गए, और उन्हें सम्मानपूर्वक पुनर्वासित किया गया है। लेकिन अब सवाल यही है कि क्या पक्ष-विपक्ष केवल झुग्गियों में उलझ कर अपनी राजनीति करेंगे या अन्य योजनाओं पर बात व काम भी होगा। जैसे कि केजरीवाल सरकार की मोहल्ला क्लीनिक योजना अब आगे नही बढ़ रही। बीजेपी ने मोहल्ला क्लीनिक को आयुष्मान आरोग्य मंदिर रखा लेकिन अब तक वह कहीं भी शुरू होते नहीं दिखी, हालांकि बीते लगभग 2 वर्षों से अधिकतर मोहल्ला क्लिनिक बेहाल अवस्था में ही थे, जिसको लेकर दिल्ली की जनता बहुत नाराज थी। बीजेपी ने इसमें परिवर्तन करके आगे संचालित करने की बात कही थी और इस पर शुरुआत से काम करने को लेकर कहा गया था लेकिन यह विफल होती दिख रही है। इसके भी तमाम अहम



कारण व महत्वपूर्ण योजनाएं हैं जिस पर काम होना था लेकिन अभी सब शून्य है।

राजधानी दिल्ली में बीजेपी की सरकार बने लगभग पांच महीने हो चुके हैं और सरकार का हनीमून पीरियड भी खत्म हो गया है। अब सरकार को अपने वादों के अनुसार काम करना चाहिए चूंकि दिल्ली एकमात्र ऐसा राज्य है जहां बीजेपी को ढाई दशक से भी अधिक समय बाद अपनी सत्ता काबिज करने का मौका मिला है। बीजेपी के अनुसार 2500 रुपये हर महीने मिलने वाली योजना उन महिलाओं के लिए है जिनको सालाना 3 लाख से कम सैलरी मिलती है और वो टैक्स स्लैब में नहीं आती हैं। ऐसी महिलाएं जो सरकारी नौकरी नहीं करती और उनकी उम्र 18 से 60 साल के बीच है। जिन महिलाओं को सरकार से कोई भी वित्तीय सहायता नहीं मिलती है। इसके अलावा जिनके 3 या उससे अधिक बच्चे हैं, उनको हर महीने 2500 रुपये वाली योजना का फायदा नहीं होगा। इस पर भाजपा सरकार ने कड़े नियम लाने की बात भी कही थी। हालांकि इस योजना को लेकर बीजेपी ने 5100 करोड़ रुपये का बजट पारित किया भी किया हुआ है। इसको लेकर विपक्ष ने तंज मारते हुए कहा कि एक तरफ संघ के कुछ नेता मुसलमानों की तर्ज पर हिंदुओं को दस बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित करते हैं तो यह योजना किसी के काम नहीं आने वाली। ज्ञात हो कि बीजेपी सरकार ने शपथ भी नहीं ली थी और सबसे पहले यमुना की सफाई शुरू करते ही वहां आरती भी शुरू कर दी थी जिसको लेकर जनता बहुत प्रभावित हुई लेकिन उसके बाद कुछ खास काम होता नहीं दिखाई दिया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार को काउंटर करते हुए कहा कि यमुना की सफाई को लेकर किए गए दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। यादव ने कहा कि यमुना के 7 मुख्य स्टेशनों से लिए गए पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि यमुना का पानी न तो पीने योग्य है और न ही नहाने के लायक। यादव ने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार ने यमुना सफाई को अपनी प्राथमिकता बताया था परंतु अब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कराई गई पानी की गुणवत्ता जांच ने सच्चाई बता दी है।

रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के सातों स्थानों पर जल गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है। यादव ने इस बीजेपी सरकार की नाकामी बताई। बहरहाल समय के रहते बीजेपी को धरातल पर काम करना होगा। चूंकि एक लंबे अरसे बाद सत्ता में वापसी हुई है तो इस बात का ख्याल रखना होगा कि 'सबका साथ सबका विकास' वाली तर्ज पर काम हो। गुणवत्ता व भरोसे के आधार पर जनता ने वोट दिया है तो उसके विश्वास को बनाए रखने के लिए योजनाओं व विकास पर काम होना चाहिए। अब सावन का मौसम आने को है। इस मौसम में दिल्ली में जल भराव से पूरा शहर ठप पड़ जाता है और मानव जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त सा होने लगता है। इसको लेकर अभी तक कोई रणनीति नहीं दिख रही, वहीं अभी भी कई इलाकों में पानी की आपूर्ति को लेकर परेशानी जस की तस बनी हुई है। इसके अलावा तो सबसे बड़ी चुनौती सर्दियां आते ही शुरू होगी, जिससे दिल्ली की सबसे बड़ी परीक्षा से गुजरना पड़ेगा और वो है प्रदूषण। चूंकि जैसे ही दिल्ली में सर्दियां शुरू होती हैं, वैसे ही प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाता है कि लोगों का जीना मुहाल होता जाता है। दिल्ली में कंस्ट्रक्शन बंद, डीजल वाहन बंद व इसके अलावा कई गतिविधियों पर रोक सी लग जाती है जिससे कई करोड़ों का नुकसान होता है व लोगों की सेहत भी प्रभावित होती है। इसलिए बीजेपी के सामने कांटे भरी राह है तो वह समय के साथ अपने आपको अपडेट व अपग्रेड कर ले जिससे जनता विश्वास व साथ बना रहे।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।




पुण्यतिथि
अरविंद जयतिलक

# भविष्य में भी प्रासंगिक रहेंगे स्वामी विवेकानंद के विचार

आज स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि है। उन्होंने अपने विचारों से अतीत के अधिष्ठान पर वर्तमान का और वर्तमान के अधिष्ठान पर भविष्य का बीजारोपण किया। स्वामी जी का उदय ऐसे समय में हुआ जिस समय भारत के सामाजिक पुनरुत्थान के लिए राजाराम मोहन राय और शिक्षा के विकास के लिए ईश्वरचंद विद्यासागर जैसे अनगिनत मनीषी भारतीय समाज में नवचेतना का संचार कर रहे थे। स्वामी जी अपने विचारों के जरिए स्वधर्म और स्वदेश के लिए अप्रतिम प्रेम और स्वाभिमान की ऊर्जा प्रवाहित कर जाग्रत-शक्ति का संचार किया जिससे भारतीय जन के मन में अपनी ज्ञान, परंपरा, संस्कृति और विरासत का गर्वपूर्ण बोध हुआ। उनकी दृष्टि में समाज की बुनियादी इकाई मनुष्य था और उसके उत्थान के बिना वे देश व समाज के उत्थान को अधूरा मानते थे। उनका दृष्टिकोण था कि राष्ट्र का वास्तविक पुनरुद्धार मनुष्य-निर्माण से प्रारंभ होना चाहिए। मनुष्य में शक्ति का संचार होना चाहिए जिससे कि वह मानवीय दुर्बलताओं पर विजय प्राप्त करने में और प्रेम, आत्मसंयम, त्याग, सेवा एवं चरित्र के अपने सद्गुणों के जरिए उठ खड़ा होने का सामर्थ्य जुटा सके। वे सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा को एक बड़ा राष्ट्रीय पाप मानते थे। 1893 में शिकागो में धर्म सम्मेलन (पार्लियामेंट आफॅ रिलीजन) के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि 'मेरी यह धारणा वेदान्त के इस सत्य पर आधारित है कि विश्व की आत्मा एक और सर्वव्यापी है। स्वामी जी गरीबी को सारे अनर्थों की जड़ मानते थे। इसलिए उन्होंने दुनिया को सामाजिक-आर्थिक न्याय और समता-समरसता पर आधारित समाज गढ़ने का संदेश दिया। वे ईश्वर-भक्ति और धर्म-साधना से भी बड़ा काम गरीबों की गरीबी दूर करने को मानते थे। एक पत्र में उन्होंने लिखा है कि 'ईश्वर को कहां ढूंढ़ने चले हो। ये सब गरीब, दुखी और दुर्बल मनुष्य क्या ईश्वर नहीं हैं? इन्हीं की पूजा पहले क्यों नहीं करते?' उन्होंने स्पष्ट घोषणा की थी कि 'गरीब मेरे मित्र हैं। मैं दरिद्रता को आदरपूर्वक अपनाता हूं। गरीबों का उपकार करना ही दया है।' स्वामी जी ने भारत के लोगों को संबोधित करते हुए शिकागो से एक पत्र में लिखा कि याद रखो कि देश झोपड़ियों में बसा हुआ है, परंतु शोक! उन लोगों के लिए कभी किसी ने कुछ नहीं किया।' स्वामी जी ने गुरु रामकृष्ण परमहंस के स्वर्गारोहण के बाद उनकी स्मृति में 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की। मिशन का उद्देश्य गरीबों, अनाथों, बेबसों और रोगियों की सेवा करना था। जब उन्होंने मठ के संन्यासियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा तो उनका भारी विरोध हुआ। संन्यासियों ने तर्क दिया कि हम सन्यासियों को ईश्वर की आराधना करना चाहिए न कि दुनियादारी में पड़ना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि 'आप अपना शरीर, मन, वचन सब कुछ परोपकार में लगा दो। तुमको पता है 'मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, अर्थात माता में ईश्वर का दर्शन करो। पिता में ईश्वर का दर्शन करो' लेकिन मैं कहता हूं 'दरिद्र देवो भव, मूर्ख देवो भव। अनपढ़, नादान और पीड़ित को अपना भगवान मानो और जानो कि इन सबकी सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।' उनका मानना था कि मानवता के सत्य को पहचानना ही वास्तव में वेदांत है। वेदांत का संदेश है कि यदि आप अपने बांधवों अर्थात साक्षात ईश्वर की पूजा नहीं कर सकते तो उस ईश्वर की पूजा कैसे करोगे जो निराकार है। एक व्याख्यान में स्वामी जी ने कहा कि जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूं, जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान नहीं देता है। स्वामी जी आम आदमी के उत्थान के लिए धन का समान वितरण आवश्यक मानते थे। वे इस बात के विरुद्ध थे कि धन कुछ लोगों के हाथों में केंद्रीत हो। स्वामी जी अंग्रेजों द्वारा भारत के संसाधनों के शोषण से चिंतित थे और भारत की दुर्दशा का इसे एक बड़ा कारण मानते थे। वे देश की तरक्की के लिए कृषि और उद्योग का विकास चाहते थे। वे अक्सर परामर्श देते थे कि रामकृष्ण मिशन जैसी संस्थाओं को निःस्वार्थ भाव से गरीबी से जूझ रहे किसानों की दशा में सुधार लाने वाले कार्यक्रम एवं परियोजनाएं हाथ में लेनी चाहिए। स्वामी जी इस मत के प्रबल हिमायती थे कि भारत का औद्योगिक विकास जापान की तरह विशेषताओं को सुरक्षित रखते हुए होना चाहिए। वे चाहते थे कि देश में स्वदेशी उद्योगों की स्थापना हो। स्वामी जी का मातृभूमि से तादातम्य संपूर्ण था। स्वामी जी की शिष्या भगिनी निवेदिता ने कहा है कि 'भारत स्वामी जी का गहनतम अनुराग रहा है, भारत उनके वक्ष पर धड़कता है, भारत उनकी नसों में स्पंदन करता है, भारत उनका दिवास्वप्न है, भारत उनका निशाकल्प है, वे भारत का रक्त-मज्जा से निर्मित साक्षात शरीर रूप हैं, वे स्वयं ही भारत हैं।'

*(लेखक प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## जीवन में अधिक प्रदूषण निरर्थक प्रवृत्तियों से है



संकलित
दर्शन

यदि व्यक्ति अपनी सारी प्रवृतियों का सूक्ष्म निरीक्षण करे तो उसे यह समझ में आएगा कि उसकी प्रवृतियों में निरर्थक प्रवृतियों का जमघट सबसे अधिक है। अनावश्यक बोलना, अनावश्यक कार्य करना, व्यर्थ समय खोना, अनावश्यक विषयों में सोचते रहना। मनोरंजन के नाम पर अनावश्यक अश्लील हंसी मजाक करना, हानिकारक और व्यर्थ की प्रथाओं परिपाटियों का पालन करना, तास पत्ती और अंकों के खेल खेलकर धन नष्ट करना आदि अनेक ऐसी प्रवृतियां है जो न केवल निरर्थक है अपितु अनेक आपदाओं को भी जन्म दे देती है। ऐसी प्रवृतियां लोक जीवन में घर किए हुए हैं। लाखों करोड़ों व्यक्ति आंख मूंद कर ऐसे अनावश्यक कार्यों में अपना तन मन और धन नष्ट कर रहे हैं। अनेक संघर्ष और तनाव जो मानव जीवन में व्याप्त है। उनमें से अधिकांश तो ऐसी निरर्थक बातों के कारण ही है। व्यक्ति अपने तनाव और चिन्ता से मुक्त होने के अनेक उपाय करता है। किन्तु अन्य कोई उपाय करने के पहले उसे अपने जीवन से उन निरर्थक कार्यों को अलविदा कहना चाहिए जो उसके जीवन में व्यर्थ ही डेरा डाले हुए है और उसके तन मन को प्रदुषित कर रहे हैं। यदि जीवन में प्रवृतियों का निरर्थक अंश समाप्त हो जाता है और जीवन में सार स्वरुप आवश्यक कार्य विधियां ही शेष रहती है तो व्यक्ति के अधिकांश तनाव प्रकरण तो ऐसे ही समाप्त हो जाएंगे। भगवान महावीर प्रभु ने मानव मात्र के लिए एक महत्व पूर्ण व्रत दिया है 'अनर्थ दणण्ड विरमणव्रत' इस व्रत का विधान है जीवन में निरर्थक प्रवृतियों का त्याग करना। - ***कांतिलाल मांडोत***

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हिंदी हर नजर से सर्वश्रेष्ठ

हमें अंग्रेजी बोलने में शर्म इसलिए आनी चाहिए क्योंकि जिन अंग्रेजों ने हमारे देश पर वर्षों राज कर देश को आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया, हम हिंदुस्तानियों पर जुल्म ढाहे, आज आजाद देश में हम उनकी भाषा को मान-सम्मान देते हैं, इसे प्रयोग करने में गर्व महसूस करते हैं। आज हम भारतीयों में से बहुत से लोग अपनी हिंदी भाषा को बोलने में शर्म महसूस करते हैं, जबकि हमारे देश को आजाद करवाने वाले देशभक्तों और महापुरुषों ने हिंदी बोलने में अपनी शान समझी। उन्होंने इसके विस्तार के लिए काम भी किया। महात्मा गांधी ने हिंदी के लिए कहा था कि, परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है जिसे जनता का अधिकतम भाग पहले से ही जानता-समझता हो। हिंदी इस नजर से सर्वश्रेष्ठ है। - *विजय नायडू, भाटापारा*

## ट्रेंड

### भारत और घाना में संबंध




मुझे मिला 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' सम्मान हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, उनकी आकांक्षाओं, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अमरनाथ यात्रा आरंभ




श्रद्धा, साधना और शिवभक्ति से ओत-प्रोत, सनातन परंपरा की जीवंत प्रतीक श्री अमरनाथ यात्रा आरंभ हो गई है।
बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन का सौभाग्य श्रद्धालुओं के जीवन को मंगलमय बनाए।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### कलाकारों को पेंशन



बिहार राज्य के वरिष्ठ एवं आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को मासिक पेंशन प्रदान के लिए मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को कैबिनेट से मंजूरी प्रदान कर राशि स्वीकृत कर दी गई है। वरिष्ठ व उत्कृष्ट कलाकारों को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की पेंशन राशि प्रदान की जाएगी।
-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार

### स्टेट टाइगर फोर्स



मप्र वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स ने अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा को सजा दिलाने की उत्कृष्ट कार्रवाई की है, जिसके लिए इंटरपोल मुख्यालय ल्योन, फ्रांस ने बधाई पत्र प्रेषित कर प्रशंसा की है। वन अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा।
- डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र

## करंट अफेयर

# गुलामी से बेहतर है जेल की अंधेरी कोठरी: इमरान खान

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि वह गुलामी स्वीकार करने के बजाय जेल की अंधेरी कोठरी में रहना पसंद करेंगे। खान ने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आशूरा के बाद वर्तमान शासन के खिलाफ विद्रोह करें। आशूरा, पैगंबर साहब के पोते इमाम हुसैन की शहादत के शोक में मोहर्रम का 10वां दिन है। इस साल यह दिन छह जुलाई को है। खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं पूरे देश, विशेषकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आग्रह करता हूं कि वे आशूरा के बाद इस अत्याचारी व्यवस्था के खिलाफ उठ खड़े हों। खान ने कहा, मैं गुलामी को स्वीकार करने के बजाय जेल की एक अंधेरी कोठरी में रहना पसंद करूंगा। खान कई मामलों में लगभग दो वर्षों से जेल में हैं। खान ने कहा कि उनकी आवाज़ को हर तरीके से दबाने की कोशिश की जा रही है। सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर टिप्पणी करते हुए खान ने कहा, जब कोई तानाशाह सत्ता में आता है, तो उसे लोगों के मतों की ज़रूरत नहीं होती वह क्रूर बल के ज़रिए शासन करता है।



## ऑफ बीट

# खटमल एक वैश्विक समस्या इसके बारे में जानकारी कम

खटमल छोटे, उड़ने से लाचार कीड़े होते हैं जो मानव रक्त पर जीते हैं। कई प्रजातियां हैं, लेकिन सबसे अधिक लोगों को जिस प्रजाति का पता है वह साइमेक्स लेक्टुलरियस है। रोमनों ने उन्हें साइमेक्स कहा, जिसका अर्थ है बग। 1758 में बहुत बाद में प्राकृतिक इतिहासकार कार्ल लिनिअस ने इनके नाम के साथ 'लेक्ट्युलरियस' को जोड़ा, जिसका अर्थ है बिस्तर या सोफा। हमारा रक्त उनके पोषण का मुख्य स्रोत है, लेकिन वह जीने के लिए अन्य जानवरों का खून भी पीते हैं, जैसे पक्षियों, पालतू जानवरों और चमगादड़ों आदि का। खटमल में एक जटिल आंत माइक्रोबायोटा होता है, जो उन्हें हमारे रक्त से आवश्यक सभी पोषक तत्वों को निकालने में मदद करता है। किशोरों को एक जीवन चरण से दूसरे में विकसित होने के लिए रक्त भोजन की आवश्यकता होती है - इसलिए, वयस्क बनने के लिए, प्रत्येक खटमल को कम से कम पांच रक्त भोजन की आवश्यकता होगी। वयस्क खटमल, हालांकि, भोजन के बिना पूरे वर्ष जीवित रह सकते हैं। वे उड़ नहीं सकते। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, चलने से वह बहुत दूर नहीं जा सकते, लेकिन यह घर में हर तरफ फैल जाते हैं। और खटमल ज्यादा दूर तक जाने के लिए इनसानों का इस्तेमाल करते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में प्रवेशोत्सव व दीक्षांत समारोह आयोजित

**बड़वारा।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में 1 से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के परिवेश, प्रकृति, संस्कृति व सभी संकायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं महाविद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों से परिचय कराया गया। त्रिदिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह, क्रीड़ाधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ की सहभागिता रही। दीक्षारम्भ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति सिखाने, उन्हें उनके लक्ष्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना था।

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने बच्चों के साथ रोपे पौधे

**कटनी।** जिले में चलाए जा रहे हरियाली महोत्सव अभियान के तहत ग्राम पंचायत डिठवारा में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्राम पंचायत डिठवारा के सरपंच, उपसरपंच, सचिव और ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा का स्वागत किया। इसके उपरांत शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में स्कूल स्टाफ, बच्चों एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री विश्वकर्मा ने पौधा लगाने भर से पर्यावरण का संरक्षण नहीं होगा और न ही हरियाली आएगी। हमे जिम्मेदारी के साथ इन पौधों की देखभाल भी करनी होगी। जिससे ये पौधे वृक्ष का रूप लेकर हमारे आने वाले कल को सुरक्षित कर सकें। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, बच्चों एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत श्री विश्वकर्मा ने ग्रामवासियों से मिलकर शासन की योजनाओं से उन्हें अवगत कराया और उनकी बिजली, पानी की समस्याओं को तुरंत अधिकारियों से बात कर हल किया और स्कूल के बच्चों से वार्तालाप कर उनके उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### सालों से फरार चल रहे वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** निवार चौकी पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी नेहा मौर्य ने बताया कि फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया एवं माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में निवार पुलिस लगातार वारंटियों की धर पकड़ करने के प्रयास में जुटी हुई है। इसी क्रम में नव वर्ष से फरार स्थाई वारंटी किशन गोटिया पिता राम सूजन गोटिया 38 वर्ष निवासी बडखेड़ा चौकी निवार को गत दिवस गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### जहरीली वस्तु के सेवन से दो की मौत

**कटनी।** विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लेने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना कुठला थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार हरिप्रसाद विश्वकर्मा पिता रमेश प्रसाद विश्वकर्मा (55) निवासी गल्ला मंडी पहरूआ थाना कुठला की जहरीले पदार्थ के पी लेने से मौत हो गई है। इसी प्रकार सागर वंशकार पिता भोला वंशकार (35) निवासी लमतरा फाटक कुठला की जहरीले पदार्थ के पी लेने से मौत हो गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है।

---

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर के थाना क्षेत्रों में हुई काम्बिंग गश्त

# फरार वारंटियों की हुई धरपकड़, निगरानी बदमाशों को किया चेक, होटल-ढाबों में जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में बढ़ती अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की रोकथाम सहित फरार वारंटियों एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर गत रात जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में विगत रात्री कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में चलाये ए अभियान में थाना प्रभारी, उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक, साइबर सेल एवं विशेष बल की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। संवेदनशील मोहल्लों, अपराधियों के संभावित ठिकानों, पुरानी घटनाओं से जुड़े क्षेत्रों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, चौक-चौराहों तथा ग्रामीण अंचलों में पुलिस के द्वारा पैदल गश्त एवं वाहन पेट्रोलिंग की गई।

काम्बिग गस्त के दौरान विभिन्न न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 59 वारंटी गिरफ्तार किए गए। कटनी पुलिस द्वारा काम्बिग गस्त अभियान में न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 38 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए।।पुलिस द्वारा अपराधियों के घर जाकर कुल 41 गुंडा चेक किए गए। अचानक दबिश देकर निगरानी बदमाशों के घर जाकर 41 निगरानी बदमाश चेक किए गए।

### 14 आबकारी प्रकरण दर्ज

अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 14 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिया। कटनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए संमस व 48 जमानती वारंट गस्त के दौरान तामील किए गए।

### नशे में वाहन चलाने पर कार्रवाई

कटनी पुलिस द्वारा रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कटनी पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही की गई।

### असामाजिक तत्वों को पकड़ा

परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 04 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। इसी तरह परिशांति कायम रखने हेतु 69 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 08 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।

### होटल, ढाबों में भी जांच

काबिंग गस्त के दौरान अवैध गतिविधियों (जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ, अवैध हथियार आदि) की चेकिंग की गई।।होटल, लॉज, ढाबों आदि का भौतिक सत्यापन एवं दस्तावेज जांच किया गया। कांबिंग गश्त का उद्देश्य सिर्फ अपराध पर अंकुश लगाना ही नहीं, बल्कि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना भी है। कटनी पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

---

# एसडीएम ने पटवारी को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ एसडीएम महेश मंडलोई द्वारा नायब तहसीलदार सिनगौडी सर्किल अंतर्गत ग्राम इटौरा व इटमा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान हल्का पटवारी अपने कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित पाए गए। काम के प्रति पटवारी द्वारा लापरवाही पाए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी ने पटवारी रघुवीर शरण सिंह को निलंबित करने की कार्यवाही की। श्री मंडलोई द्वारा लगभग साढ़े तीन बजे जानकारी देते हुए बताया गया कि पटवारी रघुवीर शरण सिंह बिना किसी सूचना के हल्का से नदारद थे जिसके कारण ग्रामीणों को तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने कर विवश होना पड़ता था। पटवारी को पूर्व में मौखिक रूप से अपने हल्का में रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निर्देशित भी किया गया था लेकिन पटवारी द्वारा लगातार मनमानी की जाती रही। तहसील कार्यालय द्वारा पटवारी श्री सिंह को कई बार कारण बताओ नोटिस देकर जवाब भी मांगा गया लेकिन पटवारी द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया था। फॉर्मर रजिस्ट्री, आरओआर का जो लक्ष्य निर्धारित था उस पर भी कम प्रगति पाई गई थी। इस दौरान भी अनुविभागीय अधिकारी के निरीक्षण के दौरान पटवारी अनुपस्थित थे। नोटिस दिए जाने पर पटवारी द्वारा जवाब भी प्रस्तुत नहीं किया गया थम यही नहीं न्यायालय नायब तहसीलदार सिनगौडी/उबरा विजयराघवगढ़ के पत्र अनुसार आवेदक गोविंद प्रसाद पिता रोहणी प्रसाद गौतम निवासी इटौरा के बंटवारा प्रकरण में खसरा नंबर 977/1, 977/2, 977/3, कुल रकवा 1.7 हेक्टेयर का फर्द बंटवारा नहीं किया गया था जिस पर भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था बावजूद इसके पटवारी द्वारा न तो फर्द बंटवारा का प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत किया गया न ही नोटिस का जवाब ही दिया गया था। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में भी पटवारी श्री सिंह अनुपस्थित थे। पटवारी का कृत्य मध्यप्रदेश मूलभूत नियम 18 एवं सिविल सेवा नियम 1965 के नियम 7 के प्रावधानों का उल्लंघन तथा मप्र सिविल सेवा नियम 1966 के प्रावधानों के तहत दंडनीय मानते हुए पटवारी रघुवीर शरण सिंह को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं। पटवारी को तहसील कार्यालय शाखा कानूनगो में संलग्न किया गया है।

---

ग्रामीणों को 18 किलो मीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा

# बिछिया से झलवारा स्टेशन मार्ग पर नहर के ऊपर होगा पुल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के प्रयासों से जनपद पंचायत कटनी के अंतर्गत आने वाले 20 गांव के लोगों की आवागमन की समस्या का समाधान हुआ है। जिले में आज भी कई ऐसे गांव ऐसे हैं, जहां लोगों को शहर तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ इसी तरह की परेशानी का सामना कटनी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले 20 गांव के लोगों को करना पड़ रहा था।

20 गांव के लोगों की हर दिन की समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने बुधवार को अधिकारियों के साथ आवागमन के लिए नहर के ऊपर पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया एवं जल्द पुल का कार्य कराए जाने के लिए कहा। नहर के ऊपर पुल निर्मित हो जाने से 20 गांव के लोगों को अब लगभग 18 किलोमीटर का चक्कर लगाने से मुक्ति मिल जाएगी।

कटनी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत केवलारी के ग्राम बिछिया से झलवारा स्टेशन मार्ग में नहर के ऊपर स्टाफ डैम के पास पुल निर्माण हो जाने से 20 गांव के लोगों को लाभ मिल जाएगा। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जनपद पंचायत कटनी सीईओ एवं एसडीओ के साथ स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए उन्होंने नहर के ऊपर अतिशीघ्र पुल बनाए जाने के लिए कहा।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा द्वारा पुल निर्माण की पहल किए जाने से 20 गांव के लोगों को आने-जाने में काफी सहूलियत हो जाएगी और अब उन्हें 18 किलोमीटर की दूरी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। स्थल निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने जल्द ही नहर के ऊपर पुल बनाकर आवागमन प्रारंभ कराने की बात कही।

---

## स्लीमनाबाद थाना का एसपी ने किया औचक निरीक्षण



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बीती रात स्लीमनाबाद थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर की साफ-सफाई, हवालात की स्थिति, रजिस्टरों का संधारण, थाना रिकॉर्ड, मालखाना एवं विभिन्न अभिलेखों की गहनता से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान आगंतुक रजिस्टर का अवलोकन कर उसमें दर्ज फरियादियों को स्वयं कॉल कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई एवं थाने द्वारा की गई कार्यवाही की वास्तविक स्थिति की पुष्टि करते हुए फीडबैक प्राप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना स्टाफ को आमजन की समस्याओं के त्वरित व निष्पक्ष निराकरण, थाने की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने तथा रिकॉर्ड के समय पर संधारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। औचक निरीक्षण के दौरान एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, निरीक्षक अखिलेश दाहिया थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सहित समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

---

# समस्याएं दूर करने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



प्रियदर्शनी बस में मूलभूत सुविधाएं को लेकर बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया कि यहाँ यात्रियों एवं बसों के लिए मूलभूत समस्याओं का पूर्णतः अभाव है, जब कि किसी भी शहर का बस स्टेन्ड शहर का प्रवेश द्वार होता है और शहर की व्यवस्थाओं का आकंलन होता है। प्रियदर्शनी बस स्टेन्ड शापिंग काम्पलेक्स ज्यादा है जिससे नगर पालिक निगम को बहुत बढे राजस्व की प्राप्ति होती है। अभी जुलाई से किसी नए ठेकेदार को ठेका दिया गया है जो पूरी फौज के साथ मनमानी वसूली पूरी रंगदारी के साथ बसूलने के लिए तत्पर है।

समस्त बस आपरेटर मांग करते है जिन्हें तत्काल पूरी करने हमको बस खड़ी करने के लिये जगह दी जाये नही तो हमको हमारे ओटोरियम वाली जगह दी जाये जो कि पूर्व कलेक्टर अजीता बाजपेयी जी द्वारा बस ऑपरेटर को दी गई थी। हम सभी शुल्क तभी देंगे जब बस स्टेन्ड को शांपिग काम्पलेक्स मुक्त किया जाये जैसे जबलपुर में है। बस स्टेन्ड को अतिक्रमण मुक्त किया जाये। बस स्टेन्ड में ऑटो वालो का प्रवेश बन्द किया जाये। बस घोने के लिये बस स्टेन्ड में एक वॉशिंग ऐरिया दिया जाये। बस स्टेन्ड में 4 गार्ड दिया जाये जो हमारी खड़ी हुई बसों की देखरेख कर सके। ऐसी प्रतीक्षालय एवं बस डिस्पले बोर्ड दिया बोर्ड दिया जाये ,वसूली करने वाले सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरीफेकेशन अति अनिवार्य किया जाये बस स्टेन्ड विचरण करते जानवरो और साबों से मुक्त किया जाये। बस स्टेन्ड में नित्य सफाई कराई जाये जो अभी महीने में शायद ही एक बार होती है। बस स्टेन्ड में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था यात्रियों के लिए किया तत्काल उपरोक्त बिंदुओं की मांगों को पूरा करने की मांग की गयी।

---

देवारण्य योजना के तहत रोपे गए पौधे अब 8 फीट ऊंचे पेड़ बने

# बिजौरी की वीरान टेकरी औषधीय एवं फलदार पौधों के रोपण से हुई हरी-भरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले के विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत पठरा के ग्राम बिजौरी में आम के आम और गुठलियों के दाम की कहावत को चरितार्थ होते देखा जा सकता है। यहां ग्राम बिजौरी के वीरान पड़ी छोटी टेकरी के करीब 6 एकड़ के वीरान भू-भाग में मनरेगा योजनांतर्गत औषधीय एवं फलदार प्रजातियों के पौधारोपण ने कुछ वर्ष पहले तक उजाड़ रहे भू-भाग को हरा-भरा बना दिया है। यहां करीब 3 वर्ष पहले से रोपे जा रहे पौधे अब 6 से 8 फीट ऊँचे होकर लहलहा रहे हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने देवारण्य योजना के तहत तैयार जिले की पहली वृहद पौधारोपण नर्सरी का निरीक्षण कर इसकी सराहना किया था और बीच-बीच में खाली जगहों पर इस साल और पौधे लगाने के निर्देश दिये थे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह भी मौजूद रहे।

सहायक परियोजना अधिकारी डॉ. अजीत सिंह बताते हैं कि देवारण्य परियोजना के माध्यम से 14.96 लाख रूपये की लागत से 1 हजार 370 औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। जिनमें से अभी आंवला के 570, बेल के 100, महुआ के 50, नीम के 100, करंज के 115, कटहल के 15, हर्रा के 50, बहेरा के 65, शीशम के 100 एवं महुआ के 50 पौधे जीवित है। अब ये पौधे पेड़ बन चुके हैं। इस वृक्षारोपण ने खाली पड़ी भूमि को हरियाली की चादर से ढंक दिया है। इस हरियाली से गाँव की आवो-हवा अब स्वच्छ हो गई है। विभिन्न प्रजातियों के यहां इठलाते पौधों से स्वच्छ वातावरण के साथ-साथ औषधीय प्रजाति के पौधों का भी लोगों को लाभ मिलेगा।

डॉ. सिंह ने बताया कि देवारण्य प्रोजेक्ट के शुरूआती दौर में पौधों का रोपण एवं पौधों को जीवित रखना चुनौती पूर्ण कार्य था। किंतु, ग्राम पंचायत पठरा के सरपंच, सचिव, उपसरंपच तथा सेक्टर उपयंत्री विनय सिंह, डी एस बघेल, सहायक यंत्री आरबी सिंह के कुशल तकनीकी मार्गदर्शन से पौधों की लगभग शतप्रतिशत उत्तरजीविता सुनिश्चित हो सकी है।

---

नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुआ तीन दिवसीय दीक्षारंभ

# विद्यार्थियों को पाठ्यक्रमों एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रवेश प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह के नेतृत्व में सत्र 2025-26 में महाविद्यालय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 1 जुलाई से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रवेश प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह द्वारा महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020, विशेष ध्यान देने वाली बारीकियों, 75 प्रतिशत उपस्थिति एवं सी. सी. ई., प्रोजेक्ट सहित अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई।

डॉ. के. के. विश्वकर्मा एवं डॉ चंद्रभान लोहार ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृति योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। डॉ रश्मि त्रिपाठी द्वारा महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उससे संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। डॉ. के. के. निगम द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं गणित विभाग से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ. आर. जी. सिंह ने दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शिक्षकों से परिचित कराया तथा सभी शिक्षकों द्वारा भी अपने विभाग तथा अपने से संबंधित अन्य प्रभार से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई।

डॉ चंद्रभान लोहार द्वारा महाविद्यालय में प्राप्त होने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन, प्लेसमेंट एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वरिष्ठ छात्रों एवं पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ प्राप्त हुआ। प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी द्वारा सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया साथ ही विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करने के लिए प्रेरित करते हुए अन्य आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। ग्रंथपाल डॉ. रूपा शर्मा ने पुस्तकालय से संबंधित आवश्यक जानकारी देते हुए महाविद्यालय के पुस्तकालय तथा विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया। कार्यक्रम के तीसरे दिन मुख्य वक्ता किड्स वे विद्यालय के संचालक डॉ जैनेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि भारत अपनी ज्ञान परंपरा एवं शिक्षा पद्धति के कारण ही विश्व गुरु था। भूतपूर्व छात्र शिव नारायण सोनी ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. एस. एस. धुर्वे ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा प्राप्त करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आर. जी. सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर एवं आभार प्रदर्शन डॉ राकेश दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, प्रवेश प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. निगम, मनीष मिश्रा, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ मंजूलता साहू, श्री पवन दुबे, दीपक मिश्रा, डॉ. अरुण तिवारी, डॉ. चंद्रभान लोहार, आशीष तिवारी, महिमा तिवारी, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा, रवि साहू तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, नव प्रवेशित विद्यार्थी, रा. से. यो. स्वयंसेवक, अन्य विद्यार्थी एवं पूर्व छात्र उपस्थिति रहे।

---

### जहरीले सांप के काटने से महिला की मौत

**कटनी।** जहरीले सांप के काटने से एक महिला की मौत हो गई है। मामला स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनौजा का है। जानकारी के अनुसार शीला बाई गौड पति रघुनन्दन सिह गौड (39) निवासी ग्राम कनौजा थाना स्लीमनाबाद को घर की बाड़ी में सर्प ने काट लिया था। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## एकमुश्त खाद्यान्न वितरण की अवधि 10 जुलाई तक बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिले के सभी पात्र परिवारों को माह जून, जुलाई एवं अगस्त के राशन का वितरण एकमुश्त किया जा रहा है। शासन द्वारा एकमुश्त राशन वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई कर दी गई है। साथ ही निर्धारित अवधि में आवंटन अनुसार दुकान पर सामग्री का प्रदाय एवं सभी पात्र परिवारों को राशन का वितरण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए गये हैं। इसके उपरांत वितरण की अवधि नहीं बढ़ाई जा सकेगी। ज्ञात हो कि वर्षा काल के दौरान राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण एवं वितरण में आने वाली कठिनाइयों के मद्देनजर राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के सभी पात्र परिवारों को माह जून से लेकर अगस्त माह तक का राशन का एकमुश्त वितरण करने के निर्देश दिए गये थे।

डॉ. यादव ने की ऊर्जा विभाग की समीक्षा

# मुख्यमंत्री ने कहा, स्मार्ट मीटर लगवाएं और 20 प्रतिशत सस्ती बिजली पाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिजली सबकी आवश्यकता है। सभी को जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिजली सस्ती दरों पर मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर मॉडल सबसे अच्छा है, इसलिए विद्युत उपभोक्ताओं के हित में सबके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। इससे उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत सस्ती दर पर बिजली मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें उपभोक्ता को खुद की खपत का आंकलन कर ऊर्जा का अपनी सुविधानुसार उपयोग कर अपने बिजली बिल की राशि को कम से कम करने की सुविधा भी मिलती है। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को स्मार्ट मीटर लगाने की गति को और तेज करने के निर्देश दिए।

**बिजली की निरंतर सप्लाई के लिए साल भर चलेंगी मेंटेनेंस गतिविधियां**



### प्रदेश में 1.34 करोड़ घरेलू स्मार्ट मीटर में से अब तक 21 लाख लगाए

बताया गया कि प्रदेश में 1.34 करोड़ घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 21 लाख से भी अधिक घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मई-जून में विभिन्न स्थानों पर हुए विद्युत अवरोधों पर चर्चा करते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए साल भर मेंटेनेंस गतिविधियां चलाई जाएं, ताकि आंधी, पानी या अन्य किसी घटना के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस गतिविधियों में नई एप्रोच के साथ नए उपाय किए जाएं। नए उपकरण क्रय किए जाएं। जहां घने पेड़ हैं, उनके नीचे से गुजरने वाले बिजली के तारों में कोटिंग कराएं। पॉवर/लाईन लॉसेस कम से कम करें।

### सोलर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रेरित करें

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घरेलू हो या औद्योगिक सभी जगह विद्युत का उपयोग बढ़ रहा है। इसलिए घरेलू और औद्योगिक संस्थानों को सोलर पॉवर के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे उपभोक्ता अपनी बिजली स्वयं पैदा कर अतिरिक्त बिजली बेच भी सकेगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में विद्युत उपयोग को भी सोलर पॉवर से चलित पम्पों पर शिफ्ट किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जरूरत वाले जिलों में ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिट की स्थापना के लिए विभागीय नीति तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को सर्वाधिक लाभ उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा विभाग मिलकर प्रयास करें।*

### वन टाइम सेटलमेंट स्कीम

*ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली बिल की बकाया राशि के समाधान के लिए विभाग द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम प्रारंभ की जा रही है। घरेलू, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को उनकी मूल बिजली बिल राशि में अधिभार की छूट देकर बकाया राशि जमा करने की सुविधा दी गई है। यह स्कीम छह माह की अवधि के लिए लागू की जाएगी। इस अवधि के बाद भी बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कर दिया जाएगा। उन्होंने विद्युत वितरण कम्पनियों के नए सेटअप के संबंध में भी चर्चा की।*

### बिजली कंपनियों को दो वर्ष में लाएं लाभ की स्थिति में

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगले दो साल में तीनों विद्युत वितरण कंपनियां लाभ की स्थिति में आ जाएं इसके लिए विद्युत कंपनियां अपनी आय के साधन बढ़ाने के प्रयास करें। नई तकनीक इस्तेमाल करें, नवाचार करें, ताकि कंपनी के साथ-साथ उपभोक्ताओं को फायदा मिले। रबी सीजन में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रबी 2025-26 के लिये पर्याप्त बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

### पीएम जन-मन में शत प्रतिशत विद्युतिकृत करने का दिया लक्ष्य

बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने बताया कि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) में विशेष पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के 29 हजार 290 परिवारों के घरों को शत प्रतिशत विद्युतीकरण कर देने का लक्ष्य लिया गया है। वर्तमान वित्त वर्ष में अब तक 21 हजार से अधिक पीवीटीजी परिवारों के घरों को विद्युतीकृत कर दिया गया है।

### प्रदेश के छह महानगरों में खोले जाएंगे एक-एक विद्युत पुलिस थाने

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में ऊर्जा पुलिस संरचना स्थापित की जाएगी। पहले चरण में प्रदेश के छह महानगरों में एक-एक (कुल छह) विशेष विद्युत पुलिस थाने स्थापित किए जाएंगे। आगामी वर्षों में सभी जिला मुख्यालयों में यह पुलिस थाने स्थापित किए जाएंगे। ये पुलिस थाने चेकिंग अभियान के दौरान चेकिंग दस्तों को सुरक्षा उपलब्ध कराएंगे।

केंद्रीय मंत्री चौहान, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा, राज्य निर्वाचन अधिकारी शेजवलकर ने किया संबोधित

# प्रधानमंत्री मोदी के मूल मंत्रों के साथ संगठन को आगे ले जाएंगे नए प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण, शिवराज ने कहा, आने वाले चुनावों में पिछले विस और लोस चुनावों से ज्यादा मत भाजपा को मिलेगा और प्रदेश की जनता का साथ पार्टी को मिलता रहेगा।*

वर्ष 2014 में भारतीय राजनीति में एक नया उदय हुआ, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की कमान संभाली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के संकल्प के साथ देश को वैभवशाली और गौरवशाली बनाकर दुनिया में भारत का डंका बजा रहे हैं। मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का मूल मंत्र देश के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास के साथ रोज नया इतिहास लिख रहा है। हेमंत खंडेलवाल भी प्रधानमंत्री के इस मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ेंगे। आने वाले चुनावों में पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से ज्यादा मत भाजपा को मिलेगा और प्रदेश की जनता का साथ पार्टी को मिलता रहेगा। यह बात केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान अभूतपूर्व काम किया है। निकाय चुनावों से लेकर विधानसभा-लोकसभा चुनावों में बड़ी सफलता अर्जित करने में बड़ी भूमिका अदा की। नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने हमेशा पार्टी के कार्यकर्ता के तौर पर पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया और पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा लगे रहे। उन्हें जो कार्य दिया गया, उन्होंने उसे सही ढंग से संपादित किया। अब आने वाले समय में चुनौतियां बढ़ी हैं, लेकिन हेमंत खंडेलवाल चुनौतियों का सामना कर सफलता प्राप्त करने के लिए जाने जाते हैं, आगे भी उनका यह सिलसिला जारी रहेगा।

**खास बातें**

- खंडेलवाल ने पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया और पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा लगे रहे: शर्मा
- पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के कार्यों की हुई प्रशंसा





### आप सभी के सहयोग से मैंने अपने दायित्व का निर्वाहन किया: शेजवलकर

भाजपा के राज्य निर्वाचन अधिकारी विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर 2 सितम्बर, 2024 को जिस संगठन पर्व की शुरुआत की थी, वह पर्व आज नए प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के साथ संपन्न हो रहा है। मुझे बहुत खुशी है कि इस अभियान के दौरान हमने प्रदेश में 1.73 करोड़ से अधिक नए सदस्य बनाए। आप सभी के सहयोग से 65014 बूथों में से 64468 बूथ समितियों का गठन हुआ। 1313 मंडलों में से 1101 मंडलों का गठन हुआ और सभी 62 संगठनात्मक जिलों में जिला अध्यक्ष के चुनाव हुए। नए प्रदेश अध्यक्ष एवं 44 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का चुनाव किया है। उन्होंने कहा कि जब मुझे प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था, तब मैंने कहा था कि यह जिम्मेदारी मेरी योग्यता देखकर नहीं, अपितु आप सभी कार्यकर्ताओं की योग्यता पर विश्वास के चलते सौंपी गई है। आप सभी के सहयोग से इस दायित्व का निर्वाह संभव हुआ है, जिसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद और नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भाजपा के मप्र संगठन इकाई के निर्वाचन में हेमंत खंडेलवाल के निर्विरोध निर्वाचन पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की है। तोमर ने कहा कि खंडेलवाल का सुदीर्घकालीन संगठनात्मक अनुभव, संगठन के प्रति निष्ठा, प्रतिबद्धता, सहजता, सादगी एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय लगाव उनके इस पद पर चयन को प्रतिपादित करता है। तोमर ने कहा कि खंडेलवाल बैतूल संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं बैतूल विधानसभा से दो बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। खंडेलवाल बैतूल जिला संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं कुशाभाऊ ठाकरे भवन निर्माण समिति के प्रमुख एवं प्रदेश संगठन में कोषाध्यक्ष भी रहे हैं। उनका संगठनात्मक अनुभव कार्यकर्ताओं को नई दिशा प्रदान करने में सहायक होगा। तोमर ने कहा कि मुझे विश्वास है कि खंडेलवाल के नेतृत्व में प्रदेश संगठन नई ऊर्जा, नवाचार और समन्वय के साथ और अधिक सशक्त होगा तथा कार्यकर्ताओं को केंद्र में रखकर राष्ट्र प्रथम के हमारे ध्येय की ओर अग्रसर होगा।

### संगठन तंत्र की शक्ति ही वैभव का चित्र सजाती है: शर्मा




*भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मप्र का संगठन आदर्श है। आदर्श राज्य बनने में जनसंघ से लेकर भाजपा की कई पीढ़ियां खपी हैं। इसमें एक-एक कार्यकर्ता का अहम योगदान है। श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे के पदचिन्हों पर चलते हुए सामूहिकता की भावना से कार्यकर्ताओं ने इतिहास बनाया है। मप्र के 62 संगठनात्मक जिलों में 1313 मंडल के 65014 बूथों में से 99.9 प्रतिशत बूथ समितियों का गठन कर डिजिटली बूथ एनरोल्ड कर पार्टी ने देश में इतिहास बनाने का कार्य किया है। आज मैं सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को और आगे ले जाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश में संगठन पर्व संपन्न हो गया है। मुझे इस बात का बहुत गर्व है कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ संगठन पर्व को पूरा कराया। यह वह मध्यप्रदेश है जिसे श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे, राजमाता विजयाराजे सिंधिया, स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा, स्वर्गीय कैलाश जोशी से लेकर यहां उपस्थित सभी वरिष्ठ नेतृत्व ने मिलकर गढ़ा है। संगठन तंत्र की शक्ति ही वैभव का चित्र सजाती है।*

बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम उबका तेंदूपारा की घटना

## घरेलू विवाद के चलते पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर



जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम उबका तेंदूपारा में घरेलू विवाद के चलते एक शख्स ने नशे की हालत में अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका पूजा केरकेट्टा का प्रेम विवाह जॉन केरकेट्टा (39) से हुआ था। दोनों पिछले 20 वर्षों से पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे और उनके दो बच्चे भी हैं।

घटना का खुलासा मृतका के बेटे ने किया, जो 1 जुलाई को अपने नाना सावन विश्वकर्मा (60) के पास पहुंचा और बताया कि उसके माता-पिता के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। पिता जॉन केरकेट्टा ने उसकी मां के सिर पर डंडे से वार किया, जिससे उनकी मौत हो गई। जब सावन विश्वकर्मा अपनी बेटी के घर पहुंचे, तो उन्होंने पूजा को मृत अवस्था में पाया। उसके सिर से खून बह रहा था। बगीचा थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी जॉन केरकेट्टा को उबका तेंदूपारा के जंगल से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि 30 जून को जब वह घर लौटा तो उसकी पत्नी शराब के नशे में थी और उसके द्वारा बिना पूछे रखे हुए 1000 रुपये में से 500 रुपये खर्च कर दिए थे। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। आरोपी ने बताया कि विवाद के दौरान उसकी पत्नी ने डंडे से हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद उसने डंडा छीनकर सिर पर वार कर दिया। बाद में गुस्से में आकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

## हाथी के हमले में घायल हुआ ग्रामीण विभाग ने दी जंगल न जाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ जिले में धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज अंतर्गत कुडेकेला 535 आरएफ जंगल में पुटू (मशरूम) इकट्ठा करने गए ग्रामीण राठिया पर जंगली हाथी ने हमला कर दिया। घटना गुरुवार सुबह की है।

घायल ग्रामीण को वन विभाग और हाथी मित्र दल ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वन विभाग ने घायल को 2,000 रुपये की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की और ग्रामीणों को जंगल में न जाने की सलाह दी है। रायगढ़ वन मंडल के बंगुरसिया सर्किल में गुरुवार को एक दंतैल हाथी जंगल से निकलकर पालीघाट-बंगुरसिया सड़क पर आ गया, जिससे वाहनों का आवागमन काफी देर तक ठप रहा। मौके पर मौजूद लोगों ने हाथी का वीडियो बनाया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने पहुंचकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा, जिसके बाद सड़क पर यातायात बहाल हो सका। वन विभाग ने दोनों घटनाओं के बाद आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और क्षेत्र में सतर्कता बरतने की अपील की है।

वार्ड नंबर 12 में घरों में घुसा गंदे नाले का पानी, हालात हुए बद से बदतर

## जल भराव बना मुसीबत करंट से छात्रा की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में वार्ड नंबर 12, चिमनीभट्ठा में भारी बारिश के कारण लोगों के घरों में नाले का गंदा पानी घुस गया। भरी हुई नालियों और सीवर की गंदगी ने स्थानीय निवासियों की मुश्किलें बढ़ा दीं। जलभराव के कारण लोगों को घरों में खड़े होकर रहना पड़ रहा है और कई परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**जलभराव से बिगड़े हालात, करंट का खतरा**

लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं, जिसके कारण चिमनीभट्ठा में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक हर साल बारिश में जलभराव की समस्या होती है, लेकिन नगर निगम और प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं देता। जल निकासी की व्यवस्था नाकाफी होने के कारण पानी घरों में जमा हो जाता है। देर रात से घरों में नाले का पानी घुस गया है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे और पीने के पानी व खाने-नाश्ते की भी किल्लत हो रही है।



***खंबों में करंट उतर रहा, बढ़ा रिस्क***

*जलभराव के कारण बिजली के खंभे में करंट उतर रहा है, जिससे वे बाल-बाल बचे। इस स्थिति ने लोगों में भय और आक्रोश पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग 25-30 घर हर बारिश में जलभराव से प्रभावित होते हैं। नाले के किनारे अवैध कब्जे और मकान निर्माण के कारण भी जल निकासी बाधित हो रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और नगर निगम से जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने और अवैध कब्जों पर कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।*

### सर्वमंगला नगर में बच्ची की मौत

शहर के सर्वमंगला नगर, बरेठ मोहल्ला में गुरुवार सुबह 12 वर्षीय छात्रा की करंट लगने से मौत हो गई। घटना सुबह करीब 7:30 बजे हुई। मृतका के पिता गोपाल निषाद ने बताया कि उनकी बेटी भूमि, दुरपा के कर्म भारती स्कूल में कक्षा छठी की छात्रा थी। वह रोज की तरह सुबह स्कूल जाने की तैयारी कर रही थी। बिस्तर साफ करने के बाद जब उसने कमरे की लाइट बंद की, तभी वह करंट की चपेट में आ गई। गोपाल ने बताया कि वह चिल्लाने की आवाज सुनकर दौड़े और किसी तरह उसे स्विच से अलग किया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसकी मृत्यु की पुष्टि कर दी।

## स्वस्थ जीवनशैली के लिए तेल, चीनी और नमक कम करना होगा: अनुप्रिया

**भोपाल।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री व अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने स्वस्थ भारत को ही समृद्ध और विकसित भारत की नींव बताते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए हमें तेल, चीनी और नमक थोड़ा कम करना होगा, साथ ही तेजी से बढ़ते मोटापे की समस्या को भी ध्यान में रखना होगा।

एक संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आंकड़े पेश करते हुए अनुमान जताया कि 2050 तक देश के 44 करोड़ लोग मोटापे का शिकार हो सकते हैं। वहीं वर्तमान में देश की 24 फीसदी महिलाएं व 23 फीसदी पुरुष मोटापे से ग्रस्त हैं। इस दौरान मप्र प्रभारी व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल, डॉ. अखिलेश पटेल, अर्जुन सिंह पटेल, देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश कार्यालय सचिव रोहित चंदेल व अन्य उपस्थित रहे।



# कलेक्टर का निरीक्षण, दिखाया सख्त रुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरुवार सुबह जिला पंचायत, जिला अस्पताल और करपात्री स्कूल में अचानक निरीक्षण कर कर्मचारियों की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया।

निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं मिले, जिसके चलते कलेक्टर ने उन्हें फटकार लगाई और कुछ से सार्वजनिक रूप से कान पकड़कर माफी मंगवाई। साथ ही, दर्जनभर कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

**देर से आने वाले कर्मचारियों को लगाई फटकार, कान पकड़कर मंगवाई माफी**

### उपस्थिति रजिस्टर देखने के बाद शोकॉज नोटिस



सुबह 10 बजे जिला पंचायत कार्यालय में कलेक्टर ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की, जिसमें 42 कर्मचारी देर से आने के दोषी पाए गए। कलेक्टर ने सभी के नाम नोट कर शोकॉज नोटिस जारी करने के आदेश दिए। मौके पर मौजूद कुछ कर्मचारियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कान पकड़कर माफी मांगी और भविष्य में समय का पालन करने का वादा किया। कलेक्टर स्पष्ट किया कि कार्यदिवस का समय सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक है, और सभी कर्मचारियों को इसका सख्ती से पालन करना होगा। जिला अस्पताल के आकस्मिक निरीक्षण में कई चिकित्सक, तकनीकी स्टाफ और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी समय पर ड्यूटी पर नहीं मिले। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

ईपीएफओ भोपाल ने प्रोत्साहन योजना के बारे दी पूर्ण जानकारी

**योजना का लाभ अगले दो वर्षों तक मिलेगा**

# पहली बार नौकरी ज्वॉइन करने वाले कर्मचारियों को दो किस्तों में एक महीने का वेतन अधिकतम 15,000 रुपए देगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार ने अभी एक दिन पहले प्रोत्साहन ईएलआई योजना को मंजूरी दी है। इस योजना से अकेले मप्र में अनुमानित 10 लाख ऐसे बेरोजगारों को लाभ होगा, जो नौकरी की तलाश में निजी कंपनियों में जाएंगे।

इस योजना का लाभ अगले दो वर्षों तक मिलेगा। नौकरी पर रखने वाले नियोक्ता को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा। यह योजना एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।




### पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन

*पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए, इस भाग में एक 10 हजार रुपए तक दो किस्तों में दिया जाएगा। एक लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारी हीने की सेवा के बाद और दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी की ओर से वित्तीय साक्षरता पूरा करने के बाद दिया जाएगा। बचत की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए जमा खाते के बचत साधन में रखा जाएगा। कर्मचारी इसे बाद में निकाल सकेंगे।*

**योजना के दो भाग**

ईपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त रोशन काश्यप ने हरिभूमि को बताया कि इस योजना के तहत, जहां पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपए तक) मिलेगा, वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिए दो साल के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा, साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए दो साल के लिए विस्तारित लाभ दिया जाएगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी, जिसका कुल बजट परिव्यय 2 लाख करोड़ रुपए है। इस योजना के दो भाग है, जिसमें भाग ए पहली बार आवेदन करने वालों पर केंद्रित है। जबकि भाग बी नियोक्ताओं पर केंद्रित है।

### इस नियम का करना होगा पालन

ईपीएफओ के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों को कम से कम छह महीने के लिए निरंतर आधार पर कम से कम दो अतिरिक्त कर्मचारी (50 से कम कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) या पांच अतिरिक्त कर्मचारी (50 या अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) नियुक्त करने की आवश्यकता होगी।

**प्रोत्साहन संरचना इस तरह होगी**

| अतिरिक्त कर्मचारी का ईपीएफ वेतन स्लैब | नियोक्ता को लाभ (प्रति माह प्रति अतिरिक्त रोजगार) |
|---|---|
| 10,000 रुपए तक | 1,000 रुपए तक |
| 10.000 रुपए से अधिक और 20,000 रुपए तक | 2,000 रुपए |
| 20,000 रुपए से अधिक (1 लाख रुपए प्रति माह तक) | 3,000 रुपए |

**ईपीएफ वेतन 10,000 तक है तो मिलेगा आनुपातिक लाभ**

जिन कर्मचारियों का ईपीएफ वेतन 10,000 रुपए तक है. उन्हें आनुपातिक प्रोत्साहन मिलेगा। योजना का परिणाम युवाओं, पुरुषों और महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है।

## ट्रक ड्राइवरों के सम्मान में भाईचारा का 'ऑपरेशन सारथी' अभियान

भय-तनाव मुक्त और सुरक्षायुक्त हो चालक

# चेक पोस्टों पर 'सारथी' हो रहे प्रताड़ित प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ट्रक ड्राईवरों को सम्मान मिलें, चेक पोस्टों पर उनसे की जा रही अवैध वसूली और उन्हें प्रताड़ित करने के खिलाफ 'भाईचारा राजमार्ग परिवहन सेवा (बीआरपीएस), शिवाजी वाहन चालक एंड संचालक एसोसिएशन नागपुर एवं गोपाल परिवार फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से 'ऑपरेशन सारथी' अभियान का मोर्चा खोला है। हमारे सारथी भय और मानसिक तनाव से मुक्त, सुरक्षा से युक्त होंगे तो देश की आर्थिक धुरी तेज होगी।

अवैध वसूली बंद, उनके साथ मारपीट और प्रताड़ित किए जाने की घटना घटित नहीं हो इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा को एक विस्तृत शिकायती पत्र भेजा गया है। जानकारी गुरुवार को भाईचारा राजमार्ग परिवहन सेवा के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, गोपाल परिवार फाउंडेशन के संचालक प्रहलाद अग्रवाल और शिवाजी वाहन चालक एंड संचालक एसोसिएशन नागपुर के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने मीडिया को दी। इस अवसर पर सुनिल सिंह, सचिन पांडे, कल्पना



लोखन्डे, वनमाला रामटेक, अंकित श्राप, सारथी मनीष खडसे आदि भी उपस्थित रहे। नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि देशभर के हाईवे और चेक पोस्टों पर ड्रायवरों से गैरकानूनी तरीके से पैसे वसूले जा रहे हैं। परिवहन अधिकारियों द्वारा चालकों को अनावश्यक रूप से रोककर, चालान या दस्तावेजों के नाम पर प्रताड़ित किया जाता है। ड्राइवरों से व्यवहार अपमानजनक होता है, जिससे उनमें भय, तनाव और असुरक्षा की भावना घर कर रही है। यह स्थिति देश के आत्मनिर्भर भारत अभियान और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की भावना के विपरीत है। प्रहलाद दास ने बताया कि जो ट्रक ड्राइवर दिन-रात देश की जरूरतें पूरी करने के लिए सड़क पर हैं, वही आज सबसे ज़्यादा अपमान और शोषण का शिकार हो रहे हैं।

### पत्र में सरकार से रखी प्रमुख मांगें

- सभी चेक पोस्टों पर पारदर्शिता लागू हो, सीसीटीवी निगरानी और डिजिटल रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की जाए।
- आटीओ और निरीक्षण अधिकारियों की जवाबदेही तय हो।
- ड्राइवरों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार को तुरंत रोका जाए।
- मनमाने चालानों और अवैध वसूली में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो।
- ड्राइवरों के लिए हेल्पलाइन और शिकायत निवारण पोर्टल शुरू किया जाए।
- **भाषा और व्यवहार** : कई राज्यों में स्थानीय पुलिस और अधिकारी भाषा के आधार पर बाहर से आए ड्राइवरों के साथ गलत व्यवहार करते हैं। अपमानजनक शब्दों और धमकी की घटनाएं आम होती जा रही हैं।
- **दस्तावेजों की मनमानी जांच** : बीमा, फिटनेस, ट्रांसपोर्ट परमिट और माल लोडिंग स्लिप की जांच के नाम पर उत्पीड़न किया जाता है। जो कागजात पूरी तरह वैध भी हों, उन्हें खामियों के नाम पर खारिज किया जाता है।

## ज्वेलरी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट में हर वर्ष सोने के 4.7 टन गहने और हीरे के 1.8 लाख कैरेट गहने का होगा उत्पादन

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने हैदराबाद में एकीकृत विनिर्माण इकाई का किया उद्घाटन



एजेंसी ▶▶ मुंबई

दुनिया के पांचवें सबसे बड़े खुदरा आभूषण विक्रेता (ज्वेलरी रिटेलर) मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने हैदराबाद, तेलंगाना में अत्याधुनिक, पूरी तरह से एकीकृत (इंटीग्रेटेड) आभूषण विनिर्माण इकाई (ज्वेलरी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट) की शुरुआत की है। यह इकाई अपनी तरह की सबसे बड़ी है।

मलाबार गोल्ड के 13 देशों में 400 से ज्यादा शोरूम हैं। रंगा रेड्डी जिले के महेश्वरम के जनरल पार्क में स्थित और 3.45 लाख वर्ग फुट में फैली, अपनी तरह की यह पहली एकीकृत विनिर्माण इकाई, भारत और जीसीसी देशों में समूह की 14 विनिर्माण इकाइयों में सबसे बड़ी है।

### *सालाना 4.7 टन से अधिक सोने के गहने और 1.8 लाख कैरेट हीरे के गहने बन सकते है*

*एकीकृत विनिर्माण इकाई में सालाना 4.7 टन से अधिक सोने के गहने और 1.8 लाख कैरेट हीरे के गहने बन सकते हैं। इसके अलावा इस यूनिट में हर वर्ष 78 टन सोने की रिफाइनिंग हो सकती है। इस इकाई में 18 राज्यों के 2,750 कुशल कारीगर काम कर रहे हैं और यहां वर्कफोर्स की सेफ्टी, सिक्योरिटी, बेहतरी और सुविधा भी सुनिश्चित की जाती है। इस इकाई के कुल कार्यबल में से 40 प्रतिशत की भर्ती स्थानीय आबादी से की गई है और कुल कार्यबल में पुरुष और महिला का अनुपात 80:20 का है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जनरल पार्क इकाई का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद, वाइस-चेयरमैन अब्दुल सलाम केपी मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर (इंडिया ऑपरेशंस) आशेर ओ, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर निषाद ए के और मलाबार ग्रुप के शीर्ष मैनेजमेंट के अन्य सदस्यों, तेलंगाना सरकार सहितअन्य मौजूद थे।*

*लोगों एवं शुभचिंतकों की गरिमामयी उपस्थिति में इस इकाई की शुरुआत हुई।*


## झारखंड दौरे पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने गढ़वा को दी सौगात

# 2400 सौ करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

## सांसदों, मंत्रियों और विधायकों ने किया स्वागत, देखने के लिए उमड़ पड़ी भीड़

एजेंसी ▶▶ गढ़वा

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को बिरसा मुंडा हेलीपैड पहुंचे। यहां डीसी और एसपी ने उनका पुष्प



गुच्छ देकर स्वागत किया। हूर में उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान 2 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण रिमोट का बटन दबाकर किया। गढ़वा में 1129 करोड़ की लागत से गढ़वा फोर लेन बाइपास सड़क का उद्घाटन किया जबकि 1330 करोड़ की लागत से गुमला से छत्तीसगढ़ फोरलेन सड़क का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस मौके पर कई नेता मौजूद थे।

### दोनों हाइवे की लागत 2455.28 करोड़

गढ़वा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 43 पथ जिसकी कुल लंबाई 32.370 किलोमीटर है और इसमें 1325.80 करोड़ की लागत लगी है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 पथ की लंबाई 22.730 किलोमीटर है और इसकी लागत 1129.48 करोड़ की है। इन सड़कों की कुल 55.100 किमी है जिसकी कुल लागत लागत 2455.28 करोड़ की है।




### कई योजनाओं को दी मंजूरी

गढ़वा से अंबिकापुर तक सड़क बनाने की मांग मंजूर करता हूं। आपके सांसद की वजह से यह सड़क बनी है उन्होंने एक मांग की सड़क की इसकी भी मंजूरी देता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत आने वाले थे लेकिन उनके पिता जी की तबीयत खराब है। इसलिए नहीं आए हम उनके स्वास्थ लाभ की कामना करता हूं। आप लैंड इक्वडिशन का काम पूरा करिए आपको सड़क मैं दूंगा, मैं दो लाख करोड़ रुपय की काम झारखंड में करना चाहता हूं।

### गढ़वा शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी

भारत माला प्रोजेक्ट के तहत गढ़वा शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए एनएच 75 फोरलेन सड़क की स्वीकृति मिली थी जो रांची से वाराणसी कॉरीडोर के रूप में विस्तार किया जा रहा है। यह सड़क 22 किमी लंबी है जो पलामू से गढ़वा के खजुरी तक बनी है। इससे जाम से मुक्ति मिलेगी।

### इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा तो उद्योग के साथ व्यवसाय, व्यापार बढ़ेगा

गडकरी ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए फोरलेन सड़क के लिए आपको बधाई देता हूं। हमारे इस क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगी तो उद्योग, व्यवसाय, व्यापार बढ़ेगा। झारखंड की भूमि ऐतिहासिक भूमि है वीरों की भूमि है यहां की जमीन का कृषि क्षेत्र में अच्छी तरह कार्य हो रहा है।

### चावल की भूसी से इथेनॉल बनाएं

गडकरी ने कहा कि चावल की भूसी से इथेनॉल बनाएं। 20 प्रतिशत पेट्रोल में हमारे यहां इथेनॉल खपत होती है। झारखंड की प्रगति हो झारखंड का विकास हो इसके लिए भारत सरकार आपकी मदद करेगी। राज्य सरकार सड़क निर्माण को लेकर जो योजना भेजगी वो भी स्वीकृत होगी।

### मैं जो वादा करता हूं... उसे पूरा भी करता हूं

देश का किसान विकसित होगा तो देश समृद्ध होगा। जो वादा करता हूं पूरा करता हूं। कई उद्योग की भी संभावनाएं हैं उस दिशा में भी काम करने की जरूरत है। एलपीजी गैस के क्षेत्र में इंडस्ट्री लगाई जाएगी। जल जंगल जमीन से जुड़ी इकोनॉमी झारखंड में है। राजनीति में जातिवाद सांप्रदायिकता को खत्म करें।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय की टिप्पणी

# उन छात्रसंघ कार्यालयों पर ताला जड़ें, जहां चुनाव नहीं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि पश्चिम बंगाल के जिन महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव लंबित हैं वहां बन छात्र निकाय कार्यालय को बंद रखा जाए। अदालत ने छात्रसंघ कक्षों के अंदर सभी प्रकार की मनोरंजक गतिविधियों पर रोक लगाते हुए निर्देश दिया कि इन कमरों का उपयोग आधिकारिक उद्देश्यों के लिए यदि अत्यंत आवश्यक हो, तो रजिस्ट्रार या संबंधित संस्थान के प्रधानाचार्य से लिखित अनुमति के बाद ही किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 25 जून की शाम को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के परिसर में प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में दायर जनहित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया।

## किसान की दयनीय हालत देख लोग सहम गए

# बुजुर्ग दंपती की मेहनत देख पसीजा लोगों का दिल, पत्नी के साथ मिलकर खुद जोता खेत

एजेंसी ▶▶ लातूर

महाराष्ट्र के लातूर जिले से एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। इस वायरल क्लिप में 75 साल का एक बुजुर्ग किसान अपनी पत्नी के साथ बैल की तरह खुद को हल में जोतकर खेत की जुताई करता नजर आ रहा है। यह वीडियो न सिर्फ गांवों में फैली गरीबी की भयावह स्थिति को उजागर करता है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करता है कि क्या वास्तव में हम 'विकसित भारत' की ओर बढ़ रहे हैं?



### दो वर्षों से कर रहे ऐसी मेहनत

यह दृश्य लातूर जिले के एक गांव का है। बुजुर्ग किसान अंबादास पवार और पत्नी मुक्ताबाई पिछले 2सालों से खेतों की बुआई खुद से कर रहे हैं। उनके पास बैल के लिए पैसे नहीं हैं, ऐसे में यह दंपती मजबूरी में खुद ही बैल बनकर खेत जोतते हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि अंबादास पवार कंधे पर हल का पट्टा लटकाए हुए आगे चल रहे हैं और उनकी पत्नी खेत के पीछे से हल चला रही हैं।

## पलभर में छिन गई खुशियां, 5 की मौत

हापुड़। यहां के हाफिजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 334 पर बुधवार रात करीब साढ़े 10.30 बजे गलत साइड जा रहे कैंटर ने बाइक सवार दानिश, उसकी बेटी मायरा, सुमायर, दानिश का भतीजा समर, पड़ोसी वकील का इकलौता बेटा माहिम को कुचल दिया था। जिसमें पांचों की मौत हो गई थी।

फायनेंस

फाइनेंस- जनधन योजना आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 50000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइल:- 9211540121 (रायपुर /04/जुलाई 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# शिमला में फोरलेन किनारे फिर गिरा डंगा, 5 घर खतरे में

एजेंसी ▶▶ कुल्लू

फोरलेन के चल रहे काम पर वीरवार को भी डंगा गिरने से लोगों को घरों को खतरा पैदा हो गया है। 5भवनों को खतरा मंडरा रहा है। 4 दिन पहले ही इस डंगे का पहला हिस्सा गिरा था, अब डंगे का दूसरा हिस्सा भी गिरने से लोगों को घरों में रहने से भी डर लगने लगा है। स्थानीय लोगों ने इसे रोकने के लिए कदम न उठाने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी। लोगों ने कहा कि कदम नहीं उठाए तो सड़कों पर उतरना होगा।

### बादल फटने के बाद 56 लोग अभी लापता

## मरने वालों की संख्या 19 तक पहुंची, 370 को बचाया




हिमाचल में बादल फटने से हुई तबाही में मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। मंडी जिले में लापता लोग 34 से बढ़कर 56 हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक 46 लोग सराज क्षेत्र के हैं। थुनाग में 8, गोहर में 6, करसोग में 1, कांगड़ा में 2, नादौन और जोगिंद्रनगर में 1-1जान गई है। 370 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। सराज के थुनाग में 16, पखरैर में 18, जरोल में 7, चिऊणी में 4 और पांडवशीला में 1 व्यक्ति लापता है। स्यांज और बाड़ा परवाड़ा में 6लोगों की मौत हुई हैं व 8 लापता हैं। करसोग में 1 की मौत हुई है। दो लोग लापता हैं। बादल फटने और भूस्खलन के चलते थुनाग और जंजैहली उपमंडल में सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। सेना बचाव कार्यों में लगी है।

### मानसून सीजन में अब तक 63 लोगों की मौत

मंडी में 154 घर, 106 गोशालाएं, 14 पुल ध्वस्त हो गए हैं। 31 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हैं। 164 मवेशियों की मौत हुई है। सैकड़ों बिजली ट्रांसफार्मर व पेयजल योजनाएं ठप हैं। बंजार घाटी में करीब 250 सैलानी सुरिक्षत निकाले हैं। 2 जुलाई तक प्रदेश में आपदा से 63 लोगों की मौत हो चुकी है।

## शब्द पहेली - 5917



**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

### शब्द पहेली -5916 का हल



## सूडोकु नवताल - 5927

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5926 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, ब्रिज या फ्लाईओवर्स का निर्माण हमारे यातायात को सुगम बनाने के लिए किया जाता है। सड़क या रेलवे लाइन को पार करने के लिए भी फुटओवर ब्रिज बनाए जाते हैं। सिर्फ इंसान के लिए ही नहीं, कई देशों में इस तरह के ब्रिज वन्य जीवों के लिए भी बनाए गए हैं ताकि वे वाहनों से टकरा कर चोटिल ना हों, सुरक्षित रहें। जानो, इन अनूठे ब्रिजेस के बारे में।



# वन्य जीवों के लिए अनूठे ग्रीन ब्रिज

### क्रैब ब्रिज, क्रिसमस आइलैंड नेशनल पार्क ऑस्ट्रेलिया

**ऑस्ट्रेलिया के** क्रिसमस आइलैंड में हर साल बहुत बड़ी संख्या में रेड क्रैब समुद्र की तरफ माइग्रेशन के लिए निकल पड़ते हैं। रास्ते में कई बार वाहनों द्वारा कुचल कर सैकड़ों क्रैब्स यानी केकड़े अपनी जान गंवा देते हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखकर वहां एक 16 फीट ऊंचा पुल बना दिया गया। अब व्यस्त सड़क के ऊपर से बिना किसी जोखिम के आसानी से ये क्रैब्स निकल जाते हैं। इतना ही नहीं, यहां 31 स्पेशल क्रैब अंडरपास और 65 मील लंबाई के प्लास्टिक बैरियर भी लगा दिए गए हैं। ताकि केकड़े इधर-उधर ना भटक कर पैसेज की तरफ से ही आगे बढ़ें और सुरक्षित रहें। *


### नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू नीदरलैंड



**नीदरलैंड का** नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू दुनिया में सबसे लंबी वन्य जीव क्रॉसिंग है। बालू से बना हुआ यह कुदरती पुल, 2625 फीट लंबा और 164 फुट चौड़ा है। यह ब्रिज कई सड़कों, रेलवे लाइनों और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ऊपर से गुजरता है। रोजाना इस ब्रिज का उपयोग हिरण, जंगली सुअरों सहित कई अन्य जीव-जंतु करते हैं। इस ब्रिज की सहायता से ये जंगलों तक बड़े आराम से पहुंच जाते हैं। नीदरलैंड में 600 से ज्यादा ऐसे ईकोडक्ट बनाए गए हैं। *

### वाइल्डलाइफ ओवरपास बैनफ नेशनल पार्क कनाडा

**कनाडा के** अल्बर्टा में स्थित बैनफ नेशनल पार्क में हिरणों की कई प्रजातियां, बारासिंघा, भूरे भालू और अन्य कई छोटे-बड़े वन्य जंतु पाए जाते हैं। जब ये वन्य जंतु वहां के हाईवे को पार करके दूसरी तरफ जाते हैं, तब तेज गति से गुजरते वाहनों से इनके टकरा कर घायल होने का खतरा रहता है। इस खतरे को ध्यान में रखकर वहां के जागरूक नागरिकों और वन्यजीव अधिकारियों ने 1996 में ट्रांस कनाडा हाईवे पर 6 वन्य जीव फ्लाईओवर ब्रिज और 38 अंडर पासेस का निर्माण करवाया। इन पुलों के निर्माण के बाद सड़क दुर्घटना में मरने वाले जानवरों की संख्या में काफी कमी आई है। *



### नट्टी नैरो ब्रिज, लॉन्ग व्यू अमेरिका




**अमेरिका के** वाशिंगटन के लॉन्ग व्यू में ओलंपिया वे पर बना यह एक पतला-सा एनिमल क्रॉसिंग ब्रिज है, जो मुख्य रूप से गिलहरियों के लिए बनाया गया है। इसकी चौड़ाई इतनी ही है कि गिलहरी जैसे छोटे जंतु इस पर मजे से चल सकें। अकसर गिलहरियां रोड क्रॉस करते हुए गाड़ियों के नीचे दब जाती थीं। 1963 में एक स्थानीय बिल्डर एमोस पीटर्स ने गिलहरियों को ट्रैफिक भरी सड़क से दूर रखने के उद्देश्य से इस नट्टी नैरो ब्रिज को बनवाया था। इसके बाद वाशिंगटन में जगह-जगह इस तरह के कई पुल बनाए गए। *



### ए 556 ग्रीन ब्रिज यूके

**यूनाइटेड किंगडम** (यूके) में वन्य जीवों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाए गए पुलों को ग्रीन ब्रिज कहते हैं। इंग्लैंड के चेशायर में कई छोटे-बड़े जंतु रहते हैं। यहां 2018 में नूटसफोर्ड से बाउडॉन बाईपास तक एक ग्रीन ब्रिज बनाया गया। इस ग्रीन ब्रिज का उपयोग वन्य जीवों के साथ यहां निवास करने वाले किसान और मजदूर भी करते हैं। *

### ईकोलिंक सिंगापुर

**सिंगापुर में** बड़ी संख्या में वन्य जीव पाए जाते हैं। यहां सिटी सेंटर के बाहर स्थित रेनफॉरेस्ट नेचर रिजर्व, सड़क निर्माण के कारण दो हिस्सों में बंट गया था। इससे वन्य जीवों को विचरण करने में बहुत परेशानी होती थी। 2013 में इन्हें ईकोलिंक ओवरपास के माध्यम से जोड़ दिया गया। यह ईकोलिंक 8 लेन का है। दक्षिण पूर्वी एशिया में अपनी तरह का यह पहला ओवर पास है। *




ऐतिहासिक धरोहर / रजनी अरोड़ा

# दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार



बच्चो, अगर तुमसे पूछा जाए कि दुनिया की सबसे लंबी दीवार कौन-सी है, कहां है? तो झट से तुम्हारा जवाब होगा-द ग्रेट वाल ऑफ चाइना। लेकिन क्या तुम्हें पता है चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार कहां स्थित है, कौन-सी है? यह दीवार अपने देश भारत में है। राजस्थान राज्य में स्थित कुंभलगढ़ किले की दीवारों को दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार का दर्जा प्राप्त है।

**यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में है शामिल:** राजस्थान के कुंभलगढ़ किले की दीवार 36 किलोमीटर लंबी है। इस दीवार को यूनेस्को ने दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार घोषित किया है। इसके अलावा यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज की लिस्ट में भी इस दीवार को शामिल किया गया है।



**ऐतिहासिक महत्व:** कुंभलगढ़ किले का निर्माण महाराणा कुंभा ने 15वीं शताब्दी में करवाया था। तुमने इतिहास की किताबों में शूरवीर नायक महाराणा प्रताप के बारे में पढ़ा होगा। महाराणा उदय सिंह के पुत्र महाराणा प्रताप का जन्म इसी कुंभलगढ़ के किले में हुआ था। यह किला कुंभलगढ़ की संकटकालीन राजधानी रहा है। मेवाड़ पर जब भी कोई बाहरी आक्रमण होता था, मेवाड़ का राज परिवार इसी किले में सुरक्षित रहता था। पन्ना धाय ने इसी किले में छिप कर महाराणा प्रताप के पिता उदय सिंह का पालन-पोषण किया था। हल्दी घाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप भी काफी समय तक इसी किले में रहे थे।


**किले की विशेषताएं:** उत्तर-पश्चिमी भारत की अरावली माउंटेन रेंज पर बना कुंभलगढ़ किला समुद्र तल से करीब 1,100 मीटर (3,600 फुट) ऊंचाई पर बना है। इसमें करीब 350 से ज्यादा प्राचीन जैन और हिंदू मंदिर हैं। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ही नहीं, अपने वास्तुशिल्प के लिहाज से भी यह किला बेजोड़ है। कई पहाड़ियों और घाटियों को मिलाकर बना यह किला बहुत ही अनोखा और मजबूत है। इस किले के ऊंचे स्थानों पर महल, मंदिर और घर बनाए गए हैं। समतल भूमि का उपयोग खेती के लिए और ढलान वाली जगहों पर जलाशय बनाए गए हैं। खुद महाराणा कुंभा ने इस किले का डिजाइन तैयार किया था। माना जाता है कि महाराणा कुंभा मजदूरों को प्रतिदिन करीब 50 किलो घी और 100 किलो रुई देते थे ताकि रोशनी जलाकर किले का काम रात को भी किया जा सके। इस किले के निर्माण में लगभग 15 वर्ष का समय लगा।

कुंभलगढ़ किले की दीवार अरावली की 13 पहाड़ियों तक फैली है, जो 36 किलोमीटर लंबी और 15 फुट चौड़ी है। इसमें 7 विशाल दरवाजे और वॉच-टॉवर हैं। यह दीवार इतनी चौड़ी है कि इस पर एक साथ दस घोड़े आसानी से दौड़ सकते हैं, मजबूत इतनी है कि कई आक्रमणकारी इसे तोड़ कर लांघ नहीं पाए। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# रोमांचक बाल-उपन्यास

पंजाबी भाषा में लिखे और पुरस्कृत 'पताल दे गिठमुठिए' उपन्यास का हिंदी अनुवाद 'पाताल के बौने' हाल में छपकर आया है। इसकी कहानी 'रसूलपुर' गांव से शुरू होती है। जहां पानी की कमी है और गांव वाले पानी की कमी दूर करने के लिए कुआं खोदते हैं। बच्चों के लिए भी यह काम कौतूहल जगाने वाला है। तभी गांव का एक आदमी गांव वालों को जमीन के नीचे रहने वाले बौनों को देखे जाने का एक मनगढ़ंत किस्सा सुनाता है। इसे सुनकर गांव का एक बच्चा निक्कू एक शाम उस नए बनते कुएं में लगी हुई सीढ़ी से बौनों को देखने नीचे उतर जाता है। तभी अचानक उसकी भेंट सचमुच एक छोटे से जीव से हो जाती है। अब निक्कू हैरान भी है और भौंचक भी कि वह अब क्या करे? लेकिन वह हिम्मत से उस नए जीव के साथ आगे बढ़ता जाता है। जमीन के नीचे एक अलग दुनिया दिखती है। अब निक्कू वहां किन मुसीबतों में पड़ता है? और उनसे फिर कैसे किसी जांबाज की तरह बच निकलता है? यह पूरी कहानी तुम इस बौनों के रोमांचकारी दुनिया में ले जाने वाली किताब में पढ़ सकते हो। *




**किताब :** पाताल के बौने (पंजाबी बाल-उपन्यास), **लेखक :** जसबीर भुल्लर, **अनुवाद :** जसबीर कौर, **मूल्य :** 150 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**रिया:** आंखों के भाई को क्या कहते हैं?
**सिया:** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**रिया:** आई'ब्रो'। -कोमल, हिसार

**मोनू (समोसे वाले से):** भैयाजी, 10 समोसे देना।
**समोसे वाला:** पैक करके देना है?
**मोनू:** नहीं, मैं पेन ड्राइव लाया हूं। उसमें समोसे नाम का फोल्डर बनाओ और डाल दो। -अनिकेत, सरगुजा

## जीके क्विज-160

1. हाल ही में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय कौन बने हैं?
2. वूमेंस वन-डे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप 2025 किन दो देशों में आयोजित किया जाएगा?
3. दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश कौन-सा है?
4. सत्यशोधक समाज की स्थापना किसने की थी?
5. इडुक्की वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
6. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
7. भारत के किस प्रदेश को पहले 'नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी' के नाम से जाना जाता था?
8. भारत रत्न से सम्मानित बिस्मिल्लाह खान का संबंध किस वाद्य यंत्र से था?
9. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' के नाम से भी जाना जाता है?
10. आंवला में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-160 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-159 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2.साइप्रस, 3.बंडारू दत्तात्रेय, 4.मध्य प्रदेश, 5.लैक्टोमीटर, 6.साहित्य, 7. 11 जुलाई, 8.महात्मा गांधी, 9.जगन्नाथ मंदिर, 10.हिंद महासागर

**जीके क्विज-159 का सही उत्तर देने वाले :** सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-रायगढ़, राम-सीतापुर, गोविंद-रायपुर, तान्या-भोपाल, कमल-महासमुंद, राम-राजनांदगांव, हर्ष-बालोद


कहानी



क्षमा शर्मा

अजीब बच्चा था अंतरिक्ष, जहां बच्चे विशालकाय डायनासोर, सांप-बिच्छू और छिपकलियों से डरते हैं, वहीं अंतरिक्ष मजे से इनके खिलौनों से खेलता था। लेकिन नन्हा अंतरिक्ष जब स्कूल जाने लगा तो उसके दादा जी ने खतरनाक जंतुओं वाले खिलौने से दूर रहने को कहा। ऐसा उन्होंने क्यों कहा...?

# अंतरिक्ष का स्कूल



अंतरिक्ष ने स्कूल जाना शुरू किया था। जब भी उसकी मम्मी उठातीं, वह खूब-रोता, 'नहीं जाना स्कूल, नहीं जाना है..', कहकर बिस्तर में लेटे रहने की कोशिश करता। मम्मी उसे गोद में उठाकर लातीं, मुंह धुलवातीं, ब्रश करातीं, नहलातीं। स्कूल ड्रेस पहनातीं। थोड़ी ही देर में वह उसका नाश्ता टेबल पर लगा देतीं। कहतीं, 'मेरा राजा बेटा तो बहुत अच्छा है। वह तो बिल्कुल भी जिद नहीं करता।' तभी उसकी देखभाल करने वाली डेल्सी आंटी उसके लिए गरम दूध ले आतीं। अंतरिक्ष दूध पीने में भी बहुत मान-मनौव्वल कराता। जब डेल्सी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं, तो वह जिद करता, 'नहीं मम्मी से..' और जब मम्मी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं तो वह डेल्सी को बुलाता। कभी-कभी मम्मी नाराज होतीं, कहतीं, 'अंतरिक्ष, क्यों सबेरे-सबेरे परेशान करके टाइम खराब करते हो?' लेकिन अंतरिक्ष वही करता, जो उसके मन में होता। दूध भी ऐसे पीता कि मुंह पर दोनों तरफ दूध की सफेद मूंछें बन जातीं। यह देख पापा कहते, 'अरे, हमारा बेटू तो दादा जी जैसा बन गया।'

अंतरिक्ष की दादा जी जैसी सफेद मूंछें! वह दौड़ कर शीशे में जाकर देखता और हंसता। इस तरह उसका रोना रुक जाता। मम्मी उसके बस्ते में लंच बॉक्स और जरूरी चीजें रखतीं। पापा उसके जूते पॉलिश करते, मम्मी उसे पहनातीं। फिर पापा बाहर जाकर गाड़ी निकालते और हॉर्न बजाते। इसका मतलब होता-अंतरिक्ष, जल्दी से बाहर आ जाओ। टाइम हो गया। वह दौड़ने को होता कि मम्मी बाहर तक उसे नाश्ता खिलाती जातीं। उन्हें पता था कि वह नाश्ता करने में भी, दूध पीने की तरह कितने नखरे दिखाता है, मौका मिलते ही छोड़कर भाग जाता है।

अंतरिक्ष को डायनासोर, सांप, बिच्छू और छिपकलियां बहुत पसंद थीं। उसके बर्थ-डे पर उसके दोस्तों ने चिड़िया से लेकर रियल डॉगी के साइज के बराबर तक के डायनासोर वाले खिलौने दिए थे। हालत यह थी कि अंतरिक्ष की मम्मी छिपकली को देखकर डर से कांपने लगती थीं, और अंतरिक्ष था कि इन खिलौनों को अपने साथ लेकर सोता। स्कूल भी अपने इन्हीं खिलौनों में से किसी एक को साथ ले जाता। पूरे स्कूल में वह डायनासोर वाले अंतरिक्ष के नाम से मशहूर था। उसकी टीचर्स और प्रिंसिपल भी इस बारे में जानती थीं।

आज सवेरे जब अंतरिक्ष पापा के साथ स्कूल पहुंचा, तो उसकी सभी टीचर्स बाहर ही खड़ी थीं। हर रोज ऐसा ही होता था। टीचर्स सवेरे बाहर आकर बच्चों का स्वागत करतीं, हाल-चाल पूछतीं। उनसे हंसी-मजाक करतीं। अंतरिक्ष पापा के साथ आगे बढ़ा था कि प्रिंसिपल मैम ने उसे पुकारा, 'अंतरिक्ष, जरा रुको।' अंतरिक्ष और पापा रुक गए। प्रिंसिपल मैम उसके पास आईं और बोलीं, 'अंतरिक्ष, जरा मेरे साथ तो आओ।' कहती हुई वह अपने कमरे की तरफ बढ़ीं। अंतरिक्ष भी पापा के साथ उनके पीछे आया। वह कुर्सी पर बैठ गईं। फिर अंतरिक्ष को गोद में लेकर अपने मोबाइल पर कुछ पिक्चर्स दिखाने लगीं। पेड़ों की, फूलों की, झरने की, नाव की। साथ में बताती भी जा रही थीं, 'पता है कल मैं अपनी साइकिल से दूर जंगल में सैर करने गई थी। यह देखो सारे पेड़ों, फूलों और तितलियों के पिक्चर्स वहीं के हैं। और तुम्हारा बर्थ-डे गिफ्ट भी है।' कहते हुए मैम ने एक पिक्चर को एनलार्ज कर दिया। हरे रंग का बड़ा-सा पेड़ और उसके नीचे फन उठाए एक काला नाग दिखा। मैम ने बताया, 'कल जब मैं जा रही थी, तो अचानक मुझे यह सांप दिखा। मैंने फौरन तुम्हारे लिए इसका फोटो खींच लिया। पसंद आया बर्थ-डे गिफ्ट।'

यह सुनकर अंतरिक्ष और पापा दोनों मुस्कराए तो मैम आगे बोलीं, 'मैं तुम्हारे बर्थ-डे पर नहीं आ पाई थी न, अब इस फोटो को मैं तुम्हारी मम्मी को व्हाट्सएप मैसेज कर दूंगी।' फिर प्रिंसिपल मैम पापा से बोलीं, 'ऐसा बच्चा मैंने पहली बार देखा है, जो सांप, छिपकलियों और अन्य रेप्टाइल्स को इतना पसंद करता है। वरना तो बच्चे इनसे बहुत डरते हैं।'


पापा ने कहा, 'हां मैम, लेकिन अब हम ऐसे खिलौनों से इसे दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे पापा मतलब इसके दादा जी, कहते हैं कि कहीं ऐसा न हो कि कभी रियल सांप या छिपकली को खिलौना समझकर पकड़ने दौड़े। इसलिए इन चीजों से इसका ध्यान हटाना जरूरी है।'

'अरे हां, यह बात तो मैंने सोची ही नहीं। चलिए, मैं भी इस सांप की पिक्चर इसकी मम्मी को व्हाट्सएप नहीं करूंगी। ओके थैंक्स।' मैम तुरंत बोलीं।

अंतरिक्ष, पापा को देखकर मुस्कराया और जोर से बोला, 'थैंक्यू मैम।' फिर वह पापा के साथ अपनी क्लास की ओर बढ़ गया। रास्ते में ढेर सारी तितलियां उसके पास से गुजरीं। उसने उन्हें पकड़ने की कोशिश नहीं की। उसे याद आया, दादी मना करती हैं न। कहती हैं, 'मर जाएंगी बेचारी!' *

कविता

शादाब आलम



## बढ़िया आम

पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
हंसते-हंसते करें चकोरी
ये लो बीस किलो की बोरी
दफ्तर से निबटा कर अपने सारे काम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
मुझको केक नहीं है खाना
चॉकलेट बिल्कुल मत लाना
मत लाना बर्फी, रसगुल्ला, कालाजाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
एक गाय अकसर आती है
आम शौक से वो खाती है
मैंने जोड़ा रिश्ते में उसका भी नाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
आमों का मौसम है जब तक
कम खाऊंगी खाना तब तक
पेट भरूंगी आमों से ही सुबहो-शाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पेपर-क्राफ्ट बना रहे बच्चे के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट तीन मिनट में सारे अंतर खोजकर बताओ।






**उत्तर :** 1. लड़के की कैंची के हैंडल का कलर डिफरेंट है। 2.लड़के के हाथ में ब्लैंक शीट है। 3.लड़के की हेयर स्टाइल आगे से अलग है। 4.लड़के के सिर के पीछे दिख रहे दो बाल गायब है। 5.लड़के की टी-शर्ट पर आगे स्ट्रिप बना हुआ है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, इस चित्र में एक खरगोश है, जिसे गाजर खाना है। लेकिन उसे गाजर के साथ और भी चीजें रखी दिखाई दे रही हैं। खरगोश को समझ में नहीं आ रहा है वह किस रास्ते से जाए कि उसे गाजर खाने को मिल जाए। खरगोश को गाजर तक पहुंचने में मदद तो करो।



## खबर संक्षेप



### अंपायरों के फैसले भारत के पक्ष में जाने से वोक्स निराश

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अंपायरों के कुछ फैसले भारत के पक्ष में जाने के बाद वह निराश हो गए थे। वोक्स अपनी शानदार लाइन और लेंथ के साथ मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए और उन्होंने पहले दिन 18 ओवर में 59 रन देकर दो विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी पर इंग्लैंड ने दो रिव्यू लिए जिन पर तीसरे अंपायर का फैसला भारत के पक्ष में गया। इस तेज गेंदबाज ने इसे निराशाजनक करार दिया। वोक्स ने बुधवार को पहले दिन खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'यह वास्तव में निराशाजनक था।

### क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं, जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है, जो लंबे समय तक लंबे प्रारुप में खेलने से आती है।पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है। इस साल तीन मुख्य क्लासिकल खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा का मानना है कि खिलाड़ियों को क्लासिकल शतरंज के लिए लगने वाली घंटों की तैयारी पसंद नहीं है, जिससे उन्हें रैपिड और ब्लिट्ज इससे अधिक संतोषजनक लगते हैं।

### ट्रॉट ने कहा- गिल आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं



**मुंबई।** पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची-समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं, जिनका भविष्य उज्वल नजर आता है। गिल ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में दूसरा शतक जड़ा और बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक नाबाद 114 रन (216 गेंद, 12 चौके) बनाकर भारत को पांच विकेट पर 310 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने कहा, उनके हाव-भाव और जिस तरह से उन्होंने रन बनाए वह उल्लेखनीय है। इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ उनके नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ' उनकी रणनीति स्पष्ट थी। मैं क्रीज पर टिका रहूंगा और मैं कल फिर से खेलूंगा।

## टेस्ट : पहली पारी में भारत ने बनाए 587 रन

# शुभमन ने जड़ा दोहरा शतक, खेली सबसे बड़ी कप्तानी पारी, बॉलरों पर ढाया कहर

एजेंसी ▶▶ बर्मिंघम

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच एजबेस्टन में खेला जा रहा है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने दोहरा शतक लगाया है। बतौर भारतीय कप्तान वह ये कारनामा करने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। दूसरे दिन भारत ने सिर्फ एक विकेट गंवाया है। रविंद्र जडेजा ने 89 बनाए, उन्होंने 137 गेंद में 10 चौके और एक छक्के की मदद से बड़ा स्कोर बनाया। उन्हें जोश टंग ने आउट किया। शुभमन गिल और जडेजा के बीच छठे विकेट के लिए 279 गेंद में 203 रन की साझेदारी हुई। शुभमन गिल ने 311 गेंदों में दोहरा शतक लगाया। वॉशिंगटन सुंदर 103 गेंद में 42 रन बनाकर पवेलियन लौटे। आकाशदीप और शुभमन गिल क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने टी ब्रेक




### गिल ने विराट का रिकॉर्ड तोड़ा

150वां रन बनाते ही शुभमन गिल ने विराट कोहली का बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर अभी तक सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था। 2018 के दौरे पर विराट के बल्ले से यहां 149 रनों की पारी निकली थी। शुभमन गिल इस मैदान पर 269 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। 387 गेंद पर गिल ने अपने 269 रन पूरे किए थे।

### दिग्गजों कप्तानों की सूची में हुए शामिल

गिल ने अपना दोहरा शतक पूरा करने के लिए 311 गेंदों का सामना किया। वह भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के साथ शामिल हो गए। विराट कोहली के नाम भारत के लिए कप्तान के रूप में सात दोहरे शतक जड़ने का रिकॉर्ड है। गिल से पहले एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में किसी भारतीय कप्तान की ओर से बनाया गया सर्वोच्च स्कोर 192 रन था, जो मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। इससे पहले मैनचेस्टर में 1990 में अजहरुद्दीन के बनाए गए 179 रन इंग्लैंड में किसी भारतीय कप्तान की ओर से बनाया गया सर्वोच्च स्कोर था। गिल सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ की महान जोड़ी के बाद यहां दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज हैं।

## विंबलडन

# अल्काराज का विजय अभियान जारी शीर्ष खिलाड़ियों में सबालेंका आगे बढ़ी



एजेंसी ▶▶ लंदन

दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा, जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं। अल्काराज़ ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालीफ़ायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है।


**कार्यालय वनमंडलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा**
E-mail ID - dfotwchwara@mp.gov.in, Phone 07162-238258,

**विज्ञप्ति**

श्री रहमान सिंह काकोड़िया, वनपाल आत्मज श्री लक्ष्मण सिंह काकोड़िया, पता मुकाम - नेर जमुनिया, पोस्ट - जमुनिया नेर, तहसील व जिला छिंदवाड़ा म.प्र. को सूचित किया जाता है कि आप पश्चिम छिंदवाड़ा सामान्य वनमंडल के अंतर्गत वनरक्षक पद पर पदस्थ है। दिनांक 01.01.2024 से आप आवेदन पत्र प्रस्तुत किये बिना, एवं सूचना दिये बिना, अनाधिकृत रूप से आज दिनांक तक अपने कर्तव्य एवं मुख्यालय से लगातार अनुपस्थित है।

श्री रहमान सिंह काकोड़िया, वनपाल को इस सूचना पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाश की तिथि से 07 दिवस के अंदर शासकीय कर्तव्य पर उपस्थित होवे । निर्धारित समय-सीमा के अंदर कर्तव्य पर उपस्थित ना होने पर उनके विरूद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम - 14 अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे ।

वनमंडल अधिकारी
पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा
G-15138/25



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बालाघाट जिला-बालाघाट (म.प्र.) 481001**
दूरभाष/फेक्स क्रमांक 07632-241318/247101 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in

क्रं./योजना/2025/3703 बालाघाट, दिनांक 03/07/2025

**//निविदा सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा निम्नांकित सामग्री क्रय करने/सेवाएं प्रदाय करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारो एवं संविदाकारो से वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | टेंडर आई.डी. | कार्य का विवरण | रेट | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _434862_1 | समग्र ई.के.वाई.सी. (समग्र आई.डी. से आधार लिंक)- प्रति नवीन ई.के.वाई.सी. | - | 05 लाख | 25 हजार रूपये मात्र। | 1000/- | निर्माता/ अधिकृत विक्रेता/ सेवा प्रदाता | 02 माह |

नोटः- निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं निविदा की शर्ते ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, बालाघाट
जिला-बालाघाट



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कटनी जिला कटनी (म.प्र.)**
ई-मेल - apmckatni@gmail.com दूरभाष नं०-07622240063

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2025-789 **"कोटेशन आमंत्रण सूचना"** कटनी,दिनांक03/07/25

एतद् द्वारा इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति / ठेकेदार / संस्थायें को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति कटनी के चिन्हित स्थानों पर पूर्व से स्थापित 12 नग सी.सी.टी. व्ही. कैमरों के वार्षिक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य ( ए. एम.सी.) हेतु 01 वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित है। निर्धारित निविदा प्रपत्र दिनांक 21/07/2025 तक सायं 5:00 बजे तक कृषि उपज मण्डी समिति कटनी से राशि 500 /- रुपए जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। सीलबंद निविदायें दिनांक 25/07/2025 को कार्यालयीन समय शाम 5:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट से प्रस्तुत कर सकते हैं । प्राप्त सीलबंद निविदायें दिनांक 28/07/ 2025 को दोपहर 12.00 बजे कृषि उपज मण्डी समिति कटनी के कार्यालय में खोली जावेगी । निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्रानुसार रहेगी। निविदा में भाग लेने हेतु राशि 10,000/- रुपए निविदा धरोहर के रूप में डी.डी., जो सचिव कृषि उपज मण्डी समिति कटनी के नाम से देय हो, निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा ।

(प्रदीप मिश्रा)
भारसाधक अधिकारी / एस.डी.एम.
कृषि उपज मंडी समिति कटनी

(के.के. नरगावे) सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
कटनी



**खंड- I**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2093/ ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक 01/07/2025

वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | रेत फाइन (मिट्टी / धूल / बजरी / पत्थर मिलावट रहित ) | 38000/- | 1000/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक) 02/07/2025 को सुबह 10:30 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक ऑनलाईन खरीद सकते है । 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी । 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 15/07/2025 समय 03:00 बजे को कार्यालय दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। वीडियों कॉन्फ्रेंस लिंक प्राप्त करने हेतु ई-मेल dfotsseoni@mp.gov.in पर दिनांक 13/07/2025 तक अपना संपर्क सूत्र प्रेषित करे । वीडियों कॉन्फ्रेंस की लिंक दिनांक 14/07/2025 को आपके द्वारा प्रदाय संपर्क सूत्र पर सूचित किया जावेगी । निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं । 5. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं । 6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www-mptenders-gov-in/

वनमण्डलाधिकारी
दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल
G-15111/25



**OFFICE OF THE SECTERATY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI SIHORA DIST. JABALPUR**

N.I.T. No/Mandi/ Nirman/ 2025-26 / 663 Sihora dated-02/07/25

**Notice Inviting Tender**

Online Percentage Rate E - Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for External Electrification work in Mandi Yard Sihora dist. **Jabalpur Tender Number: 2025_MPSAM_434622_1 (PAC Rs. 51.24 lac),** and Repair and Colour Washing of all Structures in Mandi Yard Sihora with Repair and colour washing of existing Covered shed and increase in height of 02 nos covered shed (16x30) with replacement of existing sheet with profile sheet in 05 nos covered shed (16x30) including sitting bench and Construction of MP online kiosk room in Mandi Yard Sihora Dist **Jabalpur Tender Number: 2025_MPSAM_434631_1 (PAC 245.19 lakhs).** The following works Tender to be received **online up to 3:30 PM on 24.07.2025.** Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in.

Note:- Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

Secretary
Krishi Upaj mandi Samitti Sihora Distt. Jabalpur



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला ( म.प्र.)**
दूरभाष-07642-252443, ई-मेल- eephedmal@mp.nic.in, फेक्स- 07642-253622

निविदा क्रमांक 48 से 51/2025-26/नि.शाखा/लो.स्वा.यॉ./2025 **निविदा आमंत्रण सूचना** मण्डला, दिनॉक 27.06.2025

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है । निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

**Name Of Work :-** Balance Work Of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Various Villages of Block Ghughri, Bijadandi & Narayanganj of Distt Mandla M.P. based on Tube Well including installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line system, Construction of RCC OHT, installation of Transformer, Errection of Pump house, household tap connections, including cost of all material & labour with 45 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning. (1st Call)

| NIT No. | Tender ID No. | Name of Villeges | Name of Block | PAC | EMD | Tender Doc. Fee | End Date of Sub mission | Bid Opening Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 48/ 24-25 | 2025_PHED _433783_1 | Lodha, Chitapakhana, Paraswah, Kathaidih, Kuntidadargaon and Tabalpani | Ghughri | 406.06 | 406060 | 15000 | 09/07/2025 | 11/07/2028 | 09 I/R Seas on |
| 49/ 24-25 | 2025_PHED _433784_1 | Khajri, Junwani, Banehri and Dhangaon | Ghughri | 316.15 | 316150 | 15000 | 09/07/2025 | 11/07/2028 | |
| 50/ 24-25 | 2025_PHED _433785_1 | Budra, Pondimal, Kha-pamal, Chhingaon, Magardha, Barga and Bilnagrimal | Bijadandi | 329.52 | 329520 | 15000 | 09/07/2025 | 11/07/2028 | |
| 51/ 24-25 | 2025_PHED _433787_1 | Gujarsani, Sukhram, Sighnpuri, Salaiya, Kobrikala, Baronchi, Madogarh, Dargadh, Dobhi, Harratikur, Barbaspur, Beejegaon (Gujar-sani) and Bamhni | Naraya-nganj | 475.08 | 475080 | 15000 | 09/07/2025 | 11/07/2028 | |

नोट:- निविदा प्रत्र उपरोक्त वेबसाईट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
खण्ड, मण्डला

G-15113/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"



**पश्चिम मध्य रेल**
यांत्रिक शाखा खुली निविदा
निविदा सूचना क्र JBP-M-Tender-10-2025
Date ; 30/06/2025

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट), मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक दिनांक:** JBP-M-Tender-10-2025, Dated 30/06/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सतना डिपो में वेगनों का आरओएच **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपये:** 11912116.80, **बयाना राशी रुपये:** 209600.00, **समापन की अवधि:** 13 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय:** 28.07.2025 15:00 Hrs, उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेवसाईट **http: // www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

(हस्ता)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम मध्य रेल**
चिकित्सा निदेशक कार्यालय, केंद्रीय अस्पताल, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
**"रुचि की अभिव्यक्ति"**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, चिकित्सा निदेशक, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर, केंद्रीय अस्पताल के मरीजों के लिए दैनिक आधार पर अधिकतम छूट/न्यूनतम दरों के आधार पर दवा, शल्य चिकित्सा और उपभोग्यों की आपूर्ति के लिए लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से पैनल में शामिल होने के लिए "रुची की अभिव्यक्ति" आमंत्रित करते है। **ग्रुप क्रमांक** 1. ,**वस्तुओं का विवरण:** पैथोलॉजिकल जांच में उपयोग किए जाने वाले सभी प्रकार के उत्पाद जिनमें सेमी ऑटोमेटिक/फुल ऑटोमेटिक एनालाइजर के लिए किट शामिल है जैसे (डायसिस डायग्नोस्टिक्स/सिस्मेक्स इंडिया, मैग्लुमी एक्स 3, लिफोट्रोनिक जीएच–900 प्लस और सेंसा कोर सेल काउंटर,Mindray 5130,Roche9180, (इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर) और अन्य लैब आइटम। **पिछले तीन (03) वर्षो में खरीद की लागत रु में:** रु 20,63,000.00/– (रु बीस लाख तिरसठ हजार), **प्रस्तावित दर अनुबंध के तहत दो 02) वर्षो में खरीदी जाने वाली संभावित वस्तुओं की लागत रु में:** रु 15,12,000/– (रु पन्द्रह लाख बारह हजार),**निविदा क्र.** LPTCH 271855 PATHC, **ग्रुप क्रमांक** 2. ,**वस्तुओं का विवरण** : रेडियोलॉजिकल जांच में उपयोग किए जाने वाले सभी उत्पाद (केयरस्ट्रीम के लिए ड्राई व्यू फिल्मों सहित सभी प्रकार की एक्स–रे फिल्में),कंट्रास्ट मीडिया और थर्मल पेपर्स आदि), **पिछले तीन (03) वर्षो में खरीद की लागत रु में:** रु 1,69,000.00/– (रु एक लाख उन्हत्तर हजार), **प्रस्तावित दर अनुबंध के तहत दो 02) वर्षो में खरीदी जाने वाली संभावित वस्तुओं की लागत रु में:** रु 1,24,000/– (रु एक लाख चौबीस हजार),**निविदा क्र.** LPTCH 271857 RC, **सामान्य नियम शर्ते:** 1. आपूर्तिकर्ता, फर्म, अधिकृत वितरक मध्य प्रदेश, राज्य शासन के नियमों के अनुसार उपरोक्त वस्तुओं की आपूर्ति के लिए पात्र होंगे। 2. प्रस्तावित दरें न्यूनतम 730 दिवस तक वैध रहेंगी, 3. पात्रता मानदंड सहित निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण पश्चिम मध्य रेलवे की वेबसाइट https://wcr.Indianrailways.gov.in और उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध हे। 4. भागीदारी की अंतिम तिथि 15.07.2025 को 15:00 बजे तक हैं।

(हस्ता)
चिकित्सा निदेशक, केंद्रीय अस्पताल, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD**
**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**
एरिया ऑफिस :–18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

**मांग सूचना**

(वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और सिक्योरिटी इन्ट्रेस्टे एक्ट 2002 की प्रवर्तन की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग नोटिस) (1) क्रमांक (2) गृह ऋण खाता क्रमांक (3) ऋणी का नाम व पता (4) सम्पत्ति का पता (5) स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक (6) बकाया राशि क्र .

| क्र | गृह ऋण खाता क्रमांक | ऋणी का नाम व पता | सम्पत्ति का पता | स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक | बकाया राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 120500011868 120500011880 | सुश्री रेशमा खान श्री. मोहम्मद साहिल खान जोड़ेंरू मकान नंबर 17, एम–17, शारदा विहार, शंकर नगर, करमेता, जबलपुर, म.प्र. | निजी प्लॉट नंबर 02, खसरा नंबर 130 से बाहर, नया वार्ड नंबर 74, मौजा अनखेरा, एन. बी. 04, फोन नंबर 24/26 न्यू 80, आरएनएम महाराजपुर, तहसील पनागर, जबलपुर, म.प्र. 482004 क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट | 11/05/2018 12,00,000/- 21/06/2025 11/05/2018 6,00,000/- 21/06/2025 | 17,86,168.07/- 4,86,006.82/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500012824 120500012823 | श्री। मोहम्मद अहमर सुश्री. प्राजक्ता अहमर पतारू मकान नंबर 292, सदर मंजिल, दर्राक्षा अपार्टमेंट, भोपाल काली मस्जिद, भोपाल, म.प्र. ,462001 | प्लॉट नंबर 39, मैत्री नगर, परिवर्तित खसरा नंबर 297/49 का हिस्सा, मौजा महाराजपुर, एनबी 664, पीएच नंबर 17/20, नया 60, आरएनएम महाराजपुर, वार्ड नंबर 75, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, म.प्र. 483220 क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट | 28/12/2018 13,00,000/- 13/06/2025 28/12/2018 6,00,000/- 13/06/2025 | 12,08,624.97/- 3,28,153.06/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 3. | 120500013830 120500013832 | श्री। भगवानदास गौंड सुश्री. बेनी बाई गौड़ पतारू मकान नंबर 117/147, शिवाजी वार्ड, वैशाली नगर, सागर, म.प्र., 470001 | प्लॉट नंबर 35 और 36 का हिस्सा, ब्लॉक नंबर ई–3, मैत्री नगर, खसरा नंबर 238/3, 238/4, मौजा महाराजपुर, पीएच नंबर 17/20, नया 60, आरएनएम महाराजपुर, वार्ड नंबर 75, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, एम.पी., 482004 क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट | 03/05/2019 6,00,000/- 13/06/2025 03/05/2019 13,00,000/- 13/06/2025 | 3,00,853.22/- 8,84,684.08/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 4. | 120500019982 | श्री। रिंकू प्रसाद बाल्मीक श्री. नितिन कुमार प्रसाद सुश्री. रीना सुश्री. अंजू बाल्मीकि पतारू मकान नंबर 633, इंद्र नगर, आवास योजना, बिलपुरा, झंडा चौक, सुभाष नगर, म.प्र. 482002 | खसरा नंबर 672/1 का हिस्सा, मौजा बिलपुरा, पीएच नंबर 53, आरएनएम महाराजपुर, वार्ड नंबर 78, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, मप्र, 482005 क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट | 28/12/2022 18,00,000/- 13/06/2025 | 17,51,533.11/- + ब्याज व अन्य खर्चे |

आपके अनुरोध पर हमने आपको गृह ऋण वित्त राशि के रूप में इकरार नामे की शर्तों के अनुसार स्वीकृत की थी । जिनको आपने स्वीकार किया था । (1) स्वीकृत ऋण राशि स्वीकृति दिनांक एवं आपके खाता संख्या का ब्यौरा ऊपर दिया गया है । (2) आपको विदित है कि आपको प्रदत्त ऋण राशि उपरोक्त (कालम नं . 5) आस्ति । प्रतिभूति अनुबंध (रक्षित आस्ति) से रक्षित है । इसके लिए आपने आवश्यक दस्तावेज निष्पादन करके प्रतिभुति के रूप में सम्यबंधक किया है । (3) हम आपको यह भी सूचित करते है कि संपूर्ण ऋण अंदा करने हेतु बार – बार मांग नोटिस भेजे गए और मौखिक रूप से अनुरोध किए जाने के पश्चात भी अभी तक आपने ऋण अदा नहीं किया है । इस तरह आपने ऋण की अदायगी में गंभीर अनियमितता बरती है । (4) आज दिनांक तक आपको उपरोक्त राशि देय है (कालम नं . 6) 1 (5) ऊपर लिखे कारणों से हम एतद द्वारा आपको सूचित करते हैं कि इस नोटिस की प्राप्ति के 60 दिन के अंदर आप समस्त देय राशियों की भुगतान करें , न करने की स्थिति में हम सिक्योरिटाईजेशन एक्ट की धारा 13 (4) की शक्तियों का उपयोग करेंगे। (6) उपरोक्त शक्तियों के अधीन कार्यवाही करने पर प्राप्त धनराशि प्रथमतः समस्त व्यय प्रभार व खर्चे हेतु उपयोग की जावेगी । जो हमारी राय में उचित प्रकार से किए गए है या संबंधित हो एवं इसके पश्चात हमारे शेष जैसा कि उपरोक्त अदित है में दिनांक **30.06.2025** से वसूली की तारीख की संविदा गत हित के निस्तारण में प्रयोग की जावेगी एवं शेष धनराशि (यदि कोई हो तो) आपको भुगतान दिया जायेगा । (7) एक्ट की धारा 13 (13) के अन्तर्गत आगाह करे कि इस नोटिस की प्राप्त के पश्चात आप इस नोटिस के दर्शायी गई किसी भी रक्षित आस्ति का अन्तरण , बिक्री पट्टे के द्वारा रक्षित ऋण दाता की लिखित पूर्ण सहमति के बिना नहीं कर सकेंगे । (8) एक्ट की धारा 13 (10) के अन्तर्गत हम आपको यह भी सूचित करते है कि यदि रक्षित आस्तियों बिक्री से प्राप्त हमारे ऋण की भरपाई नहीं होती है तो हम आपके विरुद्ध ऋण वसूली अधिकरण (DRT) में जाकर शेष धन राशि की वसूली के लिए कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। यह मांग नोटिस दो समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा रहा है।

दिनांक : **30.06.2025**
स्थान : इंदौर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.




नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता की फ़ाइलें पेश नहीं करने पर हाईकोर्ट सख़्त

# आईएनसी के सचिव और चेयरमैन को हाईकोर्ट का अवमानना नोटिस

## एमपी नर्सिंग काउंसिल को सत्र 2025-26 के मान्यता आवेदनों सहित फ़ैकल्टी का डेटा याचिकाकर्ता को देने के निर्देश

**जबलपुर।** बहुचर्चित नर्सिंग घोटाले में गुरुवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस डी. के. पालीवाल की खण्डपीठ ने नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता की फ़ाइलें नहीं पेश करने पर इंडियन नर्सिंग काउंसिल के सेक्रेटरी और चेयरमैन को अवमानना का नोटिस जारी किया। एम पी नर्सिंग काउंसिल और सीबीआई को कहा गया कि 2025-26 की मान्यता प्रक्रिया में जिन कॉलेजों ने आवेदन प्रस्तुत किया है, उनका डेटा याचिकाकर्ता को प्रदान किया जाए। कोर्ट ने भीस्पष्ट किया है कि कोई भी नर्सिंग से संबंधित प्रकरण जो आगामी सुनवाई हेतु पेश होगा यदि उसकी एक प्रति पीआईएल याचिकाकर्ता सहित आईएनसी और एमपी नर्सिंग काउंसिल को नहीं प्रदान की गई,तो आदेश की अवहेलना मानते हुए याचिका ख़ारिज कर दी जाएगी। मामले की



अगली सुनवाई 16 जुलाई को होगी।

लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विशाल बघेल की जनहित याचिका को कोर्ट ने सभी नर्सिंग मामलों का लीड केस मानते हुए सुनवाई की।याचिकाकर्ता की ओर से मामले की सिलसिलेवार तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत की गई। कोर्ट को बताया गया कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल के द्वारा हाइकोर्ट के अनेकों बार आदेश किए जाने के बावजूद नर्सिंग कॉलेज की मान्यता देने से जुड़ी फाइलें पेश नहीं की जा रही है। आदेशों की अवमानना की जा रही है। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने आईएनसी की सेक्रेटरी को पेश होने के भी निर्देश दिए थे, किंतु उनके द्वारा उस आदेश का पालन भी नहीं किया गया। याचिकाकर्ता द्वारा हाइकोर्ट से आग्रह किया गया कि मध्यप्रदेश नर्सिंग काउंसिल के द्वारा वर्तमान में की जा रही सत्र 2025-26 की मान्यता प्रक्रिया में जिन कॉलेजों ने आवेदन प्रस्तुत किया है, उनका डेटा दिलवाया जाए। जिससे कि उनमें हो रही गड़बड़ियों को हाईकोर्ट के सामने रखा जा सके। इसके साथ ही यह भी माँग की गई कि सीबीआई को भी निर्देशित किया जाये कि उनके द्वारा की गई संपूर्ण जाँच के दस्तावेज सॉफ्ट प्रति में प्रदान कराये जायें।

## राजनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था करो

### हाईकोर्ट का निर्देश

मप्र हाईकोर्ट ने अनूपपुर जिले के राजनगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सरकार को जवाब पेश करने के भी निर्देश दिए।अनूपपुर निवासी विकास प्रताप सिंह की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ गोंटिया ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि उक्त केंद्र में चिकित्सा सुविधा, स्टाफ भी अपर्याप्त हैं। केन्द्र में केवल एक ही डॉक्टर पदस्थ हैं और वो भी हफ्ते में दो दिन आते हैं। केंद्र तक पहुंचने वाली सड़क भी ऐसी हालत में है कि लोगों के लिए उस पर चलना भी मुश्किल है। शासन ने सड़क की स्थिति व अन्य सुविधाओं के संबंध में जवाब पेश करने मोहलत मांगी। मामले पर अगली सुनवाई 10 जुलाई को निर्धारित की गई है।



# बादलों के बीच रिमझिम बारिश

जबलपुर।

बंगाल की खाड़ी से आए बादल रुक रुक कर बरस रहे है। गुरुवार को बादल छाए रहे। दोपहर में रिमझिम बारिश हुई उसके बाद वातावरण ठंडक घुली। अगले 24 घंटों के दौरान गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। वही जिले के कुछ स्थानों पर तेज हवाएं भी चल सकती है। हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से बारिश का सिलसिला शुरु हुआ। रुक-रुक कर बारिश हुई। तापमान की बढ़त जरुर रुकी लेकिन गर्मी और उमस ने पीछा नहीं छोड़ रही।

**बंगाल की खाड़ी से आये बादल अभी बरसेंगे**

### मानसून सक्रिय

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी से बना मानसून का नया सिस्टम छत्तीसगढ और मध्यप्रदेश में सक्रिय है। जिसके प्रभाव से यहां जोरदार बारिश होगी। पिछले 24 घंटों से मानसून सक्रिय है और अगले 24 घंटों तक मानसून अपनी सक्रियता बनाये रखेगा। जिले में शानदार वर्षा होगी।

### पारा औसत से नीचे उतरा

मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 30.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 23.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 87 प्रतिशत और सायंकाल 90 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.30 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 7.00 मिनिट पर हुआ।

पिछले 24 घंटों के दौरान 3.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 236.4 मिमी (9 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन तक कुल वर्षा 203.4 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.07 डिग्री दर्ज किया गया। दक्षिणी-पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना है।

# 6 मासूम मूक प्राणियों का हत्यारा गिरफ्तार

**हरिभूमि, जबलपुर।** एक मूक और बेजुबान जानवर पर हुई क्रूरता ने शहर के हर संवेदनशील दिल को झकझोर दिया है। अधारताल थाना क्षेत्र में रहने वाले एक निर्दयी युवक ने नन्हे मासूम पिल्लों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। इस हृदय विदारक घटना पर पुलिस ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है जहां से उसे जेल भेज दिया। टीआई अधारताल प्रवीण कुमरे ने बताया कि आदर्श नगर ग्वारीघाट निवासी 54 वर्षीय अजीत सिंह आनंद उर्फ मंगे सरदार ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि दिनांक 30 जून की रात करीब 8 बजे आरोपी 35 वर्षीय राजेश दाहिया निवासी हाउसिंग बोर्ड महाराजपुर ने एबी किड्स स्कूल के पास एक मादा श्वान के छह मासूम बच्चों को डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे 5 की मौके पर ही मौत हो गई। बचा हुआ एक बच्चे ने भी अगले दिन यानी 1 जुलाई की रात को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जब स्थानीय पशु प्रेमियों आनंद सेन, विकास साहनी, शुभम गुप्ता और विष्णु गुप्ता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौज की। इतना ही नहीं, मृत बच्चों के शवों को आरोपी ने कहीं फेंक दिया, जिन्हें बाद में नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा हटाया गया। पुलिस ने तत्काल धारा 296, 325 भादंवि के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी राजेश दाहिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

**मूक प्राणियों पर कहर बनकर टूटा निर्दयी युवक, पुलिस ने संवेदनशीलता और सख्ती के साथ की त्वरित कार्रवाई**

## तस्कर से 544 ग्राम गांजा जब्त

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने गत रात पेट्रोलिंग दौरान व्हीकल स्टेट रांझी गांधी मैदान के सामने मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 544 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 10 हजार 900 रुपए बताई गई है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात पेट्रोलिंग के दौरान व्हीकल स्टेट रांझी में गांधी मैदान के सामने गांजे की तस्करी कर रहे लाला आटा चक्की के पास मरघटाई रोड संजयनगर खटीक मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय अभिषेक सोनकर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 544 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी अभिषेक सोनकर के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## बिजली उपभोक्ताओं पर दोहरी मार

# इस तिमाही फ्यूल सरचार्ज में दोगुनी वृद्धि

जबलपुर।

जनवरी से मार्च के तिमाही में फ्यूल सरचार्ज का औसत 1.01 प्रतिशत था। लेकिन अप्रैल से जून के तिमाही में औसत 2.73 प्रतिशत था। स्पष्ट है कि पूर्व के तिमाही के तुलना में इस तिमाही में फ्यूल सरचार्ज में 1.72 प्रतिशत से वृद्धि हुई। यह दूगनी वृद्धि है।

| माह | फ्यूल सरचार्ज | | तिमाही औसत |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 20225 | | 2.06 प्र.श. |
| फरवरी | 2025 | 0.23 प्र.श. | 1.01 प्र.श. |
| मार्च | 2025 | | 0.75 प्र.श. |
| अप्रैल | 2025 | | 3.92 प्र.श. |
| मई | 2025 | 2.51 प्र.श. | 2.73 प्र.श. |
| जून | 2025 | | 2.36 प्र.श. |



बिजली उपभोक्ता की मुश्किल तो यह है कि फ्यूल सरचार्ज में बढ़ोत्तरी के साथ ही 1 अप्रैल से प्रदेश में बिजली के रेट भी 3.46 प्रतिशत से बढ़ाए गए हैं। इस कारण 200 से 400 यूनिट बिजली खपत करने वाले सर्व साधारण उपभोक्ताओं को न केवल बिजली के रेट बढ़ने से 50 से 100 रुपए अतिरिक्त देना पड़ेगा, बल्कि इसी के साथ फ्यूल सरचार्ज की लगभग 30 रुपए तक की अतिरिक्त राशि भी देना पड़ रही है। यह दोहरी मार है।

### जनसंगठनों का तीव्र विरोध

जनसंगठनों के डॉ पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, संतोष श्रीवास्तव, डीआर लखेरा, पीएस राजपूत, एड जीएस सोनकर, राममिलन शर्मा ने घोषणा की है कि इस आर्थिक बोझ के खिलाफ जनआंदोलन की रुपरेखा शीघ्र ही तय कर विरोध दर्शाया जाएगा।

# सूने मकान में सेंध लगाकर जेवर व नगदी ले गए चोर

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत कृष्णा कालोनी भोंगाद्वार में मां के जन्मदिन की पार्टी करने परिवार सहित रेस्टारेंट गए एक युवक के सूने घर का कुंदा और खिड़की का कांच तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी 25 हजार रुपए चोरी कर ले गए। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी भोंगाद्वार निवासी 38 वर्षीय ओमकार बाल्मीक गत रात लगभग 10 बजे अपनी मां श्रीमति सविता बाल्मीक के जन्मदिन की पार्टी करने परिवार सहित दालचीनी रेस्टारेंट चौथा पुल के पास गये थे, जहां से लगभग 12 बजे घर वापस आये और घर के मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गए तो देखा घर के दरवाजा का कुंदा टूटा था साईड में लगी खिड़की के कांच टूटे थे अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखे बच्चों के हाथ के चांदी के 10-12 जोड़ी कड़े, सोने की मोतीवाला कड़ा, 2 लाकेट, चांदी के हाय चंद्रमा तथा मां के पर्स एवं बच्चों के गुल्लक में रखे लगभग 25 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# 35 चायना चाकू के साथ आठ बदमाश गिरफ्तार

## माढ़ोताल, गोहलपुर, बेलबाग, अधारताल के साथ क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में अपराध नियंत्रण एवं अवैध हथियारों की तस्करी पर सख्ती के तहत पुलिस द्वारा मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। माढ़ोताल, गोहलपुर, बेलबाग, अधारताल थाना पुलिस एवं क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 35 बटनदार चायना चाकू एवं एक मोपेड जब्त की है। कार्रवाई की जानकारी देते हुए एएसपी शहर आनंद कलादगी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मुखबिरों से प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित दबिश देते हुए एक ही दिन में यह सफलता प्राप्त की गई।

### पुष्कर से बुलाकर बेचते थे

एएसपी कलादगी ने बताया कि माढ़ोताल थाना क्षेत्र से हर्ष उर्फ डेविड पटेल और शेख हसन को 25 चाकू के साथ पकड़ा गया, जो चाकू पुष्कर (राजस्थान) से मंगवाकर स्थानीय स्तर पर बेच रहे थे। उन्हीं से मिले सुराग के आधार पर बेलबाग थाना क्षेत्र में आकाश डुमार व सौरभ गौर को 6 चाकुओं एवं एक मोपेड के साथ गिरफ्तार किया गया।





### वारदात की फिराक में थे बदमाश

इसी तरह गोहलपुर थाना पुलिस ने सूरज उर्फ सूजल, नितिन चौधरी और निखिल सेन को चाकू सहित गिरफ्तार किया, जो संदिग्ध रूप से वारदात की फिराक में घूम रहे थे। अधारताल क्षेत्र से पकड़ा गया आरोपी गौरव उर्फ आर्यन नेमा पहले से 11 गंभीर अपराधों में लिप्त है और उस पर हत्या के प्रयास, वसूली, आर्म्स एक्ट जैसे केस दर्ज हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में माढ़ोताल टीआई नीलेश दोहरे, टीआई बेलबाग राजकुमार खटीक, क्राइम ब्रांच टीआई शैलेष मिश्रा, टीआई गोहलपुर रितेश पांडेय, टीआई अधारताल प्रवीण कुमरे और उनकी पूरी टीम की भूमिका सराहनीय रही।

### जारी रहेगी सघन कार्रवाई-

एएसपी कलादगी ने बताया कि चायना बटनदार चाकू सोशल मीडिया के जरिए युवाओं में क्रेज के रूप में बढ़ रहे हैं, जो कानूनन अवैध हैं और कई बार इनका उपयोग गंभीर अपराधों में किया जाता है। इसलिए पुलिस लगातार ऐसे तत्वों पर निगरानी रख रही है और आगामी दिनों में भी इसी तरह की सघन कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं इस प्रकार के हथियारों की खरीद-फरोख्त या उपयोग की जानकारी मिले तो तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर मुस्तैद है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240